सुप्रभात
रांची, गुरुवार
27.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 17

12 कियारा अडवाणी ने सासू मां के साथ किया रैंप वॉक



# मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव

## स्पीकर ओम बिरला बोले- शीघ्र चर्चा की तिथि तय करेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई की ओर से प्रस्तुत केंद्रीय मंत्रिपरिषद में अविश्वास संबंधी प्रस्ताव को अध्यक्ष ओम बिरला ने अनुमति प्रदान कर दी। शून्यकाल के दौरान जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद श्री बिरला ने सदस्यों को सूचित किया कि उन्हें श्री गोगोई की ओर से मंत्रिपरिषद में अविश्वास का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। वह इस प्रस्ताव को अनुमति प्रदान करते हैं। सदन के नेताओं से विचार-विमर्श करके वह अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए समय आदि निर्धारित करेंगे। वर्तमान लोकसभा में मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष की ओर से पहली बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। उन्होंने कहा है कि वे सभी दलों से बातचीत करेंगे, इसके बाद घोषणा करें कि अविश्वास प्रस्ताव पर कब चर्चा होगी। कांग्रेस ने तेलंगाना की बीआरएस के साथ मिलकर मोदी सरकार खिलाफ दो अलग-अलग अविश्वास प्रस्ताव पेश किये हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### संख्या बल के अनुसार सरकार को खतरा नहीं



**लोकसभा** में बहुमत का आंकड़ा 272 है। सत्ताधारी एनडीए के पास 331 सांसद हैं। अकेले भाजपा के ही 303 सांसद हैं। दूसरी ओर विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के पास 144 सांसद हैं। केसीआर की पार्टी बीआरएस, वाईएस जगन रेड्डी की पार्टी वाइएसआरसीपी और नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी पास मिलाकर 70 सांसद हैं। ये दल अभी विपक्षी में तो हैं, लेकिन विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा नहीं हैं।

### कांग्रेस आज से ही चर्चा के पक्ष में

कांग्रेस ने कहा कि मणिपुर के हालात ने विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव लाने पर मजबूर कर दिया। लोकसभा में उसके सांसद गौरव गोगोई द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव विपक्षी गठबंधन इंडिया का सामूहिक प्रस्ताव है। इस पर प्राथमिकता के आधार पर बृहस्पतिवार को ही सदन में चर्चा आरंभ होनी चाहिए। मणिपुर मामले को लेकर विपक्ष हमलावर है। उसकी मांग है कि पीएम मोदी सदन में मणिपुर मामले में जवाब दें।

# सर्वदलीय बैठक में नहीं आयी भाजपा, मानसून सत्र कल से

## अब हिंदी में ही राजभवन भेजे जायेंगे विधेयक : स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** 28 से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में बुधवार को सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सरयू राय, कमलेश सिंह, अमित यादव और लंबोदर महतो ने भाग लिया। इस बैठक में भाजपा का कोई भी प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ। भाजपा ने गुरुवार को पार्टी विधायकों की बैठक बुलायी है। सत्र 28 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगा।

**सभी का सहयोग मिलेगा : स्पीकर-** सर्वदलीय बैठक के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने उम्मीद जतायी कि मॉनसून सत्र बेहतर रहेगा। इसमें व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना नहीं है। सदन सुचारू रूप से चलाने में पक्ष-विपक्ष दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्हें आशा है, सत्र चलाने में उन्हें सभी सदस्यों से अपेक्षित सहयोग जरूर मिलेगा। भाजपा के सर्वदलीय बैठक से दूरी बनाने के सवाल में कहा कि यह उनके अधिकार क्षेत्र का मामला नहीं है।

स्पीकर ने कहा कि अब राजभवन को हिंदी भाषा में ही विधेयक की कॉपी भेजी जायेगी। दरअसल, राजभवन विधेयक में त्रुटि के कारण उन्हें वापस कर रहा है। स्पीकर ने कहा कि पिछले दिनों 3 दिन के कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आइएएस और झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। इसका फायदा भी इस सत्र में मिलेगा। विधायिका और कार्यपालिका दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

**अफसरों को कई निर्देश :** स्पीकर ने मॉनसून सत्र को लेकर राज्य के आला अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की। उन्होंने डीजीपी अजय कुमार सिंह को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा मुख्य सचिव को भी स्पीकर ने कई निर्देश दिये। इसके बाद स्पीकर ने प्रेस दीर्घा समिति के सदस्यों के साथ भी बैठक की। इस दौरान सत्र को लेकर मीडिया कवरेज को लेकर चर्चा की गयी।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी मंजूरी

**रांची।** सीएम सोरेन ने कुल 413 आंदोलनकारी को चिन्हित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। चिह्नित सभी आंदोलनकारियों को अनुमान्यता के आधार पर झारखंड आंदोलनकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर आंदोलनकारियों को चिह्नित करने की प्रक्रिया गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी है। आने वाले दिनों में अन्य पात्र आंदोलकारियों को चिह्नित किया जायेगा। चिह्नित आंदोलनकारियों में बोकारो के 20, देवघर के 132, धनबाद के 12, गिरिडीह के 43, गोड्डा के 19, गुमला के 33, हजारीबाग के 23, कोडरमा के 13, लातेहार के 02, लोहरदगा के 29, रामगढ़ के 08, रांची के 47, साहेबगंज के 10 और सरायकेला के 22 आंदोलनकारी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने झारखंड- वनांचल एवं जेपी आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग से प्राप्त 13वीं संपुष्ट सूची को भी पूर्व में स्वीकृति दी है। सीएम का स्पष्ट निर्देश है आंदोलन के अंतिम पंक्ति में शामिल रहे पात्र आंदोलनकारी को लाभ दिया जाये।

## न्यूज डायरी

### सीपीआइ नेता की गोली मारकर हत्या

**रांची।** राजधानी में अपराधियों ने बुधवार की शाम सीपीआइ नेता सह बालू कारोबारी सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के वक्त वह अपने दलादिली स्थित मकान में काम निबटा रहा था। दो अपराधी वहां पहुंचा और सुभाष मुंडा को कई गोली मार दी। डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस अपराधियों की धरपकड़ में जुट गयी है। उनके समर्थक गिरफ्तारी की मांग को ले हंगामा कर रहे हैं।

### वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पारित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष में भारी हंगामे के बीच बुधवार को वन संरक्षण संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

### वर्ल्ड कप में 14 अक्टूबर को भिड़ेंगे भारत-पाक!

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 15 अक्टूबर को नियोजित एकदिवसीय विश्व कप मुकाबला एक दिन पहले 14 अक्टूबर को कराया जा सकता है।

### गुमला : पत्नी ने लाठी से पीट कर पति को मार डाला

**गुमला।** आपसी विवाद में खफा एक महिला ने अपने पति की लाठी से पीटपीट कर हत्या कर दी। मामला बिशनपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। लापू बीरीटोली गांव की सस्ती उराईन ने सो रहे अपने पति बंदेश्वर उरांव को लाठी-डंडे से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### कटिहार : पुलिस फायरिंग में तीन लोगों की मौत

**कटिहार।** जिले में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि पुलिस फायरिंग में एक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है।

### सीएम ने कारगिल के वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने अदम्य साहस, शौर्य और वीरता के प्रतीक कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के अमर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दे कर उन्हें शत-शत नमन किया। उन्होंने कहा, कारगिल युद्ध के नायकों-पराक्रमियों को शत-शत नमन है, जिन्होंने देश की खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीन नवप्रोन्नत आइपीएस को मिली जिले की कमान

# नौशाद आलम बने साहिबगंज के नये एसपी, 7 आइपीएस बदले

- डुंगडुंग देवघर और रिश्मा रमेशन पलामू की एसपी

खबर मन्त्र ब्यूरो



मो नौशाद, अजीत पीटर डुंगडुंग, रिश्मा रमेशन और पीतांबर सिंह खेरवार।

**रांची।** डीएसपी से आइपीएस में प्रोन्नत तीन अफसरों को झारखंड सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए जिले की कमान सौंप दी है। वहीं राज्य के सात आइपीएस अधिकारियों का भी तबादला किया है। 19 जुलाई को वरीय पुलिस उपाधीक्षक से आइपीएस बने दीपक कुमार शर्मा को गिरिडीह का एसपी बनाया गया है। वहीं डॉ विमल कुमार को सरायकेला-खरसांवा का एसपी बनाया गया है। इन दोनों के अलावा पीतांबर सिंह खेरवार को निरसा के एसडीपीओ पद से ट्रांसफर कर दुमका का एसपी बनाया गया है। इन तीन नवनियुक्त आइपीएस के आलावा रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम को साहिबगंज के एसपी की जिम्मेदारी दी गयी है। जैप-3 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित प्रियदर्शी आलोक को बोकारो जिला का एसपी बनाया गया है। जगुआर में तैनात अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर वहीं धनबाद की ग्रामीण एसपी रिश्मा रमेशन को पलामू की जिम्मेदारी दी गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

### अभिनेत्री अमीषा पटेल को ₹500 का हर्जाना

**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े मामले में ट्रायल फेस कर रही अभिनेत्री अमीषा पटेल पर अदालत ने 500 रुपये का हर्जाना लगाया है। बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में मामले में शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह ने गवाही करायी। आरोपी के वकील के समय मांगने पर शिकायतकर्ता के वकील ने इसका विरोध किया और अमीषा पटेल का जमानत रद्द करने का अनुरोध किया।

## नहीं पहुंचे विष्णु अग्रवाल, इडी ने दिया है 31 का अल्टीमेटम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के बड़े कारोबारियों में शुमार और न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल इडी के साथ चिट्ठी-पत्री वाला खेल खेल रहे हैं। विष्णु अग्रवाल को 26 जुलाई को हाजिर होना था, पर वे हाजिर नहीं हुए। इडी सूत्रों के मुताबिक विष्णु अग्रवाल के द्वारा एजेंसी को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें उन्होंने उपस्थित होने के लिए और 10 दिनों के समय की मांग की है। इडी ने फिर से समन जारी करते हुए उन्हें 31 जुलाई को आने का अल्टीमेटम दिया है। इडी ने पहली बार 4 नवंबर 2022 को जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी की थी। बाद में तीन बार विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के लिए समन किया था।

### अफसर खान से हुए कई खुलासे

गौरतलब है कि रांची में फर्जी दस्तावेज बनाने वाले अफसर खान की गिरफ्तारी के बाद कई खुलासे हुए थे। विष्णु अग्रवाल ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर ही चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद की थी। इस जमीन की डील में प्रेम प्रकाश की भूमिका जांच में सामने आयी है। वहीं पुगड़ू में 9.30 एकड़ खास महल जमीन की खरीद में भी फर्जीवाड़ा सामने आया है।

### पीएम आज झारखंड को देंगे किसान समृद्धि केंद्र की सौगात

**रांची।** पीएम मोदी गुरुवार को झारखंड को 1607 किसान समृद्धि केंद्र की सौगात देंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा है कि सीकर (राजस्थान) से पीएम मोदी किसानों को 1.25 लाख किसान समृद्धि केंद्र समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी केंद्रों पर किसान शामिल होंगे। पीएम झारखंड समेत देश भर के किसानों को समृद्धि केंद्र के रूप में सौगात देने वाले हैं। बताया कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान के कल्याण के लिए संकल्पित है। किसानों की आय को दोगुनी करने की दृष्टि से केंद्र सरकार अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। गुरुवार को पूर्वाह्न 10बजे सभी केंद्रों पर किसान शामिल होंगे।

## कारगिल विजय दिवस पर दुश्मन देश को रक्षा मंत्री की चेतावनी

# जरूरत पड़ी तो घुसकर मारेंगे



एजेंसी

**कारगिल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर पड़ोसी देश को सख्त संदेश देते हुए कहा कि यदि भारत की ओर नजर उठा कर देखा गया, तो सेना नियंत्रण रेखा को पार कर दुश्मन को नेस्तनाबूद कर देगी। उन्होंने कहा, मेरा यह मानना है कि जनता को इस बात के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा कि जब भी राष्ट्र को उनकी आवश्यकता पड़े, वह सेना की सहायता के लिए तत्पर रहें। देश की जनता से यह कहना चाहता हूं जिस प्रकार से हर एक सैनिक भारतीय है, उसी प्रकार से हर एक भारतीय को भी एक सैनिक की भूमिका निभाने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

**वीर नारियों को सम्मान :** रक्षा मंत्री बुधवार को विजय दिवस के मौके पर यहां कारगिल के द्रास में आयोजित समारोह को संबोधित में बोल रहे थे। श्री सिंह ने इस अवसर पर भारत मां के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ वीर नारियों को भी सम्मानित किया।

(शेष पेज 11 पर)

### राज्यपाल ने युद्ध स्मारक पर अर्पित किये पुष्पचक्र



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कारगिल विजय दिवस पर रांची के दीपाटोली स्थित झारखंड युद्ध स्मारक जाकर वहां पुष्पचक्र अर्पित किये एवं वीर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दी।

शोक संदेश

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाद्भवतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ।।

''आत्मा किसी काल में भी न जन्म लेती है और न मरती है।
वह न तो कभी जन्मी है न तो कभी जन्म लेती है और न कभी जन्म लेगी।
आत्मा - अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है, शरीर के नाश होने पर भी इसका नाश नहीं होता।''



आत्मा का परमात्मा में विलीन होना विधि का विधान है। इसी विधानानुसार परमपूज्या
**श्रीमती राजकुमारी शारदा**
(माताश्री - श्री संजय शारदा जी, चेयरमैन)
का स्वर्गवास दिनांक 26.07.2023 बुधवार को हो गया है। परमात्मा उनकी आत्मा को शन्ति प्रदान करें। विद्यालय उनके शोक में दिनांक 27.07.2023 को बंद रहेगा। स्टीम फेस्टीवल अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

शोकाकुल
शारदा ग्लोबल स्कूल परिवार
बुकरू, रांची

# पीएम ने सांसद संजय सेठ के काम की सरहाना की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पीएम नमो ने संसदीय दल की बैठक में रांची सांसद संजय सेठ के कार्यों की सराहना की है। श्री सेठ ने कहा कि पीएम का उत्साहवर्द्धन रांची लोकसभा के लिए गौरव का पल है। इस पर रांची के धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों ने सांसद संजय सेठ को बधाई दी है।

मालूम हो कि सांसद सेठ द्वारा वृहद पैमाने पर खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें 5 हजार से ऊपर शहर एवं गांव के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। वहीं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन में झारखंड के कलाकारों को अपनी कला दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके अलावा सांसद के प्रयास से 4 सालों में 600 किलोमीटर रोड का निर्माण हो चुका है। वही पूरे रांची लोकसभा के अंतर्गत 30 श्मशान घाट का सुंदरीकरण किया जा रहा है। कई अस्पतालों को एंबुलेंस मुहैया कराई गई है। कई सामाजिक संगठनों को शव वाहन दिये गये हैं। बच्चों के लिए बुक बैंक की स्थापना की गई है। सांसद को बधाई देने वालों में श्री महावीर मंडल के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा, अशोक पुरोहित, डोरंडा महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा, काली पूजा समिति के राजू चौरसिया, शंभू गुप्ता, जितेंद्र सिंह, चैती दुर्गा पूजा के राकेश पाल, मनोज वर्मा, मुकेश गुप्ता, गणेश पूजा समिति के रोहित ठाकुर, श्रृंगार समिति के सुनील विजय, जगदंबा ट्रस्ट काली मंदिर के सचिव पवन पासवान सहित अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के लोग शामिल हैं।

## स्पेशल ब्रांच ने गृह विभाग को सौंपी रिपोर्ट

# झारखंड में बढ़ रहे हैं बांग्लादेशी घुसपैठिये, ले रहे मदरसों में पनाह

**खुलासा**

**बांग्लादेशी घुसपैठियों से राज्य की आंतरिक व्यवस्था का खतरा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर स्पेशल ब्रांच ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट को गृह विभाग से अवगत करा दिया गया है। रिपोर्ट में स्पेशल ब्रांच ने कहा है बांग्लादेशी घुसपैठिए राज्य के अलग-अलग मदरसों में पनाह ले रहे हैं। इसके बाद उनका सरकारी दस्तावेज भी तैयार किया जाता है। फिर मतदाता सूची में उनका नाम डाला जाता है, रिपोर्ट में खुलासा है कि इन घुसपैठियों को फिर साजिश के तहत वहां बसाया जाता है। स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों से राज्य की आंतरिक व्यवस्था का खतरा बना रहता है। संथाल परगना क्षेत्र के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिलों में भी ऐसे घुसपैठियों के प्रवेश करने की संभावना है, जिसकी निगरानी और जांच आवश्यक है।

### इन क्षेत्रों से घुसपैठियों की हो रही आवाजाही



झारखंड सरकार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की आबादी तेजी से बढ़ी है। चूंकि झारखंड से बांग्लादेश की सीमा महज 40 किमी ही दूर है। जिससे झारखंड में फरक्का, उढ़ावा, पीयारपुर, बेगमगंज, फूकदकीपुर, दियारा, चांदशहर और प्राणपुर आदि इलाकों से बांग्लादेशी घुसपैठियों की आवाजाही बड़े आराम से हो रही है।

**ट्राइबल को गुमराह कर घुसपैठिये कर रहे शादी** : राज्य के सीमावर्ती इलाकों में बड़ी संख्या में मदरसे बनाए जा रहे हैं। जिससे बांग्लादेशी घुसपैठिए इन इलाकों में ट्राइबल लड़कियों को गुमराह कर उनसे शादी कर रहे हैं। साहेबगंज और पाकुड़ जिलों में ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। जिससे वहां की जनसंख्या पर भी असर पड़ रहा है।

### हाइकोर्ट ने पूछा- कैसे बांगलादेशी घुसपैठिये झारखंड में घुस रहे

झारखंड में बांग्लादेशियों की घुसपैठ पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्र और राज्य सरकार से पूछा है कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में कैसे घुस रहे हैं। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से पूछा कि संथाल परगना के सीमावर्ती इलाकों में बांग्लादेशियों के घुसपैठ की जानकारी है या नहीं। घुसपैठ हो रहा है, तो उसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए, इसपर कोर्ट ने जवाब देने को कहा है।

# कांग्रेस का मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हास्यास्पद : मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मरणासन्न कांग्रेस पार्टी का मोदी सरकार पर अविश्वास प्रस्ताव लाना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि देश की जनता बार-बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री की रूप में देखना चाहती है लेकिन, कांग्रेस पार्टी जिसे जनता ने नेता प्रतिपक्ष के लायक भी नहीं समझा वे देश के विकास, प्रगति को समर्पित लोकप्रिय सरकार के खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं, जो पूरी तरह से हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि एक ओर मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, वंचितों के लिए समर्पित है तो दूसरी ओर परिवारवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति में आकंठ डूबे आईएनडीए के लोग किसी भी प्रकार से सत्ता प्राप्ति के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का विरोध करते-करते कांग्रेस और उनके सहयोगी ठगबंधन के लोग राष्ट्र विरोधी शक्तियों से हाथ मिला चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता राम के अस्तित्व को नकारने वाले, देश के विभाजन को स्वीकार करने वाले, टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ खड़े होने वाले, सेना के पराक्रम पर प्रश्न खड़ा करने वाले, देश को 20 लाख करोड़ के घोटाले की सौगात देने वाले दलों को भली भांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत की गौरवशाली परंपरा विश्व में महिमामंडित हो रही है। मोदी सरकार सबका साथ,सबका विकास, सबके विश्वास और सबके प्रयास से अंत्योदय का सपना साकार कर रही है। ऐसे में विभाजन कारी तत्वों का षड्यंत्र अलग अलग रूप में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रकट हो रहा है।

## खबर एक नजर में

### रांची हिंसा मामले में सीआइडी की गवाही शुरू

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत में रांची हिंसा से जुड़े सीआईडी जांच मामले में गवाही शुरू हो गई है। मामले में अभियोजन की ओर से दो गवाह अवधेश ठाकुर एवं प्रकाश की गवाही दर्ज कराई गई। गवाहों ने 10 जून 2022 को हुई रांची हिंसा से संबंधित बयान दर्ज कराया। डेली मार्केट थाना क्षेत्र में हुई घटना के बारे में बताया। मामले में बीते तीन अप्रैल को 11 आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं के तहत आरोप गठन किया गया था। इसके बाद अदालत ने अभियोजन को केस साबित करने के लिये गवाह प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। दो निर्धारित तारीख में गवाही दर्ज नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 14 सितंबर निर्धारित की है। मामले में अफसर, शाहबाज, उस्मान, तबारक कुरैशी, अरमान हुसैन, रमजान, अमजद, माज, सरफराज एवं इरफान अंसारी ट्रायल फेस कर रहा है।

### एटीएस को ईंधन की कमी ना होने दें : डीजीपी

**रांची।** एटीएस की टीम झारखंड के कई जिलों में लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस दौरान एटीएस की टीम को ईंधन की कमी नहीं हो। इसको लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आईजी प्रोविजन ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि एटीएस की टीम राज्य में कहीं भी छापेमारी में जाती है, तो उनके वाहनों में आवश्यकता पड़ने पर संबंधित जिले के एसएसपी और एसपी ईंधन की आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा।

### मृत बंदी वीरेंद्र मुंडा के आश्रित को 5 लाख का मुआवजा

**रांची।** मृत बंदी के आश्रित को पांच लाख का मुआवजा दिया जायेगा। रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र निवासी वीरेंद्र मुंडा के आश्रित (पत्नी सुमन कुमारी) को आर्थिक सहायता राशि दी जायेगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी रांची डीसी होंगे। जबकि राशि की निकासी रांची जिला कोषागार से की जायेगी। **जेल में फांसी के फंदे से लटकता मिला था शव** : वीरेंद्र मुंडा रांची के लापुंग थाना क्षेत्र स्थित रायटोली का रहने वाला था। वीरेंद्र ने हत्या मामले में कोर्ट के सामने सरेंडर किया था। उसे जुलाई 2021 में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया गया था। 22 नवंबर 2022 को उसका शव जेल में फांसी के फंदे पर झूलता मिला था। बता दें कि पिता की मौत के बाद से वह डिप्रेशन में था।

## जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय से मिला पासवा का डेलिगेशन

# निजी विद्यालयों के हित में विधानसभा में करेंगे सभी का ध्यानाकर्षण : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में राज्य के वरिष्ठ विधायक सरयू राय से मिला। उनसे मिलकर झारखंड के निजी विद्यालयों को वर्तमान समय में हो रही कठिनाइयों से और सरकार द्वारा जारी पुनः मान्यता प्राप्ति के लिए आवेदन के मामले को उनके सामने रखा। श्री दूबे ने विधायक को बताया कि राज्य के सभी निजी विद्यालय सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ आने वाले 28 जुलाई को सभी शिक्षक काला बिल्ला लगाकर विद्यालय का संचालन करेंगे ताकि सरकार तक उनकी आवाज पहुंचें। वहीं श्री राय से अपील की कि आने वाले मॉनसून सत्र में इस मामले को विधानसभा में उठाएं तथा निजी विद्यालयों की मान्यता के प्रश्न पर हो रही परेशानियों पर संज्ञान लें।

श्री राय ने बहुत ही ध्यान से इस समस्या को सुना तथा पासवा के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह निश्चित रूप से इस मामले पर संज्ञान लेंगे तथा झारखंड के शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए इस मसले को विधानसभा में मॉनसून सत्र में अवश्य उठाएंगे। निश्चित रूप से वह छोटे निजी विद्यालयों को परेशानी से मुक्त कराने का प्रयास करेंगे। श्री राय ने कहा कि निश्चित रूप से छोटे निजी विद्यालय किसी भी स्थिति में आरटीआई की शर्तों का अनुपालन नहीं कर सकते। इतने कठिन शर्तों पर झारखंड में कोई भी व्यक्ति विद्यालय का संचालन नहीं कर सकता। इस स्थिति में बंद हो जाएंगे झारखंड के सारे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सरकार द्वारा यह कठिन शर्त और भारी-भरकम निरीक्षण शुल्क तो पूरी तरह से गलत है। इतना आर्थिक बोझ गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, प्रदेश सचिव संजय प्रसाद, राशीद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, राहुल प्रसाद, फिरोज रिजवी मुन्ना, संजीत यादव, नीरु कुमारी, प्रतिमा राय, कुमुद रंजन, मेंहुल दूबे थे।

# ओबीसी आरक्षण को लेकर 28 को होगा विरोध प्रदर्शन : मोर्चा




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के 7 जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य किए जाने, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, सदस्य नियुक्त करने, जातीय जनगणना कराने के मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी 28 जुलाई को विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगा। यह बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता में बुधवार को प्रदेश कार्यालय में कही। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी सेवा की वैकेंसी निकाली जा रही है, उसमें ओबीसी के वाजिब हक भी नहीं मिल रहा है। इसे न सता न विपक्ष कोई नहीं देख रहा है। राज्य सरकार धड़ाधड़ रिक्तियां निकाल रही है और ओबीसी समुदाय के छात्रों को दरकिनार की जा रही है। प्रदेश महासचिव प्रभात शर्मा ने कहा कि सरकार हमारी बातें नहीं सुनती है तो हम लोग आंदोलन को गांव गांव तक पहुंचाएंगे। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ में प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जायसवाल, सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, महासचिव प्रभात शर्मा अजय मेहता ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू उपस्थित थे।

### छात्रों को पेन क्लिनिक से संबंधित पढ़ाई के लिए खरीदी जायेगी मशीन

**रांची।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमशेदपुर में यूजी और पीजी के छात्रों को पेन क्लिनिक से संबंधित पढ़ाई के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन मशीन की खरीदारी होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मशीन की खरीदारी और स्थापित करने के लिए 97 लाख रुपए का आवंटन किया गया है। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने एमजीएम के अधीक्षक डॉ रविंद्र कुमार को पत्राचार कर इस बाबत जानकारी दी है। बताते चलें कि नेशनल मेडिकल काउंसिल के मानदंड के अनुरूप इस मशीन का होना जरूरी है।

**राशि के नियंत्री पदाधिकारी होंगे अपर मुख्य सचिव** : आवंटित राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे, जबकि राशि क निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक होंगे। जमशेदपुर कोषागार से राशि की निकासी की जाएगी।

# आइपीसी की धारा 498-ए का हो रहा है दुरुपयोग : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान गंभीर टिप्पणी की। अदालत ने कहा है कि आइपीसी (भारतीय दंड संहिता) की धारा 498ए (महिला के प्रति क्रूरता) मूल रूप से विवाहित महिलाओं पर पतियों या उनके रिश्तेदारों द्वारा की गई क्रूरता को लेकर आरोपियों को दंडित करने के लिए बनाई गई थी, लेकिन वर्तमान समय में इसका दुरुपयोग हो रहा है। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां अदालतों ने धारा 498-ए के दुरुपयोग और ऐसी शिकायतों में बिना वैवाहिक विवादों में पति के रिश्तेदारों को फंसाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की थी।

**मामले को रद्द कर दिया :** याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार, पत्नी की ओर से अधिवक्ता ललन कुमार सिंह और राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। अदालत ने यह टिप्पणी एक महिला के पति के रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने की याचिका में सुनवाई के दौरान की। याचिकाकर्ताओं के खिलाफ आरोपों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 के तहत उनके खिलाफ मामले को रद्द कर दिया है। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि उसने पति के खिलाफ लंबित शिकायत और आपराधिक कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं किया है।

### आयरन ओर के निष्पादन संबंधी मामले में सरकार ने नहीं दिया जवाब

**रांची।** सारंडा के जंगल में लौह अयस्क के खनन एवं उसके परिवहन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर विधायक सरयू राय की जनहित याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से यह जवाब मांगा था कि माइनिंग गतिविधियों के कारण सारंडा के जंगल में जो लाखों टन आयरन ओर बचे हैं, उसे निष्पादित करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस पर बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार का कोई शपथ पत्र नहीं आया, सरकार की ओर से समय की मांग की गई। जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई 6 सितंबर निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि फिलहाल सारंडा के जंगल में माइनिंग गतिविधि रुका हुआ है, लेकिन पहले से वहां जो लाखों टन आयरन ओर निकाले गए हैं वह पड़ा हुआ है। बता दें कि सारंडा के जंगल में पर्यावरण के संरक्षण को लेकर सरयू राय की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।

## सांसद दीपक प्रकाश ने रास में उठाया था सवाल

# झारखंड में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं : सिंधिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि झारखंड में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। दरअसल, भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सभा में इस संबंध में सवाल पूछा था। श्री सिंधिया ने कहा कि देश में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति 2008 है। भारत सरकार ने देश भर में 21 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिये सैद्धांतिक अनुमोदन दिया है। इन 21 हवाईअड्डों में से 11 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे परिचालित किये गये हैं। पिछले 3 वर्षों में इनमें से 6 हवाई अड्डे परिचालित किये गये हैं। वर्ष 2021 में 187 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर ओरवाकल, 2021 में 520 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर सिंधुदुर्ग, 2021 में 448 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर कुशीनगर, 2022 में 646 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर ईटानगर, 2023 में 3400 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर मोपा और 2023 में 449 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर शिवमोग्गा ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा शामिल है। उन्होंने कहा कि झारखंड के देवघर में एक हवाई अड्डे को 2022 में लगभग 400 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर विकसित और चालू किया गया है।

देवघर के अलावा पांच हवाईअड्डे, जिसमें बोकारो, दुमका, जमशेदपुर, हजारीबाग और डाल्टनगंज के हवाई अड्डे के पुनरुद्धार के लिए पहचान की गई है। जिनमें से जमशेदपुर हवाई अड्डे में 31 जनवरी 2023 को प्रचालन शुरू हो चुका है। बोकारो और दुमका हवाई अड्डों पर विकास कार्य पूरा हो चुका है। इन हवाई अड्डों की लाइसेंस प्रक्रिया के लिए कदम उठाये जा रहे हैं।

### धनबाद-रांची-धनबाद एक्स. और बोकारो-रांची-बोकारो पैसेंजर स्पेशल ट्रेन रद्द

**रांची।** इंटरलॉकिंग के कारण धनबाद-रांची-धनबाद एक्सप्रेस और बोकारो स्टील सिटी-रांची-बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को 28 जुलाई तक रद्द कर दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से यह जानकारी दी गयी है।

**राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी**

**रांची।** राजधानी एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। रांची रेल मंडल से चलने वाली रांची-नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों में स्थायी रूप से कोच बढ़ाये जा रहे हैं। अब इस ट्रेन में वातानुकूलित 2-टीयर के एक और कोच लगाये जायेंगे। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गयी। बताया गया कि 20839 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में 29 जुलाई से वातानुकूलित 2 टियर का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जायेगा, जबकि 20840 नई दिल्ली दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस में 31 जुलाई 2023 से ऐसा ही एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

# 30 जुलाई तक राज्य में सक्रिय रहेगा मानसून, गरज के साथ भारी बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में मॉनसून का असर रूक रूक कर देखा जा रहा है। बुधवार को रांची में झमाझम बारिश हुई। इधर, कुछ इलाकों में तेज बारिश और वज्रपात का असर पिछले कुछ दिनों में देखा गया, तो कुछ इलाकों में छिटपुट बारिश के बाद धूप और गर्मी ने लोगों को परेशान किया। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले 30 जुलाई तक राज्य में मॉनसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश होगी। जबकि राज्य के दक्षिण और मध्य इलाकों में तेज बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो 30 जुलाई तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में हल्के दर्जे की बारिश रिकॉर्ड की जायेगी। जबकि 31 जुलाई से राज्य के सभी हिस्सों में तेज बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। विशेषकर दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भाग में। जिसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी जिला शामिल है। विभाग की मानें तो 26 और 27 को भी इन जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी।

**तापमान में बदलाव की संभावना नहीं** : विभाग की मानें तो आने वाले पांच दिनों तक राज्य के तापमान में कोई बदलाव नहीं दर्ज किया जायेगा। जबकि इसके बाद तापमान में दो या तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान राज्य का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया जायेगा। जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री तक रहने की संभावना है।

**31 तक ऐसा रहेगा मौसम** : 27 जुलाई को राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। 28 जुलाई को राज्य के पश्मिी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। शेष भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।


## झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधानसभा का द्वादश (मॉनसून) सत्र दिनांक- 28/07/2023 से आहूत किया गया है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधानसभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है। पत्रकार बंधुओं से आग्रह है कि कोविड पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र के साथ विधानसभा परिसर में आयेंगे।

जावेद हैदर

(सैयद जावेद हैदर) 21.7.2023

प्रभारी सचिव,

झारखण्ड विधान सभा, राँची


## अनलॉफुल एक्टिविटीज प्रिवेंशन (यूएपी) एक्ट के कांडों में अभियोजन स्वीकृति के प्रस्ताव में थीं अशुद्धियां

# गृह विभाग ने झारखंड पुलिस को लौटायी 50 कांडों की रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** यूएपी एक्ट (अनलॉफुल एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट) के 50 से अधिक कांडों के अभियोजन स्वीकृति के प्रस्ताव में बड़े पैमाने पर अशुद्धियां पायी गयीं। परिणामस्वरूप गृह विभाग ने सारे के सारे प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को लौटा दिया। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने अभियोजन स्वीकृति प्रस्ताव तैयार करने के लिए आवश्यक गाइडलाइन जारी किया है। डीजीपी द्वारा जिले के एसपी को निर्देश जारी कर कहा गया है कि एक्ट के तहत भेजे जानेवाले अभियोजन स्वीकृति के लिए प्रस्ताव में एकरूपता लाने के लिए एक चेक लिस्ट तैयार की गयी है। उन्होंने सभी एसपी को निर्देश दिया गया है कि जिले से इस एक्ट के तहत भेजे जा रहे अभियोजन स्वीकृति के प्रस्ताव की जांच कर ली जाए कि चेक लिस्ट के अनुरूप है या नहीं। पूरी तरह जांचने-परखने के बाद ही अभियोजन स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा जाए।

**क्या है यूएपी एक्ट 1967** : यूएपीए का फुल फॉर्म अनलॉफुल एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट यानी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य आतंकी गतिविधियों पर रोक लगाना है। पुलिस और जांच एजेंसियां इस कानून के तहत ऐसे आतंकियों, अपराधियों और संदिग्धों को चिह्नित करती हैं, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। यूएपीए वर्ष 1967 में लागू किया गया था। इस कानून में लगातार संशोधन होता भी रहे। वर्ष 2019 में यूएपीए कानून में संशोधन किया गया, जिसके बाद इस कानून के तहत जांच के आधार पर किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को आंतकवादी घोषित किया जा सकता है। यूएपीए में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया जाता है।

**क्या है गाइडलाइन**

- -डीसी और एसपी के मंतव्य के साथ अभियोजन स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा जाए।
- - औपचारिक प्राथमिकी की कंप्यूटर से टाइप की हुई प्रति होनी चाहिए।
- - वादी के लिखित आवेदन की प्रति भी प्रस्ताव के साथ भेजा जाए।
- - जब्ती सूची भेजी जाए, जिसमें जब्त किए गए सारी चीजों की पूरी जानकारी हो
- - कांड दैनिकी की अद्यतन प्रति भेजना जरूरी है
- - पर्यवेक्षक टिप्पणी की प्रति
- - आरोप पत्र प्रारूप की प्रति
- - टीआईपी की प्रति
- - अपराध स्वीकारोक्ति बयान की प्रति
- - यदि पूर्व में किसी अभियुक्त के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति प्राप्त हो, तो कांड दैनिकी की कंडिका की संख्या
- - प्रतिबंधित संगठन होने से संबंधित अधिसूचना की प्रति
- - एफएसएल रिपोर्ट या अन्य रिपोर्ट की प्रति और किस कंडिका में अंकित है, उसकी संख्या।
- - जिला स्तर पर यूएपी एक्ट के कांडों के अनुश्रवण के लिए मनोनीत नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर, ईमेल और पता

## स्पीड न्यूज

### डीपीएस चास के सौरव शतरंज प्रतियोगिता में हुए पुरस्कृत



**बोकारो।** डीपीएस चास के 10वीं के छात्र सौरव कुमार पांडेय ने जिला स्तरीय ओपन शतरंज चैंपियनशिप के अंडर-15 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता बोकारो जिला चेस एसोसिएशन और उत्कल सेवा समिति की ओर से 22 और 23 जुलाई को सेक्टर-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर के गीता भवन में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि पर विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने स्कूल में सौरव को सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सौरव ने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि पाई है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि सौरव ने अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अच्छे खेल का प्रदर्शन कर यह मुकाम हासिल किया है। डीएस मेमोरियल के सचिव सुरेश अग्रवाल ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर सौरव समेत पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी है।

### पति ने फंदे पर झूलकर दी जान

**बेरमो।** नावाडीह थाना क्षेत्र के बोरवाडीह गांव निवासी परमेश्वर महतो के तीस वर्षीय पुत्र सुरेश महतो ने अपनी दुकान में फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। घटना 25 जुलाई मंगलवार देर रात की बताई जाती ह। सुरेश महतो की पत्नी चिन्ता देवी मायके गई थी। नावाडीह के एएसआई जयशीष शर्मा बुधवार की सुबह दलबल के साथ मौके पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पतला चास भेज दिया। पुलिस ने पत्नी के बयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है। घटना के संबंध में बताया गया कि पत्नी चिन्ता देवी सोमवार की सुबह अपने मायके गई थी। वहां उसकी भाभी अस्पताल मे भर्ती थी. वह अपने दोनों बच्चों कृष्ण कुमार 8 वर्ष और सोनम कुमारी 5 वर्ष को पति के पास छोड गई थी। सुरेश महतो ने मंगलवार को उसे फोन कर लौटने को कहा, लेकिन पत्नी ने एक-दो दिन बाद घर लौटने की बात कही। जब पत्नी नहीं लौटी तो सुरेश अपनी पुत्री सोनम कुमारी को दादी के पास खाना खिलाकर सुला दिया और पुत्र कृष्ण कुमार को साथ लेकर दुकान पर सो गया। बुधवार की सुबह पुत्र उठा तो पिता का शव दुकान के एसबेस्टस शीट पर लगे लोहे के पाइप पर रस्सी के सहारे झूलते पाया. उसने बाहर निकलकर शोर मचाया तो ग्रामीणों की भीड़ जुट गइ। सूचना मिलते ही उत्पाद एंव मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी, प्रमुख पूनम देवी, उपप्रमुख हरिलाल महतो, जिप सदस्य फूलमती देवी, मुखिया गायत्री देवी आदि मौके पर पहुंचे और परिजन को ढांढस बंधाया।

### बेरमो में मुहर्रम की तैयारी जोरों पर

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम जुलूस की तैयारी जोरों पर है। इस दौरान कारीगरों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक ताजिया बनाने का कार्य में युद्ध स्तर पर चल रहा है। वहीं शांति व्यवस्था का ले बेरमो अनुमंडल प्रशासन पर अलर्ट हो गया है। वहीं युवओं द्वारा अखाड़ा में पारंपरिक प्रदर्शन दिखाने का अभ्यास शुरू हो गया है। इमामबाड़ों में खड़ा किया गया निशान, मांगी गई खुशहाली की दुआ।

बाल विवाह, बाल यौन हिंसा एवं बाल तस्करी पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की कार्यशाला संपन्न

# बाल यौन शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने की आवश्यकता : गीता देवी

खबर मन्त्र संवाददाता




**बाघमारा।** बुधवार बाल विवाह, यौनिक हिंसा, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी रोक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से प्रखण्ड सभागार बाघमारा में आयोजित किया गया। कार्यशाला में बाघमारा प्रखण्ड के सभी मुखिया एवं प्रखण्ड के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बाघमारा प्रखण्ड प्रमुख गीता देवी ने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं का बचपन छीन लिया जाता है जन जागरूकता लाकर बाल विवाह को समाप्त किया जा सकता है, उन्होंने आगे कहा की बाल विवाह, यौनिक हिंसा एवं बाल मजदूरी के खिलाफ हम सब मिलकर आवाज उठाना होगा।

विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने बाल विवाह अधिनियम 2006 कि विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की बाल विवाह करने एवं कराने वाले दोनो समान रूप से दोसी है, उन्होंने बाल विवाह के परिणामों को विस्तार से बताया, प्रजापति ने उपस्थित मुखिया गण से अपील करते हुए कहा की आप सब अपने अपने पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनावे मेरा सहयोग हमेशा मिलता रहेगा। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिमला देवी ने कहा कि बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा कई कल्याणकारी कार्यक्रम चलाया जा रहा जिससे लाभ लिया जा सकता है, उन्होंने कहा की बाल विवाह होने पर तुरंत इसकी शिकायत करें ताकि समय से विधि सम्मत करवाई की जा सके।

झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा की झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट बाल विवाह मुक्त धनबाद बनाने के लिए 150 गावों में सघन कार्य कर रही है, रवानी ने यौनिक हिंसा, बाल तस्करी रोक पर कानूनी पहलुओं की जानकारी दिया। अंत में उपस्थित सभी मुखिया एवं अधिकारियों ने बाघमारा प्रखण्ड को बाल विवाह मुक्त प्रखण्ड प्रखण्ड बनाने का सामूहिक सपथ लिया।

आगंतुक अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट के सचिव हलीमा एजाज, संचालन भागीरथ सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष विनोद महतो ने किया।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, मुखिया रिंकू देवी, अनिता देवी, दिनेश पटवारी, विनोद नापित, लीला देवी, दिनेश प्रमाणिक, पिंकी देवी, भोला रवानी, सरस्वती देवी, कमल महतो, संपद घोषाल, आरती देवी, अंजना देवी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### मानसिक स्वास्थ्य पर डीएवी में सेमिनार संपन्न

**बोकारो।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत सेमिनार का आयोजन डीएवी सेक्टर-6 स्कूल में आयोजित किया गया, जिसमें बोकारो सदर अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा सभी विद्यार्थी को सकारात्मक तनाव व नकारात्मक तनाव के बारे में जानकारी दी गई। मिश्रा द्वारा ने बताया कि सकारात्मक तनाव हमें समस्याओं का सामना करने के लिये प्रेरित करता है। तनाव के मुख्य कारण पढ़ाई में अव्वल आना, आर्थिक तंगी होना, नींद न आना, पारिवारिक समस्या होना, दैनिक परेशानियां हैं। डॉ मिश्रा द्वारा सभी बच्चों व शिक्षकों को बताया गया कि तनाव से मुक्त रहने के लिए सुगंध का सहारा लें।

### सीपीआइएम ने मणिपुर हिंसा के दोषियों को फांसी की मांग की

**बोकारो/कसमार।** सीपीआईएम कसमार लोकल कमिटी की ओर से कसमार स्थित पार्टी कार्यालय मे आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में सचिव कॉ शकुर अन्सारी ने मणिपुर की घटना की कठोर निंदा करते हुए कहा कि पिछले 30 दिनों से जातीय दंगा हो रहा है जिसमें लगभग 200 लोगों की जाने गयी हैं और सैंकड़ो लोगों का घर जलाया गया है। हद तो तब हो गयी जब एक शर्मनाक घटना को अंजाम दिया गया। हजारों की भीड़ ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके उनकी परेड करवायी और उनके साथ सामुहिक बालात्कार किया। हमारी पार्टी, मणिपुर के जातीय दंगा को रोकने में असफल केन्द्रीय गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग करती है। कान्फ्रेंस में उमा शंकर महाराज व अन्य मौजूद थें।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के द्वारा निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-23-24-9 और टीआरडी-आरएनसी-23-24-10, दिनांक 25.07.2023 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं: (1) टीआरडी-आरएनसी-23-24-9, दिनांक 25.07.2023,** (i) सांकी की ओर टर्नआउट में गति को बढ़ाने के लिए अपेक्षित 1 इन 12 पॉइंट एवं क्रॉसिंग में 1 इन 8.5 पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग को बदलते हुए टाटीसिलवे-सांकी लाइन की रिग्रेडिंग के कारण ओएचई का रूपांतरण। (ii) 'मुरी स्टेशन में 6.10 मी. चौड़े एफओबी के साथ वर्तमान स्टेशन के एफओबी के प्रतिस्थापन' के कारण ओएचई का रूपांतरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 12,74,197.43, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 25,500/-, **(2) टीआरडी-आरएनसी-23-24-10, दिनांक 25.07.2023,** 'अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत 15 स्टेशनों (बानो, ओरगा, गोविंदपुर रोड, बालासिरिंग, नामकोम, टाटीसिलवे, पिस्का, लोहरदगा, गंगाघाट, सिल्ली, झालदा, मुरी, रामगढ़ कैंट, सुइसा, तुलिन) में दिव्यांगजन के लिए सुविधाएँ' हेतु आरएएमसी के कार्य के सिलसिले में ओएचई का रूपांतरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 1,20,40,928.63, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,10,200/-, **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.08.2023 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-444)

# पीडीएस चावल लदा पिकअप जब्त, चालक हुआ फरार

खबर मन्त्र संवाददात



**झरिया।** झरिया कोयलांचल में पीडीएस चावल तस्करी ला गोरखा धंधा प्रभागशाली व्यक्तियों के सह पर वर्षों से फल फुल रहा है। पूर्व में भी झरिया सीओ विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर अवैध चावल जब्त किया। वही सिन्द्री डीएसपी घनुडीह ओपी क्षेत्र में संचालित मुना नामक तस्कर के ठीकाना पर छापमारी कर भारी मात्रा में पीडीएस चावल जब्त कर तस्करी ला खुलासा किया है। वही ताजा मामला झरिया पुलिस कतरास मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप चावल लदा पिकअप वैन संख्या जेएच 10 सीक्यू 0836 को पकड़ा। पुलिस को देखते ही चालक गाड़ी से कूदकर भागने में सफल रहा। वैन में चावल की कई बोरियां जब्त किया। झरिया पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाना ले आई। झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि यह नॉर्मल उपयोग वाला चावल है या पीडीएस (सरकारी) चावल है। बता दें कि इन दिनों झरिया व उसके आसपास के क्षेत्रों में चावल की कालाबाजारी का धंधा जोरों पर है। सरकारी चावल को सस्ते दाम में खरीदारी कर मशीनों से उसे फ्रेश कर पैकिंग कर महंगे दाम पर बेच देते है। झरिया में कई सिंडिकेट बनाकर यह धंधा पिछले कई वर्षों से चला रहे है। पुलिस ने पूर्व में छापेमारी कर इनलोगों को जेल भी भेज चुकी है।

### सोच बदलने की जरूरत है और फिर सब कुछ संभव होगा : बारिक



**रांची/बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड, भारत के एक प्रमुख एकीकृत इस्पात निमार्ता, ने वेदांता ईएसएल के प्रेरणा एक्सेल 30 सेंटर, बिजुलिया में जेएसी/सीबीएसई 2022-23 में कक्षा दसवीं को पास करने वाले शीर्ष 10 छात्रों को सम्मानित किया। प्रोजेक्ट प्रेरणा एक शिक्षा परियोजना है जो सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन (एसएसडीएफ) के साथ साझेदारी में है, जिसका उद्देश्य ईएसएल के सीएसआर के कार्यान्वयन क्षेत्रों में चास और चंदनकियारी ब्लॉक के अंतरिक्ष में समाज के जरुरतमंद छात्रों को गुणवत्ता और समान शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। वर्तमान में 16 रीमेडियल कोचिंग सेंटर्स हैं जो ट्यूटोरियल्स, ड्राइंग क्लासेस और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उम्मीदवारों की तैयारी के लिए एक्सेल 30 सेंटर का संचालन करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खिरोद कुमार बारिक (डिप्युटी सीएचआरओ) ने कहा कि बस अपनी सोच को बदलने की जरूरत है और फिर सब कुछ संभव होगा। वेदांता ईएसएल व्यक्ति-विशेष को स्वतंत्र बनाने और उन्हें विभिन्नता, समानता और सम्मिलन के साथ आवश्यक संसाधनों से सशक्त बनाने पर विश्वास करता है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में श्रेष्ठ 10 छात्रों को उनके अद्भुत प्रदर्शन के लिए सैमसंग टैबलेट से सम्मानित किया। मौके पर जिला बाल कल्याण समिति सदस्य मो रजी अहमद, प्रीति प्रसाद, रेणु रंजन और संतु रॉय व अन्य उपस्थित थें।

कार्यालय,
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID -awc24.monitoring@gmail.com

(निविदा सूचना)

वित्तीय वर्ष 2023–24 में रामगढ़ जिला अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति अधिकतम मूल्य रू0–200.00 (दो सौ रूपये) सभी कर सहित दर पर करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।

आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 10.08.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.ramgarh.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.303324 Social Welfare,Women and Child Development(23-24):D

### जलापूर्ति के लिए मिलेगी निर्बाध बिजली : पूर्णिमा सिंह



**झरिया।** 2.36 करोड़ रुपये की लागत में जामाडोबा वाटर प्लांट को निर्बाध विद्युत उपलब्ध कराने को लेकर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के पहल पर नये फीडर बनाने की प्रक्रिया शुरू। इसे लेकर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के आवासीय कार्यालय में जेबी भी एन एल विद्युत महाप्रबंधक एचेन सिंह, विद्युत अधीक्षण अभियंता बी के कश्यप ने मुलाकात किया। इस दौरान विधायक ने दामोदर हेड वर्क्स जामाडोबा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने के उद्देश से अलग फीडर स्थापित करने संबंधित कार्य चालू करवाने की बात कही। विदित हो की जामाडोबा में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के अनुशंसा पर 2.36 करोड़ रूपए झमाडा द्वारा विद्युत विभाग को हस्तांतरण किया गया है।

**भागा सब स्टेशन बने से जनता को निर्बाध विजली :** झरिया में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने के उद्देश से भागा में अलग सब स्टेशन निर्माण कार्य पूरा करवाने। अत्यधिक लोड वाले ट्रांसफार्मर का लोड डिस्ट्रीब्यूशन कर अतरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने, ट्रॉली ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने, जर्जर विद्युत तार को बदलने तथा नियमित विद्युत आपूर्ति हेतु अधिकारियों से बातकहा।

### हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय को अतिशीघ्र स्थायी प्रस्वीकृति प्रदान की जायेगी : योगेंद्र

**ललपनिया।** माननीय मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत अतिउग्रवाद प्रभावित क्षेत्र चतरोचट्टी पंचायत क्षेत्र हरिजन- आदिवासी विकास उच्च विद्यालय पहुंचे।इस मौके पर स्कूल प्रबंधन एवं सामाजिक कार्यकताओं ने माननीय मंत्री जी का स्वागत व अभिनंदन किया। प्रधानाध्यापक सहित सामाजिक कार्यकताओं ने माननीय मंत्री जी द्वारा इस विद्यालय को स्थाई प्रस्वीकृति प्रदान करने को माननीय मुख्यमंत्री जी से मिल कर आग्रह किया। प्रबंधन और ग्रामीणों की ओर से मंत्री जी के समक्ष कई दूसरे समस्याओं को भी रखा गया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो जी ने भरोसा दिया कि अतिशीघ्र इस विद्यालय को स्थाई प्रस्वीकृति प्रदान की जाएगी।

## एक नजर में

### डीपीएस बोकारो में सांस्कृतिक उत्सव 'तरंग' का हुआ शुभारंभ



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में कल्चरल वीक तरंग का उद्घाटन बतौर सम्मानित अतिथि डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ श्रीराम सिंह, डीपीएस धनबाद की प्राचार्या डॉ सरिता सिन्हा तथा डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने संयुक्त रूप से किया। अंतर सदन सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समूह तबला वादन एवं एकल गायन का प्रदर्शन किया जिसमें जमुना हाउस की टीम पहले स्थान पर रही, गंगा व सतलज ने संयुक्त रूप से दूसरा तथा झेलम हाउस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गजल के एकल गायन में चेनाब सदन से आयुषी राज, सतलज हाउस के फैजा रक्ष, झेलम सदन से नवस्मिता मोहंती, जमुना हाउस की अंतरा पांडेय और गंगा सदन की अक्षिता पाठक ने प्रस्तुति दी जिसमें गंगा सदन की अक्षिता पाठक को प्रथम, झेलम हाउस की नवस्मिता मोहंती और चेनाब सदन की आयुषी राज को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्य ने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को उजागर करना सांस्कृतिक सप्ताह का उद्देश्य बताया।

### सरकारी कार्यालयों में बिचौलियों की घुसपैठ पर संगठनों ने जतायी चिंता

**बोकारो।** नगर विकास समिति,जन संघर्ष मोर्चा, दामोदर बचाओ आंदोलन, चास बोकारो ट्रक ऑनर वेलफेयर एसोसिएशन एवं झारखंड पेंशनर कल्याण समाज की चास धर्मशाला मोड़ स्थित स्व.राजेन्द्र महतो स्मृति भवन में अभय कुमार मुन्ना की अध्यक्षता में आयोजित। संयुक्त बैठक में सरकारी काम के लिए बिचौलियो की दलाली के मुद्दे पर 8 अगस्त को बोकारो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। नगर विकास समिति के मार्गदर्शक सदस्य सह झारखंड पेंशनर कल्याण समाज बोकारो जिला के संरक्षक बाल कृष्ण कुमार एवं समिति के संरक्षक सदस्य सह चास प्रखंड 20 सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक जगनानी ने कहा कि अंचल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों को अपने काम को कराने हेतु होने वाली समस्याओं पर समिति समय समय पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराती रहती है किंतु व्यवस्था में सुधार नहीं होना चिंतनीय है। बैठक में अतीश कुमार सिंह, मिथिलेश प्रसाद, महेश ब्रम्हचारी, सुबोध कुमार सिंह, गौरी शंकर सिंह,यू.के. साह, डॉ सूर्यमणि कुमार, प्रदीप सिंह, राजनाथ यादव, गोपाल साव, सुनील कुमार सिंह, महानंद कुमार, जवाहरलाल महतो, रंजीत कुमार व अन्य शामिल थें।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,चतरा

ई–अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन् निविदा संख्या– 07/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 25.07.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राकलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ CHATRA/27/ 2023-24 | पंचायत कदगांवां कला आर.ई.ओ. रोड से ग्राम मंझौली तक पथ निर्माण कार्य (लं.–1.550 कि.मी.)। | 1,45,98,100.00 | एक करोड़ पैंतालीस लाख अन्ठानबे हजार एक सौ मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 04.08.2023
3. ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.08.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.08.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम् से भी कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा, पिन कोड 825401 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम् से भेजा जानेवाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (16.08.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.08.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
7. ई– निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा, पिन कोड 825401
8. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 6201014532
9. ई– निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय जमा करना होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 303283 Rural Work Department(23-24).D

# बीबीएमकेयू इकाई ने रांची में राजभवन के समक्ष दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आजसू छात्र संघ के बीबीएमकेयू प्रभारी हिरालाल महतो के नेतृत्व में बीबीएमकेयू इकाई के द्वारा राजभवन रांची में एकदिवसीय धरना दिया गया। इस धरने के माध्यम से बीबीएमकेयू के कुलपति डॉ सुकदेव भोई के द्वारा छात्र हित के मुद्दों एवं कार्यो को नजरअंदाज कर भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अनैतिक कार्य किये जाने के विरोध में और लगातार चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से 7 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन में धरना दिया गया। जिसमें मुख्य मांगे क्षेत्रीय भाषा कुड़मालि खोरठा एवं संथाली के स्नातकोत्तर (पीजी) स्तरीय पढ़ाई चालू कराने की मांग, जूलॉजी बॉटनी के पीजी की पढ़ाई पुनः चालू करने और विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयो से बंद किये गए पीजी की पीढ़ी चालू कराने की मांग सम्मिलित है।

हिरालाल महतो ने कहा कि कुलपति के द्वारा हमारी मांगो पर ध्यान न देकर वे सिर्फ पैसों की उगाही में लगे हुए है शिक्षकों को ट्रांसफर का भय दिखाकर लाखो की वसूली तो बिना टेंडर के पैसा लेकर कैंटीन आवंटन तो अब बिना टेंडर के एक अयोग्य संवेदक को मैन पॉवर सप्लाई का कार्य कमीशन लेकर सौंपा गया हैं साथ ही उस कंपनी से चास महाविद्यालय चास में पैसे लेकर बहाली की गई है।

विशाल महतो ने बताया कि शिक्षकों की वरीयता को ताक में रखकर जूनियर्स शिक्षक को लाखो का घुस लेकर प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है।

आजसू छात्र संघ सभी विधायको के पास भी जाकर ज्ञापन सौंपने का कार्य किया था उन्होंने आश्वासन भी दिया था किंतु किसी ने कोई कार्यवाही तक नही की ओर अब कुछ जनप्रतिनिधि उनके पैरवी में जुट गए हैं और कुलपति के द्वारा वो अपने कुकर्मो पर लीपापोती करने का भरसक प्रयास कर रहे है।

जो भी जनप्रतिनिधि कुलपति के पक्षधर होगा छात्र उसे कभी माफ नही करेगी आजसू सचेत है एवं सब पर निगाहे टिकाई हुई है।

आजसू छात्र संघ यह मांग करती है कि कुलपति के सुनियोजित मनसूबे पर लगाम कसने के लिए कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर कुलपति को पदमुक्त करें और हमारी मांगो को पूरा करे।

प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह, नीतीश सिंह, ज्योत्सना केरकेट्टा, अंजू तिर्की, राहुल तिवारी, नीरज वर्मा, ओम वर्मा, छात्र नेता विकास कुमार, बबलू महतो, गौतम महतो, दिवाकर महतो, विक्की कुमार, सचिन दास, करण यदुवंशी, अनुराग वर्मा, जितेंद्र मंडल, उत्पल मंडल, करण गोप, शेखर महतो, सूरज शर्मा आदि थे।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त चान्हो थाना काण्ड सं0–145/21, दिनांक–26.09.2021, धारा–147/148/149 /341/323/342/353/188/269/270/271/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त देव कुमार धान, पे0–स्व0 बिरसा धान, सा0–देवगॉंव, थाना–लापुंग, जिला–रॉंची वर्तमान पता–सिन्दवार टोली, मोराबादी, थाना–बरियातु, जिला–रॉंची,(झारखण्ड) के विरूद्ध द0प्र0स0 की धारा–82 के अंतर्गत माननीय न्यायालय श्री शिवराज मिश्रा जे0एम रॉंची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

Court of sri shivraj mishra J.M Ranchi
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974 chanho PS CASE NO-145/21
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मतहम शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जवाबिते फौजदारी)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
देव कुमार धान, पे0–स्व0 बिरसा धान, सा0–देवगॉंव, थाना–लापुंग, जिला–रॉंची।
वर्तमान पता–सिन्दवार टोली, मोराबादी,थाना– बरियातु, जिला–रॉंची।
2 किया है या करने का उस पर शुबहा है। — जो व–मुजिब दफा — मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)
3. नाम — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब
5. मोकाम। — मजकुर इसलिए
u/s-147/148/149/341/323/342/353/188/269/270/271/34 of IPC (4)
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6. इस अदालत व रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)
ब–तारीख 23 जुलाई 2022 माह नालिश–मजकुर करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 18 माह जून सन 2022
sri-shivraj mishra,
J.M, Ranchi

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथमिकी अभियुक्त देव कुमार धान कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/Court of Court of sri shivraj mishra, J.M ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।
पुलिस उपाधीक्षक खलारी, रॉंची। –94317 42777
थाना प्रभारी चान्हो, रॉंची। –94317 06189

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 303330 (Police)23-24*D

# विश्वास-अविश्वास

भाजपा अपने मुख्य एजेंडे कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के बाद मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता पर विधेयक लाने को प्रतिबद्ध नजर आ रही है। वहीं दिल्ली में राजग सम्मेलन से पहले गठबंधन से छिटके रामविलास पासवान के राजनीतिक वारिस चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, ओमप्रकाश राजभर को जिस तरह राजग में शामिल किया गया, उसका मकसद जनता को यही संदेश देना है कि राजग के साथी बिखरे नहीं हैं। वहीं पूर्वोत्तर आदि के तमाम छोटे दलों को एनडीए में शामिल करके संदेश देने का प्रयास हुआ है कि राजग के साथ दलों की संख्या विपक्ष से ज्यादा है। कहीं न कहीं विपक्षी एकजुटता को लेकर राजग गंभीर तो नजर आने लगा है, भले ही वह इस बात को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार न करे। बहरहाल बंगलुरू सम्मेलन को लेकर विपक्षी दल इस बात को अपनी उपलब्धि मान सकते हैं कि सोनिया गांधी की उपस्थिति में पटना सम्मेलन में अनमनी सी लग रही आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी तथा सपा की सक्रियता बता रही है कि विपक्ष अपने अस्तित्व के लिये एकजुटता को अपरिहार्य मान रहा है। तभी तो कई राज्यों में आमने-सामने रहने वाले राजनीतिक दल इस सम्मेलन में एक टेबल पर नजर आए। बहरहाल, कुछ कमेटियों व नीतियों पर तो विपक्षी दलों में सहमति भी बनी है, मगर अभी न्यूनतम साझा कार्यक्रम जैसे कई मुद्दों का निर्धारण होना है। साथ ही राज्यों में सीटों का बंटवारा भी एक चुनौती होगी। अभी लोकसभा चुनाव से पहले बहुत कुछ घटेगा। लेकिन तय है कि 2024 का समर रोचक होने वाला है। जिसे स्वस्थ लोकतंत्र के लिये सकारात्मक ही कहा जाना चाहिए।

# विदेश जाते भारतीय

पिछले तीन साल से औसतन 358 लोग प्रतिदिन और प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 63 हजार लोग भारत की नागरिकता त्यागकर विदेशों में बस गये हैं। इसे वैश्वीकरण का प्रभाव कहें या लोंगो की बदलती मानसिकता लेकिन इसके दुष्प्रभाव से इंकार नहीं किया जा सकता है। भारत से पलायन कर विदेशों में बसने के क्या कारण है? ऐसा क्यों हो रहा है? क्या आम नागरिकों को जिस तरह का सहज एवं शांतिपूर्ण जीवन अपेक्षित होता है, उसका अभाव पलायन का कारण है? क्या रोजगार एवं जीवन-निर्वाह की मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराने में सरकार नाकाम हो रही है? जो भी कारण हो, नागरिकों का भारत से पलायन एक गंभीर समस्या है, इसके कारणों का पता लगाकर उस पर नियंत्रण किया जाना नितान्त अपेक्षित है।

हालांकि, भारत दुनिया में तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होता राष्ट्र है। देश में विकास की फिजां बन रही है, शांति का हिंसामुक्त वातावरण बन रहा है। रोजगार एवं व्यापार की अनेक संभावनाएं उजागर हो रही हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व में नागरिकों से अपील की थी कि उनका उद्देश्य अपने देश की सेवा एवं विकास होना चाहिए, फिर भी न जाने क्यों, इतनी बड़ी संख्या में भारतीय पलायन कर रहे हैं? भारत के लिये यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिन्ता का विषय है कि भारत के लोग भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं। किसी भी देश में संपन्न हो या निर्धन व्यक्ति के लिये जान-माल की सुरक्षा सबसे उपर होता है। लेकिन देश में हिंसक गतिविधियों का बढ़ना, आगजनी, अपराध, भ्रष्टाचार, उग्र राजनीति क्षेत्रवाद सहित आधारभूत संरचना का तेज विकास न होना देश से लोगों का मोहभंग कर रहा है। यह अच्छा संकेत नहीं है।

# जापान में इंद्र का राज

विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**वेद** हमें बताते हैं कि देवता रहते हैं मन के भीतर। लेकिन शरीर को भी मन का ही विस्तार माना जाता है, इसलिए देवताओं को भी आप भौतिक स्वरूप में देख सकते हैं। इसके चलते ही योग, तंत्र और वास्तुकला तक में आपको मिलता है देवों का वर्णन। वैदिक तरीका मानता है कि वास्तविकता विरोधों का संयोग है। हम बनने और न बनने के बीच में लटके हैं। अतीत की डराने वाली यादों और भविष्य के डर में फंसे। हममें से हर व्यक्ति के अंदर होते हैं ऊंचे विचार, लेकिन साथ ही उत्कंठा और लालच भी। देवों और राक्षसों के बीच संघर्ष का मैदान हैं हम।

वास्तविकता के प्रति दृष्टिकोण के दो पहलू उपनिषद के दो महावाक्यों ने दिए हैं, 'मैं ब्रह्म हूं' या 'मैं ब्रह्मांड हूं' यानी अहम ब्रह्मास्मि और 'यह नहीं, यह नहीं' अर्थात नेति, नेति। यह दो कलात्मक शैलियों को जन्म देता है। एक है संपन्न और सुसज्जित। दूसरी है अपर्याप्त और सादा। एक असीम संभावनाओं और संरचना की बात करता है, जबकि दूसरा शून्यता की। इनमें से प्रत्येक दूसरे का आधार है। वेदों में बताए गए विरोधाभास का यही सार है। इससे हमें सीखने में मदद मिलती है कि कोई भी एक वस्तु नहीं, बल्कि प्रक्रिया है। एक ओर हैं जटिल अनुष्ठान और दूसरी तरफ ध्यान की सरलता। जीवन की प्रक्रिया में इन दोनों ही शैलियों को शामिल होना है। वेदों के प्रति पश्चिमी दृष्टिकोण ने इसे समझने में न केवल भूल की, बल्कि पीढ़ियों तक आम लोगों और विद्वानों को भ्रम में डाले रखा। यह दृष्टिकोण हिंदुत्व और बौद्ध धर्म को दो अलग रूपों में देखता है, जो उन्हें परंपरा के ही भीतर असंगत लगते हैं।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## चीन का शिकंजा

**कैसे** चीन, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे में 62 खरब डॉलर का निवेश कर रहा है। इस गलियारे के माध्यम से चीन के समुद्र तटविहीन प्रांतों की पहुंच फारस की खाड़ी तक पहुंचाना है। पाकिस्तान कर्ज चुकाने की एवज में चीन की भूराजनीतिक महत्वकांक्षाओं में सहयोगी बनने को तैयार है। 1970 में भी शक्सगम घाटी चीन को उपहार के रूप में दी थी। **– नवज्योत सिंह, मेदिनीनगर**

## जनमत का सम्मान

**लोकतंत्र** में जनता की राय सर्वोपरि है। ट्रम्प के समर्थकों ने अमेरिका की संसद में अराजक स्थिति पैदा कर दी है। उन्हें नियंत्रित करने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी। चुने गए राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस घटना को देशद्रोह बताया है। यह घटना अमेरिका के इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज की जाएगी। ट्रम्प और समर्थकों को जनता की राय का सम्मान करना चाहिए।


**– नरेन्द्र शर्मा, रांची**

# मोदी को टक्कर दे पायेगा विपक्षी गठबंधन?



**पिछले** नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को चुनौती देने के लिए कांग्रेस सहित देश के 26 विपक्षी दलों के नेताओं ने एक नए राजनीतिक गठबंधन बनाने की घोषणा की है। बेंगलुरू में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए दलों ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के स्थान पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नाम पर एक नया गठबंधन बनाया है। विपक्ष के इंडिया गठबंधन के संयोजक की घोषणा अभी तक नहीं हो पाई है। विपक्ष का कहना है कि उनका इंडिया गठबंधन पहले के यूपीए की तुलना में अधिक मजबूत है। इसमें ऐसे राजनीतिक दल भी शामिल हैं जो अभी तक आपस में एक-दूसरे के विरोधी रहे हैं। कांग्रेस के धुर विरोधी रहे अरविंद केजरीवाल इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के कट्टर विरोधी वामपंथी दल व कांग्रेस भी इंडिया गठबंधन में एक साथ शामिल हुए हैं। केरल में आमने-सामने चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस व वामपंथी दल एकजुट नजर आ रहे हैं।

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, मराठा क्षत्रप शरद पवार, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल, फारुख अब्दुल्ला, हेमंत सोरेन, एमके स्टालिन, सीताराम येचुरी, डी राजा, अखिलेश यादव, महबूबा मुफ्ती सहित बहुत से वरिष्ठ नेता शामिल है। इंडिया गठबंधन के पास अभी लोकसभा की कुल 142 सीटें हैं। मगर गठबंधन में शामिल 11 दलों का तो लोकसभा में एक भी सांसद नहीं हैं। इस गठबंधन में शामिल पार्टियों की अभी देश के 11 प्रांतों में सरकार चल रही है। जिनमें कांग्रेस की चार प्रदेशों कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश में वहीं जनता दल (यूनाइटेड) व राष्ट्रीय जनता दल की बिहार में, तृणमूल कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में, झारखंड मुक्ति मोर्चा की झारखण्ड में, आम आदमी पार्टी की दिल्ली व पंजाब में, द्रविड़ मुनेत्र कषगम की तमिलनाडु में, वामपंथी दलों की केरल में सरकार है।



**- रमेश धमोरा**

> इंडिया गठबंधन के पास अभी लोकसभा की कुल 142 सीटें हैं। मगर गठबंधन में शामिल 11 दलों का तो लोकसभा में एक भी सांसद नहीं हैं। इस गठबंधन में शामिल पार्टियों की अभी देश के 11 प्रांतों में सरकार चल रही है।यदि इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दल अपने पुराने मतभेद भुलाकर एकजुटता से चुनाव लड़ते हैं और आपसी समझदारी से सीटों का बंटवारा कर भाजपा के समक्ष एक ही उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारते हैं तो निश्चित रूप से भाजपा को कड़ी चुनौती दे पाएंगे।

इंडिया गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, आम आदमी पार्टी (आप), जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल (कमेरावादी), जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कझगम (एमडीएमके), विदुथालाई चिरुथैगल कच्ची (वीसीके), कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके), मनिथानेय मक्कल काची (एमएमके), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (मणि), केरल कांग्रेस (जोसेफ) शामिल है। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस को छोड़ कर अन्य राजनीतिक दलों का अपने-अपने प्रदेशों में ही प्रभाव है। आपसी समझदारी से सीटों का बंटवारा कर भाजपा के समक्ष एक ही उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारते हैं तो निश्चित रूप से भाजपा को कड़ी चुनौती दे पाएंगे।

हालांकि इंडिया गठबंधन में 26 राजनीतिक दल तो शामिल हो गए हैं। लेकिन उनमें अभी भी चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर संशय बरकरार है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि दिल्ली व पंजाब को कांग्रेस उनके लिए छोड़ दे। बदले में अन्य प्रदेशों में आप कांग्रेस के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारेगी। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है जहां ममता बनर्जी चाहती है कि कांग्रेस व वामपंथी दल उनके खिलाफ चलाए जा रहे अपने राजनीतिक अभियानों को रोककर उनका सहयोग करें ताकि भाजपा को हराया जा सके।

ममता बनर्जी का कहना है कि बंगाल में वैसे भी वामपंथी दलों व कांग्रेस का आधार समाप्त हो गया है। ऐसे में यदि वह तृणमूल कांग्रेस को सहयोग करते हैं तो पूरे बंगाल में विपक्षी दलों का प्रभाव बढ़ने से भाजपा का सफाया हो सकता है। पश्चिम बंगाल में 34 वर्षों तक लगातार वाम मोर्चे का शासन रहा था। वाम मोर्चे को हराकर ही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी बंगाल में सत्तारूढ़ हुई है। ऐसे में वामपंथी दलों को लगता है कि यदि उन्होंने पश्चिम बंगाल को ममता दीदी के हवाले कर दिया तो वहां उनका रहा-सहा जनाधार भी समाप्त हो जाएगा। केरल में भी कांग्रेस व वामपंथी दल आमने-सामने चुनाव लड़ते हैं। मगर देश के अन्य प्रदेशों में मिलकर चुनाव लड़ते हैं। ममता बनर्जी व अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस से केरल की तरह ही सामंजस्य चाहते हैं।

बेंगलुरू मीटिंग के दिन ही भाजपा ने नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन की बैठक का आयोजन किया और उसमें छोटे बड़े मिलाकर 38 दलों के नेताओं को शामिल किया था। इतना ही नहीं उस बैठक में पूरे समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहे थे। केंद्र में दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद भाजपा ने शायद पहली बार एनडीए गठबंधन की बैठक बुलाई थी। भाजपा ने एनडीए की बैठक में ऐसे दलों को भी शामिल किया जो हाल ही में एनडीए से जुड़े थे। एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों के नेताओं की बातें सुनी और उन पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की बात भी कही।

वैसे भी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश राजनीतिक दल पहले से ही यूपीए में शामिल थे। जिसका नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही थी। हालाँकि अरविन्द केजरीवाल, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार जैसे नेता नहीं चाहेंगे कि कांग्रेस को नए बने गठबंधन की कमान मिले। मीटिंग से पहले आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों को अल्टीमेटम दे दिया था कि यदि कांग्रेस संसद में उनके समर्थन की घोषणा नहीं करती है तो वो अगली मीटिंग में शामिल नहीं होंगे। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेता जब तक एक-दूसरे की भावना का सम्मान नहीं करेंगे।

खास बात

## घुसकर मारेंगे

**जरूरत पड़ी तो एलओसी पार भी जाएंगे : राजनाथ**

**बोले- नागरिकों को सेना के प्रत्यक्ष समर्थन के लिए तैयार रहना चाहिए**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत अपना सम्मान और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करने को तैयार है। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से ऐसी स्थिति में सैनिकों के समर्थन के लिए तैयार रहने का आह्वान भी किया। रूस-यूक्रेन युद्ध का उदाहरण देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि युद्ध एक साल से भी अधिक समय से चल रहा है क्योंकि नागरिक आगे आए और युद्ध में हिस्सा ले रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर, 1999 के करगिल युद्ध में अपना जीवन बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इसी बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, ह्यकरगिल विजय दिवस भारत के उन अद्भुत पराक्रमियों की शौर्यगाथा को सामने लाता है, जो देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बने रहेंगे। इस विशेष दिवस पर मैं उनका हृदय से नमन और वंदन करता हूं। जय हिंद!

द्रास के कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा, जब भी युद्ध की स्थिति रहती है, हमारी जनता ने हमेशा हमारे जवानों का समर्थन किया है लेकिन यह समर्थन अप्रत्यक्ष रूप से रहा है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे जरूरत पड़ने पर युद्धभूमि में सैनिकों को प्रत्यक्ष रूप से और मानसिक रूप से सहयोग करने के लिए तैयार रहें। राजनाथ ने कहा, ह्यकरगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। जिस वक्त भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहा थाह्व पाकिस्तान ने हमारी पीठ में छुरा भोंक दिया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन विजय के दौरान भारतीय सेना ने न सिर्फ पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को यह संदेश दिया था कि जब हमारे राष्ट्रीय हित की बात आएगी तो हमारी सेना किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगीह्व भारतीय सेना ने 1999 में लद्दाख की अहम चोटियों पर कब्जा करने वाली पाकिस्तानी सेना को खदेड़ने के लिए भीषण जवाबी हमला किया था। करगिल विजय दिवस इस युद्ध में भारत की जीत की याद में मनाया जाता है।

**गमों** की धूप में भी मुस्कुरा के चलना पड़ता है,
ये दुनियाँ है, यहाँ चेहरा सजा के चलना पड़ता है

**–अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट

**ममता** बनर्जी के राज में चिटफंड घोटाला, कट मनी, कोयला घोटला और अब शिक्षकों का घोटाला हुआ। ममता बनर्जी भ्रष्टाचार के रिकोर्ड तोड़ रही है। ममता बनर्जी और केजरीवाल में होड़ लगी है कि कौन ज्यादा भ्रष्टाचार करता है।

-अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री





**कौआ** अपना नाम हंस रख ले तो भी मोती नहीं चुगेगा।अमावस्या की काली रात को पूर्णिमा का नाम देने से वह शीतल और प्रकाशवान नहीं हो जाएगी।
नाम बदलने से इनका मूल स्वभाव नहीं बदल जाएगा।

**– योगी आदित्यनाथ**

# जब इंदिरा गांधी ने अरूण पाण्डेय से टेप ले लिया

**कोरेलेनियुस मिंज**

**आज** आकाशवाणी रांची क शुभारंभ का दिन है। 27 जुलाई 1957 को रांची के मेन रोड स्थित वेलफेयर सेंटर हॉल में अविभाजित बिहार के दूसरे रेडियो स्टेशन की स्थापना की गयी थी। इसका उद्घाटन बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह ने किया था। समारोह के अध्यक्ष राज्यपाल डॉ. जाकिर हुसैन थे, जबकि सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री बीबी केसकर तथा आकाशवाणी के विकास में महती भूमिका अदा करने वाले महानिदेशक जगदीश चंद्र माथुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्थापना के बाद से आज के डिजिटल युग तक रेडियो के लिए प्रतिस्पर्धा और बाजारवाद बढ़ा है। मगर आकाशवाणी ने अपनी अलग पहचान बना रखी है। झारखंड में आकाशवाणी यहा की संस्कृति और संस्कृतिकर्मियों, रचनाकारों तथा ग्रामीण-जनजातीय तथा औद्योगिक-शहरी आम आदमी के सुख-दुख का साथी बना हुआ है। ये आकाशवाणी का रांची केंद्र है

27 जुलाई 1957 को दोपहर ठीक 3:30 पर मेन रोड से उद्घोषक किशोर शर्मा ने पहली बार ऐतिहासिक उद्घोषणा की थी। रांची रेडियो स्टेशन से पहली उद्घोषणा थी-'यह आकाशवाणी का राची केंद्र है, सबसे पहले हम अपने श्रोताओं का अभिनंदन करते हैं, हमें प्रसन्नता हो रही है कि हम आपकी आकाक्षाओं के अनुरूप स्वस्थ मनोरंजन शिक्षण और ज्ञानवर्धन के लिए प्रसारण प्रारंभ कर रहे हैं। इस संबंध में आकाशवाणी के सेवानिवृत अधिकारी अरूण कुमार

स्थापना दिवस



पाण्डेय बताते हैं कि आकाशवाणी को लोक वाणी बनाने में उन्होंने तन-मन धन से काम किया। एक दौर था जब कार्यक्रम का इंतजार किया जाता था और प्रसंशा में बोरा- बोरा पत्र आया करते थे। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का भाषण के क्रम में बिजली चले जाने के बाद उन्होंने टेप पर उनका भाषण रिकार्ड किया था। तब इंदिरा गांधी ने उनसे टेप ले लिया था और कहा था आप बैठ जाइये। आकाशवाणी में समयबद्धता और शुद्धता के लिये चर्चित अरुण कुमार पाण्डे ने क्षेत्रिय भाषा के कार्यक्रमों को एक बड़ा मुकाम दिया। विनोवा भावे से साक्षात्कार हो या जयप्रकाश नारायण से भेंट वार्त्ता हर कार्यक्रम आकाशवाणी रांची के लिये एक यादगार कार्यक्रम बना। मैंने आकाशवाणी रांची के शुभारंभ के दिवस पर रीझू भाई के नाम से विख्यात अरूण कुमार पाण्डेय से यह जानना चाहा कि उनके लिये यादगार पल क्या रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को लेकर आम लोगों के बीच जानकारी और जागरूकता को लेकर हमारा प्रशिक्षण हुआ था। हम लखनऊ गये थे। हम रांची लौटे तो चुनौती थी कि किस प्रकार से यह कार्यक्रम आम जनों तक पहुंचाया जाए। फिर कार्यक्रम का शीर्षक बना लडरू कर सपना। यह कार्यक्रम इतना लोकप्रिय हुआ कि मुझे प्रसंशा के बोरा-बोरा पत्र आये। तोरपा के श्रोताओं ने विशेष मांग की रीझू भाई उर्फ अरूण कुमार पाण्डेय को वे देखना चाहते हैं। यह पल अदभुत पल था मेरे लिये लेकिन एतिहासिक काल था आकाशवाणी रांची का। आज 80 साल के उम्र में लगभग 45 साल तक आकाशवाणी में स्थायी और अस्थायी सेवा मिलाकर करता रहा। यादें अनंत हैं लेकिन सबे मन खुश रहें यही कामना हय। आकाशवाणी के रांची केन्द्र अपन गरिमा के बनायेक रखेक जरूरत हे।

# दूरस्थ शिक्षा से बदल सकता है सकल शिक्षण अनुपात



**डॉ धनश्याम सिंह**

ज्ञान-सम्पदा के इस युग में उच्च शिक्षा विकास का एक महत्वपूर्ण घटक है। विकास के इस दौर में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए हमें शिक्षा र्थियों की संख्या दोगुनी करनी होगी, इस सत्य को अनेकयो जनाकारों, आयोगों एवं चिन्तनशील व्यक्ति योंद्वारा स्वीकार किया गया है। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग न राष्ट्र के समग्र विकास में उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका के सन्दर्भ में अनेक मूर्ग्यवान दस्तावेज प्रकाशित कए हैं। इस सन्दर्भ में मुक्त एवं दूरस्थशिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है। सम्पूर्ण विश्व का अनुभव दर्शाता है कि दूरस्थशिक्षा समाज के उन विभिन्न वर्गों के सशक्तिकरण का एक प्रभावशाली माध्यम है, जो अन्यान्य कारणों से औपचारिक शिक्षा से वंचि रहे हैं। वर्तमान में दूरस्थशिक्षा के माध्यम से अनेक व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रम चर्ग्राये जा रहे हैं। इनके अन्तर्गत कुछ ऐसे पाठ्यक्रम भी हैं जा तकनीकी प्रयोग के विशिष्टतम उपयोगों की ओर अभिमुख हैं। जो समाज की मुख्य धारा से वंचित रहे हैं, ऐसे सभी वर्गों को दूरस्थशिक्षा पुनःकेन्द्र में लागू कर एक सम्माननीय शैक्षिक जीवन जीने के लिए सशक्त करती है। मुक्त एवं दूरस्थशिक्षा के व्यापक दर्शन की पृष्ठ भूमि पर झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2021 में झारखंड शासन के अधिनियम संख्या 12/2021 द्वारा इस उद्देश्य से की गइ किसमग्र ज्ञान और कशा-कौशल की स्वयं सीख पाने की विविध विधाओं द्वारा सक्षमता लोगा तक पहुँचायी जा सके। झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय अपने अनेक नूतन, समसामयिक एवं उपयोगी शैक्षणिक कार्यक्रमों को सम्प्रेषण के नवीनतम प्रयोगों तथा सम्पर्क-सत्रों द्वारा अधिक सुदृढ़ ाना रहा है। विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य इस राज्य के त्वरितविकास एवं उन्नयन हेतु प्रशिक्षित एवं विभिन्न कौशलों में दक्ष उपयोगी मानव संसाधनों का विकास करना है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य रहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता में कभी किसी भी स्तर पर कोई समझौता न किया जाय। व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा में तीव्रता से हो रहे ादशावों को ध्यान में रखत हुए विश्वविद्यालय ने अपने पाठ्यक्रमों को इस प्रकार पुनर्गठित किया ह किरोजगार एवं स्व-रोजगार के नित्य नए द्वार खुल सकें। विश्वविद्यालय मुख्य रूप से महिलाओं, जनजातियों तथा मुख्य धारा से अलग वर्गों के शैक्षिक उन्नयन हेतु कटिबद्ध है। विश्वविद्यालय के निरन्तर होते विस्तार से इसकी पहुँच आज इस राज्य के सुदूरवर्ती एवं दुर्गमस्थलों तक हो गई है। विभिन्न कम्पनियों एवं संगठनों से सहमति अनुान्ध पत्र (एम0ओ0यू0) हस्ताक्षरित कर के व्यवस्था की गई है किस तरह ज्ञान और संसाधनों का जनहित में मिल जुल कर उपयोग किया जा सके।

शिक्षा

विश्वविद्यालय ने अध्ययन केन्द्र क्रमशः राँची, धनााद, हजारीााग, ाोकारो, दुमका, चाईासा, जमशेदपुर, पलामू में स्थापित किए हैं। इनके अधीन अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय के ऐसे137 अध्ययन केन्द्र हैं। झारखंड में एक लाख की आबादी (18 से 23 वर्ष) पर कलेजों की संख्या तो ाढ़ी है लेकिन यहां उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात यानी जीई आर घट गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी इंडिया सर्वे अन हायर एजुकेशन -2021-22 की रिपोट में यहबात सामने आई है।

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### एसपी ने जानी रायडीह थाना की हकीकत



**रायडीह।** पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने बुधवार को रायडीह थाना की हकीकत जारी। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि चैनपुर अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी आये हुए थे। सभी ने निरीक्षण में केस डिस्पोजल, पेंडिंग और केस का अनुसंधान बेहतर करने के बारे में बात की। एसपी ने थाना का बहुत गहन तरीके से निरीक्षण किया। मौके चैनपुर अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी रायडीह के सभी पुलिस कर्मी और जवान शामिल थे।

### इवीएम के वेयरहाउस का निरीक्षण



**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने ईवीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। साथ ही नवनिर्मित वेयरहाउस का भी अवलोकन किया गया। नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस आज ईवीएम व वीवीपैट के स्थानांतरण के लिए खोला गया। मौके पर एसपी आर रामकुमार, एसडीओ अरविंद लाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, कोषागार पदाधिकारी अनिता थेलमा मिंज, राजनीतिक दलों में से भाकपा माले के महेश सिंह, झापा के पवन तिग्गा, झामुमो के बालमुकुंद लोहरा, आजसू की अनिता देवी, कांग्रेस के विशाल डुंगडुंग, भाजपा पशुपतिनाथ पारस और राजद प्रतिनिधि महिबुल्ला भी थे।

### कारगिल शहीदों को किया गया नमन



**गुमला।** कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जिले के शहीद सैनिकों को पूरी श्रद्धा से याद किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले के कई अधिकारियों के साथ शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सैन्य बलिदानियों की वीरता और पराक्रम को याद किया। शहीदों के परिजनों के प्रति जिला प्रशासन ने संवेदना और सम्मान को दर्शाया। उन्हें शॉल देकर कृतज्ञता व्यक्त की। जिले के शहीद जॉन अगस्तुस एक्का, बिरसा उरांव और विश्राम मुंडा के परिजन सम्मानित किये गये। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि जैन सहित कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### बीडीओ से समस्या के समाधान की मांग



**घाघरा।** भाजपा घाघरा मंडल का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप से मुलाकात कर प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निदान को लेकर मांग पत्र सौंपा। जिसमें घाघरा प्रखंड मुख्यालय के मेन रोड में जलजमाव से लोगों को परेशानी को देख नाली निर्माण, नवडीहा जर्जर पुल की मरम्मत, प्रखंड स्तर पर विकास कार्य में अवैध उगाही रोकने, विकास कार्य व घरेलू कार्य हेतु बालू की व्यवस्था, प्रधानमंत्री अन्न योजना में दिसंबर के राशन की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में अशोक उरांव, जिप सदस्य सतवंती देवी, घाघरा भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष सोनी, भाजपा नेता तेंबू उरांव थे।

### बीस सूत्री प्रखंड समिति की नहीं हो सकी एक भी बैठक, ज्ञापन सौंपा



**गुमला।** गुमला प्रखंड बीस सूत्री के सदस्यों ने मंगलवार को उपायुक्त सुशांत गौरव को ज्ञापन सौंपकर गुमला बीडीओ पर बीस सूत्री की बैठक नहीं कराने का आरोप लगाया। बीस सूत्री सदस्यों ने कहा कि बीस सूत्री का गठन वर्षों पूर्व होने के बाद भी एक बार भी गुमला प्रखंड बीस सूत्री की बैठक नहीं हुई। जिसे लेकर कई बार बीडीओ को आवेदन भी बीस सूत्री सदस्य दे चुके हैं। लेकिन बीडीओ ने हर बार किसी तरह का बहाना बनाकर बैठक नहीं करायी। जिसे लेकर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को भी मामले से अवगत कराया गया है। बीस सूत्री सदस्यों ने उपायुक्त से जल्द से जल्द बीस सूत्री की बैठक कराने की अपील की। डीसी से मिलने वालों में बीस सूत्री सदस्य मो मोक्षतार आलम व अन्य शामिल थे।

### मैट्रिक परीक्षा का विशेष महत्व : बीइइओ



**गुमला।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय खोरा में मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास करने वाली छात्र-छात्राओं को बुधवार को विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बीईईओ किरण कुमारी ने कहा कि जीवन में मैट्रिक परीक्षा का विशेष महत्व है। विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सके। बीपीओ ओम प्रकाश दास ने कहा कि ग्रामीण प्रवेश के बाद भी विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा रही है। प्रधानाध्यापिका रेशमा कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी नियमित विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करें। मौके पर विनिता लकड़ा, ब्रजेश उरांव, सुरेश उरांव, चांदनी कुमारी, सुमंती कुमारी, प्रियंका कुमारी, लोली कुमारी, मनीष सिंह, प्रीति, प्रदीप उरांव, अरविंद साहु, रंजीत उरांव सम्मानित किये गये। कार्यक्रम में नीता कुमारी, निशमा, अल्का वर्मा, मुखिया लालो लकड़ा, राम कैलाश सिंह, आनंद सिंह, बबीता देवी, ललिता देवी, ज्योति बाला मिंज, पुष्पा कुमारी, प्रियंका प्रसाद, आशा कुमारी, शिलानंद तिर्की, मो एहसान आदि उपस्थित थे।

### केओ गुमला में इंटर में नामाकंन शुरू नहीं होने पर छात्र संगठनों में आक्रोश

**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटर की पढ़ाई न होने से छात्रों में आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को छात्र संगठनों के छात्र नेताओं ने बैठक कर संयुक्त रूप से इस लड़ाई में भाग लेने का निर्णय लिया है। छात्र नेताओं का कहना है कि कॉलेज प्रशासन के मनमानी और हठधर्मिता के कारण कॉलेज में इंटर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाया है। जबकि रांची विश्वविद्यालय के ही अधिकांश अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट की नामांकन प्रक्रिया खत्म होने वाली है। कॉलेज के ऐसे रवैया के कारण जिले के गरीब छात्रों का भविष्य अंधेरे में जाता हुआ नजर आ रहा है। इंटर की पढ़ाई को शुरू कराने के लिए अब निर्णायक लड़ाई लड़ी जायेगी। सभी छात्र संगठन के छात्र नेताओं ने निर्णय लिया है कि 27 तारीख से कॉलेज में अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जायेगी।

# देश के लिए कारगिल विजय एक स्वर्णिम इतिहास : डीसी

- कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





सैनिक के परिजनों को सम्मानित करते अतिथि और शहीदों को श्रद्धांजलि देते डीसी।

**लोहरदगा।** भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से नगर भवन, लोहरदगा में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सीडीआर रामा राव, ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो व अन्य अतिथियों ने किया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 1999 में कारगिल की लड़ाई में जब हमारे सैनिकों ने दुश्मन सेना पर विजय पायी तो देशभर में इसे उत्सव की तरह मनाया गया। वह बहुत ही कठिन समय था जब हमारी सेना दुश्मन से लोहा ले रही थी। इतनी ठंड में उतनी ऊंचाई पर जीवन बहुत ही कठिन है जहां हमारी सेना ने विजय पायी। कारगिल विजय दिवस एक स्वर्णिम इतिहास है। हम सभी को कारगिल विजय दिवस के बारे अपने बच्चों को बताना चाहिए। शहीदों की वजह से ही आज देश में अमन व शांति बहाल है। आज हम आरामतलबी का जीवन जी रहे हैं तो वह शहीदों की वजह से ही है।

**प्रशिक्षण के दौरान भारतीय सेना के बारे जानने का मौका मिला :** उपायुक्त ने कहा कि सिविल सर्विसेज के प्रशिक्षण के समय पुंछ में भारतीय सेना के साथ रहने का मौका मिला तो इससे बहुत कुछ सीखा। उनके ऑपरेशन करने के तरीकों को जाना। उनसे संयम सीखा। उपायुक्त ने भूतपूर्व सैनिकों से अपील की कि वे लोहरदगा जिला के युवाओं को तैयार करने में अपना योगदान दें और जिला प्रशासन की मुहिम से जुड़ें। अपने तरीके से युवाओं को तैयार करें ताकि भारतीय सेना से जुड़ने में यहां के युवाओं को सहुलियत हो। यहां के युवा सेना की तरह अनुशासित होंगे तो शांति-व्यवस्था बनाये रखने में बहुत सहयोग मिलेगा।

### शहीद के परिजनों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें वीर चक्र विजेता धामा उरांव की पत्नी सुमंती देवी, शहीद विश्राम टाना भगत की पत्नी तारामनी देवी, शहीद मोहजन उरांव की पत्नी तित्र देवी और शहीद अंगनु लोहरा की पत्नी गुंजन लोहरा शामिल हैं। कार्यक्रम में मुन्नी देवी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संरक्षक शाहदेव उरांव, टी साहू, पूर्व सैनिक किस्टो कुजूर समेत बड़ी संख्या में सैनिका के परिवार उपस्थित थे।

> पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि शहीदों ने अपने जीवन में बहुत बड़ा त्याग किया। इसमें शहीदों के परिवारों का भी बहुत बड़ा योगदान है। शहीद के परिवार के सहयोग से ही जिला आगे बढ़ रहा है। देश में शांति है तो इसके पीछे कई शहीदों का बलिदान है। लोहरदगा पुलिस हमेशा शहीदों के परिवारों के साथ है। किसी भी कानूनी सहायता में पुलिस शहीदों के परिवार का पूरा सहयोग करेगी और प्राथमिकता देगी।

> सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि कारगिल की लड़ाई दो महीनों से ज्यादा चली। जवानों ने देश की रक्षा में अपना सर्वस्व लगा दिया। कारगिल विजय एक ऐसी मुहिम थी जिसे सेना के जवानों ने पूरी शिद्दत से निभाया और पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार भगाया। 16-17 हजार फीट की उंचाई पर जीवन अकल्पनीय है। इस अभियान में पांच सौ से अधिक अफसर व जवान शहीद हुए। सभी बटालियन के जवानों ने अपनी जांबाजी दिखायी। हम सभी को इस दिवस को प्रत्येक वर्ष मनाना चाहिए।

#### गुमला में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक संपन्न

# उग्रवादी खुदी के आत्मसमर्पण और मिलने वाले लाभ पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक हुई। जिसमें पिछले दिनों इनाम घोषित उग्रवाद खुदी मुंडा ने आत्मसमर्पण किया था। इस आत्मसमर्पण से जिले में एक शांति एवं अमन का माहौल देखने को मिलेगा।

बैठक के आलोक में खुदी मुंडा को दी जाने वाली विभिन्न लाभों के बारे में चर्चा की गई। बताते चले की खुदी मुंडा के ऊपर 5 लाख का इनाम रखा गया था। उनके आत्मसमर्पण के पश्चात यह इनाम उन्हें दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त उन्हे उनके आत्मसमर्पण के लिए 3 लाख रुपए भी दिया जायेगा। बैठक में नियमानुसार खुदी मुंडा के बेटे की नियुक्ति करने पर भी चर्चा हुई। साथ ही खुदी मुंडा के परिवार जनों को सरकारी विभिन्न योजनाओं से जोड़ने, उन्हें आवास के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा आवास योजना से जोड़ने पर उपायुक्त ने निर्देश दिया।



बैठक में चर्चा करते उपायुक्त, एसपी व अन्य पदाधिकारी।

- उपायुक्त ने 15 अगस्त से पूर्व आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त के खुदी मुंडा के परिवार को हेल्थ कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन आदि का लाभ देने की बात कही। साथ ही उनके परिवार को एक सम्मान जनक जीवन मिले इसके लिए खुदी मुंडा की पत्नी को जेएलएलपीएस के एसएचजी महिला मंडली से जोड़ने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ऐहतेशाम बकारिब, एसडीओ सदर, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी आदि भी थे।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया कारगिल दिवस

- पूर्व सैनिकों व शहीद की पत्नियों को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वीर शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा के समक्ष कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक श्री शम्मी जी थे। इस अवसर पर पूर्व सैनिक सहदेव महतो, सोमनाथ उरांव, रंथु उरांव, रघुवर बड़ाईक, शहीद की पत्नी इमिलियानि एक्का, अगस्तुस एक्का, शहीद की पत्नी मीला उरांव, बिरसा उरांव एवं एंजलीना टोप्पो आदि को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



सम्मानित लोगों के साथ संगठन के लोग।

**कार्यक्रम की खास बातें :** वहीं परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा के समक्ष शहीदों का श्रद्धांजलि दी गई। सहदेव महतो ने सैनिक सेवा काल मैं प्राप्त अनुभव के आधार पर युद्ध काल की भयावह स्थिति सैनिकों के शौर्य आदि को रेखांकित किया। लक्ष्य फिजिकल एकेडमी के संस्थापक नेल्सन ने कहा कि मेरी संस्था गुमला से प्रति वर्ष सैकड़ों की संख्या में छात्र सैनिक सेवा में जाने योग्य बनाती है। गुमला वीरों की भूमि है जब भी देश के लिए शहादत की बात आती है गुमला हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। सेव योर लाइफ संस्था के सचिव संतोष झा ने कहा कि कारगिल युद्ध विषम परिस्थितियों में लड़ा गया था। जहां दुश्मन पहले से उच्चतम शिखर पर अपना बेस बनाए हुए थे और भारतीय सैनिक उस शिखर से उसे खदेड़ कर पुनः अपना बेस स्थापित किये। कार्यक्रम में मनीष साहू, अनूप अधिकारी, मुकेश सिंह, देवेंद्र लाल उरांव, संतोष यादव, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

## डायन कुप्रथा उन्मूलन अभियान को लेकर जागरूकता रथ हुआ रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** महिला बाल विकास एवं समाज सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में डायन कुप्रथा उन्मूलन अभियान के तहत सेन्हा प्रखंड परिसर से जगरूकता रथ रवाना किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में डायन प्रथा उन्मूलन अभियान जागरूकता को लेकर नुकड़ नाटक मंडली झारखंड कर नवा मंजर संस्था द्वारा प्रचार प्रसार किया जाना है। उक्त कार्यक्रम महिला बाल विकास एवं समाज सुरक्षा विभाग ने किया। आयोजित जगरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को सेन्हा प्रखंड परिसर से बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत एवं एल एस परमुनी देवी एवं अंगनी बेक के द्वारा संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखा कर जगरूकता रथ को रवाना किया गया।

## मणिपुर हिंसा को लेकर जेएनडी ने फूंका पीएम व गृह मंत्री का पुतला

- मणिपुर में हिंसा नहीं रुकती है तो लगायें राष्ट्रपति शासन : पुष्पा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) का महिला मोर्चा महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला इकाई के द्वारा बुधवार को मणिपुर में घटना को लेकर चप्पलमार कार्यक्रम के तहत गुमला के टावर चौक में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का पुतला को चप्पल से मारते हुए पुतला दहन किया गया। मणिपुर हिंसा सहित देशभर में महिलाओं पर बढ़ते अन्याय व अत्याचार से आक्रोशित महिला प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं पर अन्याय नहीं सहेंगे, महिलाओं पर हो रहे जुल्म को हर हाल में रोकना ही होगा, मणिपुर में हिंसा रोको नहीं तो राष्ट्रपति शासन लागू करो, मणिपुर में हिंसा रोकने में विफल डबल इंजन की सरकार मुर्दाबाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, गृह मंत्री अमित शाह मुर्दाबाद, मणिपुर की भाजपानीत सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाये गये।



### पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार घायल



**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के लुटवा बेलपानी निवासी तुलसी सिंह (19) बुधवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे स्वास्थ्य केंद्र पालकोट में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे तुलसी किसी काम से पालकोट आ रहा था। उसी दौरान पालकोट मोड़ पर गुमला की ओर से जा रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसके दाहिने पैर की एक हड्डी टूट गयी है। साथ ही उसे चेहरे पर भी गंभीर चोट लगी है।

### शिविर में 175 पशुओं को दी गयी नि:शुल्क दवा



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक और बायफ संस्था द्वारा पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के बंसरी ग्राम में एचडीएफसी बैंक और बायफ संस्था के संयुक्त पहल से पशु चिकित्सा शिविर लगा। शिविर में 40 पशुपालक किसानों का 175 पशुओं की जांच कर नि:शुल्क दवा दी गयी। वहीं पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार ने सभी ग्रामीणों को पशु का रख रखाव के बारे में बताते हुए लंपी, लंगड़ी, गलफुली जैसी अन्य बीमारियों से बचाव और उपचार के बारे में बताया। मौके पर पशु संरक्षक पदाधिकारी पंकज कुमार, बायफ के पंकज कुमार तथा सुनील कच्छप, सैमुअल पन्ना, प्रदीप लकड़ा, शांति मिंज सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### खेलो झारखंड : 62वीं जिला स्तरीय सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**गुमला।** खेलो झारखंड 2023-24 के अंतर्गत 62 वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल का जिला स्तरीय प्रतियोगिता 2023 का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के द्वारा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा खेल मैदान में जाकर फुटबॉल का फर्स्ट किक कर मैच की शुरूआत की एवं खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की एवं उनका उत्साह बढ़ाया। इस खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को खेल बैंक की सहायता से खेल सामग्री उपलब्ध करायी गयी। जिसमें फुटबॉल, फुटबॉल शूज आदि जैसी सामग्री दी गयी। आज प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल मैच का आयोजन किया जायेगा। वहीं फाइनल मैच 27 जुलाई को आयोजित किया जायेगा और पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त गुमला, एसडीओ सदर, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## वीर विश्राम टाना भगत की वीरता को याद रखेगा देश : शरत कुमार विद्यार्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो /लोहरदगा।** कारगिल के अमर शहीद कैरो प्रखंड के एडादोन ग्राम निवासी स्व0 विश्राम टाना भगत के बीरता एवं अदम्य साहस को हमेशा याद रखेगा देश। उक्त बाते कैरो प्रखंड 20 सूत्री सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी ने कारगिल बिजय दिवस पर टाटी मोड़ स्थित अमर शहीद विश्राम टाना भगत के प्रतिमा को नमन व माल्यार्पण करते हुए कहा कि 05 जनवरी 1970 को विश्राम टाना भगत का जन्म कैरो प्रखंड के एडादोन ग्राम के एक गरीब किसान के यहां जन्म हुआ था, उन्होंने बचपन मे ही देश की सेवा करने का लक्ष्य रखा था और कामयाबी भी मिली थी। मुझे वह दिन याद है 26 दिसंबर 2001 को जब यह सूचना मिली की विश्राम टाना भगत दुश्मनो से लोहा लेते शहीद हो गये पुरा क्षेत्र गम के माहौल मे डूब गया था। सबकी निगाहें अपने लाल के शरीर के अंतिम दर्शन को ललायित थी।

### बैठक 30 जुलाई को

जारी। झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति प्रदेश कमेटी की बैठक 30 जुलाई को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क पर्यटक भवन में होगी। इसमें जिला समितियों के गठन के लिए तिथि का निर्धारण एवं पर्यवेक्षक दल का गठन किया जायेगा। जानकारी झारखंड चीक बड़ाईक उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप बड़ाईक ने दी है।

### पुल के गड्ढे को भरवा कर किया दुरुस्त

**चैनपुर।** चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने बुधवार को रामपुर पुल पर हुए गड्ढे को भरकर उसे दुरुस्त कराया गया। बताते चलें कि चैनपुर डुमरी सहित स्टेट हाईवे को जोड़ने वाली रामपुर पुल में बड़े बड़े गड्ढे बन गए थे। जिसके चलते आये दिन वहां दुर्घटना होते रहती थी।

## प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने को पेड़ लगाना जरूरी : रमाकांत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** माहेश्वरी महिला समिति गुमला के द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नीम, अर्जुन, आंवला आदि के 20 पौधे लगाये गये।

मौके पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने माहेश्वरी महिला समिति की शोभा मालानी, शकुंतला मंत्री, सुनीता मालानी, नीता मालानी, मधु मंत्री, शोभा विनोद साबू, सुमन साबू, अन्नू मालानी, रितिका मंत्री, संगम साबू, सौम्या काबरा, कुमुद मंत्री, निशी साबू, श्वेता चितलांगिया, शशि मालानी का स्वागत करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आपने जो बीड़ा उठाया है, वह प्रशंसनीय है।

#### मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# विधि व्यवस्था भंग करने वालों से सख्ती से निपटने की दी हिदायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों के सहयोग की वजह से ही पूरे जिले में शांति व्यवस्था कायम है। विधि-व्यवस्था से जुड़ी राज्य स्तर की बैठकों में लोहरदगा जिला में विधि व्यवस्था की प्रशंसा होती है तो इसके लिए शांति समिति के सदस्य, पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारीगणों को इसका श्रेय जाता है। सिर्फ यही नहीं बल्कि प्रत्येक क्षेत्र में लोहरदगा जिला का नाम हो, यही प्रयास रहता है। बीते एक वर्ष में जो विधि-व्यवस्था के क्षेत्र में काम हुआ है वह सचमुच प्रशंसनीय है। संविधान भी यही सिखाता है कि हम आपस में मिलजुल कर रहें और एक दूसरे समुदाय के धर्म का सम्मान करें। उपायुक्त ने कहा कि देश की सभ्यता 4.5 हजार से अधिक वर्षों से चली आ रही है,हमें अगली पीढ़ी को अच्छी व्यवस्था व परंपरा हस्तांतरित करनी चाहिए।



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

- पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि शांति समिति के सदस्य जिला में शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपनी भूमिका सही तरीके से निभा रहे हैं। आनेवाले त्योहारों को भी हमें जिम्मेवारीपूर्वक मनाये जाने की जरूरत है। मुहर्रम बलिदान की महत्ता को बताता है, यह अपने बच्चों व युवाओं को भी बतायें।
- सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार ने कहा कि सिविल एडमिनिस्ट्रेशन के सहयोग के लिए सीआरपीएफ की टीम हमेशा तैयार व सजग है। सभी लोग शांति चाहते हैं। लोहरदगा जिला अब बेहतर शांति-व्यवस्था के लिए जाना जाता है। आने वाले वर्षों में यह व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए हम सभी को प्रयासरत रहना होगा।

# रामरेखा धाम के लिए भक्तों का जत्था रवाना धार्मिक यात्रा को लेकर उत्साहित दिखे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति ने बीते कुछ वर्षों की भांति इस वर्ष भी भक्तों के जत्था को एक दिवसीय धार्मिक यात्रा पर ले जाने का कार्य किया। समिति के बैनर तले बुधवार सुबह लगभग 8 बजे हजारों भक्तों का जत्था रामरेखा धाम सहित अन्य धार्मिक स्थल के लिए रवाना हुआ। कुल 11 बसों पर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। यात्रा को लेकर जत्था में शामिल हर एक लोग उत्साहित दिखा। जत्था को सुभाष चौक स्थित देवी मंदिर परिसर से समिति के पदाधिकारियों ने रवाना किया।

बताया गया कि समिति द्वारा भक्तों के लिए बस से यात्रा की व्यवस्था हर वर्ष की जाती है। इस बार भी 11 बड़ी बस एवं कई छोटी गाड़ी से भक्त रवाना हुए। अपर बाजार गुदरी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप समीप ने हनुमान जी का दर्शन करते हुए आगे अपनी यात्रा शुरू की। समिति के संरक्षक सह पूर्व बिशुनपुर विधायक रमेश उरांव, सुषमा सिंह,परमेश्वर साहू,अजय सोनी, अनूप गुप्ता, अध्यक्ष राजीव रंजन, सुनील अग्रवाल, दया शंकर सिंह ओम महतो, हेमंत वर्मा, विक्की कसेरा, प्रदीप साहू, अनिल उरांव महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, नगर अध्यक्ष दीपक साहू सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौके पर उपस्थित रहे। लोहरदगा से निकली जत्था सिमडेगा मुख्यालय से करीब 26 किमी दूर स्थित रामरेखा धाम पहुंचेगी।



रामरेखा धाम में पूजा-अर्चना करते भक्तगण।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी महिला की हत्या, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकोबर स्थित ढोंगोपहरी तालाब के समीप बीते मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में 35 वर्षीय महिला सलमा खातून पति स्व मुस्ताक अंसारी के शव बरामदगी मामले में पुलिस ने त्वरित गति से मामले का उद्भेदन करने में सफलता पाई है।

घटना के आरोपी युवक छतरबर निवासी शबा अंसारी पिता स्व अब्दुल सत्तार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि महिला के संदिग्ध अवस्था में शव बरामद होने के बाद मृतका की पुत्री रुखसार प्रवीण ने दुपट्टा से गला घोंट कर उसकी मां की हत्या करने का आरोप अज्ञात पर लगाते हुए कांड संख्या 134/23 में मामला दर्ज कराई थी, मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में गठित छापामारी टीम ने तकनीकी सहयोग से संदेह के आधार पर छतरबर निवासी शबा अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, इस दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया की मृतका सलमा खातून से पहले से उसका सम्पर्क था तथा शादी करने का दबाव बना रही थी, जिसके बाद आरोपी युवक महिला को रास्ते से हटाने के लिए सुनियोजित तरीके से मृतका सलमा खातून को देर रात्रि को मिलने के लिए घर से दूर खेत में बुलाया और दुप्पटे से गला दबाकर उसकी हत्या कर फरार हो गया। वहीं थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### हाथियों ने एक मवेशी को कुचला

**सिमरिया।** हाथियों के झुंड ने मंगलवार की रात सबानो पंचायत के नवाडीह गांव में उत्पात मचाया। झुंड ने एक मवेशी को मार डाला उक्त मवेशी सबानो गांव के लालमन कुमार साहू का था। ग्रामीणों ने बताया कि 12 बजे रात हाथियों का झुंड आ धमके और उत्पात मचाना शुरू कर दिया। मचान में बांधे मवेशियों को मारने लगे। ढोल नगाड़े के साथ हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया। भुक्तभोगी ने वन विभाग से मुआवजा देने और हाथियों को भगाने की मांग की है।

### ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत, एक घायल

**चतरा।** वशिष्टनगर थाना क्षेत्र के मोरेनवा के समीप ट्रैक्टर दुर्घटना में चालक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य ट्रैक्टर सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रैक्टर बैठे 2 और व्यक्ति बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अशोक भारती को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि सेरेगड़ा निवासी अशोक भारती (ट्रैक्टर चालक), कटैया निवासी शिवरथ भारती, सतीश भारती व अजय भारती ट्रैक्टर से बालू लेने के लिए घंघरी गए थे। लौटने के क्रम में मुरैनवा गांव के समीप एक बोलेरो ने ट्रैक्टर को चकमा दे दिया। जिसे बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर पलट गया। जिससे अशोक की मौह्नत मौके पर ही हो गई। जबकि शिवरथ गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया गया।

### आइपीएस अधिकारी बनने पर बांटी मिठाइयां

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** चतरा मुख्यालय के पूर्व डीएसपी पितांबर सिंह खेरवार की सोमवार को पदोन्नति होने पर मंगलवार को पत्थलगड़ा के गांधी चौक में लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की है। लोगों ने बताया कि जिला मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार का कार्य - काल बहुत ही अच्छा रहा। श्री खेरवार ने पुलिस और पब्लिक के बीच में समन्वय स्थापित करने का कार्य किए थे। वे फिलहाल धनबाद के निरसा में पदस्थापित रहकर अपने कार्यों का निर्वाहन कर रहे थे। खास बात यह है कि इनके आगे बदमाशों की एक भी नहीं चलती थी। अब श्री खेरवार आईपीएस अधिकारी बन गए हैं इसलिए और भी बेहतर कार्य करेंगे। बताते चलें कि मिठाई बांट कर खुशी जाहिर करने में आशीष कुमार, मुकेश कुमार, अरुण कुमार दांगी, सुरेंद्र सोनी व अन्य लोगों का नाम शामिल है।

### बीडीओ को सौंपा पत्र

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के वार्ड सदस्यों ने प्रखण्ड वार्ड सदस्य संघ के माध्यम से मानदेय भुगतान की मांग को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नाम पत्र सौंपा गया। पत्र में लिखा गया कि टंडवा प्रखण्ड अंतर्गत वार्ड सदस्यों का पिछले सभी माह का मानदेय भुगतान नही हुवा है, साथ ही अन्य भत्ता भी बकाया है। इसलिए बकाया मानदेय एवं भत्ता अभिलम्ब भुगतान कराने की मांग किया गया। उक्त आवेदन बीडीओ रँथु महतो के अनुपस्थिति में उनसे टेलफोनिक बात करके प्रधान सहायक सीतारामदास को दिया गया। इस मौके पर संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष धीरेंद्र भगत एवं नागेश्वर भुइयाँ, सरिता देवी, बेबी देवी, संगीत देवी, मालती देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थें।

### आम्रपाली महाप्रबंधक को सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

**टंडवा (चतरा)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्यों ने आम्रपाली महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा किया गया। ततपश्चात रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्यों ने संयुक्त रूप से 8 सूत्री मांग पत्र महाप्रबंधक को सौंपा गया। महाप्रबंधक ने अभिलंब तमाम मांगों को पूरा करने की आश्वासन दिया। मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन सचिव गुरदयाल साव जेएमएम नेता मनोज चंद्रा निरंजन साव अनिरुद्ध साव राम लखन उरांव गोपाल महतो किशुन राम समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत, बच्चा गंभीर



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवादा चौक के समीप बुधवार की दोपहर एक बस की चपेट में आ जाने से बाइक सवार पति-पत्नी व बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार दंपत्ति अपने पुत्र सोहेल के साथ किसी जरूरी काम को लेकर बल्हारा से कोडरमा की ओर जा रहा था, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही त्रिमूर्ति बस जेएच11एच/6667 की चपेट में आ गये, जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल दंपति को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल ले गया, जहां इलाज के दौरान घायल दंपति 35 वर्षीय मुनिया खातून पति 42 वर्षीय मो. मंजूर की मौत हो गई। पुत्र 8 वर्षीय मो. सोहेल गंभीर रूप से घायल का इलाज चल रहा है। जिसकी पहचान राजधनवार थाना क्षेत्र के बल्हारा निवासी जिला गिरिडीह के रूप में की गई है। वहीं घटना की सूचना पाकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# कारगिल दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखण्ड एडुकेशनल एण्ड कल्चरल डेवलपमेंट सोसाईटी के तत्वधान में संचालित झारखण्ड विधि महाविद्यालय, झारखण्ड संध्याकालीन महाविद्यालय एवं झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने कारगिल दिवस पर अदम्य साहसी वीरों के प्रति देशभक्ति की भावना एवं देश की रक्षा करने हेतु आत्मसर्मपण करने वाले शहीदों को श्रद्धांजली एवं श्रद्धा सुमन समर्पित किया। इस अवसर पर झारखण्ड विधि महाविद्यालय के सचिव डॉ. डीएन मिश्रा एवं प्राचार्य डॉ.विकास राय ने माल्यार्पण कर शहीदों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, साथ ही साथ सभी महाविद्यालय के कर्मियों ने भी उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया।



### धूमधाम से मना कारगिल विजय दिवस

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस.पब्लिक स्कूल में बुधवार को कारगिल विजय दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। जहां स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेट्रियोटिक पोस्टर व बैनर बनाते दिखे। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों ने स्पीच व नृत्य कर सबों का मन मोहा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए ढेरों शुभकामनाएं दीं।

# सिमरिया डिग्री महाविद्यालय का आठवां स्थापना दिवस मनाया गया

**लगाया गया पौधा आज फल फूल रहा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** सिमरिया डिग्री महाविद्यालय सिमरिया का आठवां स्थापना दिवस बुधवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना के कार्मिक एवम प्रशासनिक प्रबंधक अशोक कुमार, कार्मिक प्रबंधक अनूप कुमार भगत, बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि देवेंद्र प्रसाद, महाविद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद बिहारी पासवान, सचिव अखिलेश कुमार सिंह, प्रोग्रेसिव सोसाइटी सचिव सरयू राणा, प्राचार्य सुरेंद्र कुमार बक्शी मुख्य रूप से शामिल हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रबंधक ने कहा कि आठ साल पहले कठिन और विपरीत परिस्थितियों में लगाया गया पौधा आज फल फूल रहा है। महाविद्यालय प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में खुला महाविद्यालय आगे की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा मार्ग है जहां से छात्र छात्राएं अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते है। शिक्षा किताबी ज्ञान के साथ साथ छात्र छात्राओं को अनुशासन बनाता है। उन्होंने छात्र छात्राओं को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की बात की। उन्होंने महाविद्यालय की उज्ज्वल भविष्य का कामना करते हुए कॉलेज में अपना योगदान देने की बात की। साथ ही कॉलेज को 20 हजार रुपए का किताब उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कार्मिक प्रबंधक ने कहा कि छात्र छात्राएं अपने लक्ष्य को निर्धारित कर चले सफलता जरूर मिलेगी। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि ने कहा कि सुदूरवर्ती गांव क्षेत्र की बच्चे बच्चियों की उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए महाविद्यालय सार्थक साबित हो रहा है। कम ही दिनों में महाविद्यालय बेहतर कार्य किया है. समारोह को महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यो ने महाविद्यालय के नीव से लेकर अबतक के प्रगति कार्यों के बारे में संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक को प्रबंधन समिति ने मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्रेसिव सोसाइटी के सचिव सरयू राणा ने की। मौके मुखिया पार्वती देवी, करम साव, दशरथ ठाकुर, रामगुलाब राम, बाली ठाकुर, अलोक रंजन, प्रदीप राम के अलावा कॉलेज के व्याख्याता, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन



उद्घाटन करते अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान में बधुवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ जयपाल महतो, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, ब्रजेश चौबे एवं बीटीएम राकेश कुमार रजक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में किसानों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसको लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कर्मी सजग रहे। प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कर्मी ध्यान दें कि किसानों के हित में चलाए जा रहे योजनाओं का हर सुयोग्य लाभुकों को योजना के लाभ मिले। उन्होंने बीटीएम को सख्त निर्देश दिया कि जो भी कृषि मित्र कार्यशाला में नहीं आ रहे हैं उन्हें हटाकर नये कृषि मित्र बनाया जाए। बीटीएम राकेश कुमार रजक ने बताया कि किसान मोटे अनाज का विशेष ध्यान दें क्योंकि कम वर्षा में यह मोटे अनाज की खेती हो जाती है। क्योंकि अभी तक प्राप्त वर्षा नहीं हुई है जिससे किसान चिंतित है। ऐसे में किसानों का अनाज का उत्पादन कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। मौके पर सुनील राउत, अनुज पाठक, प्रदीप राउत, मनोज बैठा, सुनील पासवान, ओम प्रकाश शर्मा, प्रेम यादव, सुशील राउत सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने मनाया कारगिल विजय दिवस



उपस्थित भाजपा नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम्, वीर शहीद जवान अमर रहें..आदि अनेकों नारे लगाए। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने किया। मौके पर जवाहर पासवान ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान जवानों ने पाक को मुंह तोड़ जबाब दिया था। उस समय देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जवानों को खुली छूट दे रखी थी। जिसके परिणाम स्वरूप कारगिल युद्ध में भारत को 26 जुलाई 1999 को विजय प्राप्त हुआ। पूर्व कैप्टन रामराज पाण्डेय ने कहा कि कारगिल युद्ध में शहीद जवान सदैव पुजनीय रहेंगे। देश के वीर सपूतों ने मां भारती के लिए अपने प्राणों की आहुति दे कर देश का रक्षा किया है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, संतोष दूबे, विवेकानंद तिवारी, अभिमन्यु चौबे, विकास तिवारी, नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, बिपिन तिवारी, सुधीर कुशवाहा, अरविंद प्रजापति, अखिलेश तिवारी, ओमप्रकाश पाठक, जितेन्द्र दीक्षित, राम उनय तिवारी, राजकुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# जिला यक्ष्मा फोरम की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला टीबी फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के द्वारा जनवरी 2023 से अब तक जिला अंतर्गत टीबी उन्मूलन के लिए चलाए गए अभियान के तहत किए गए कार्यों तथा टीबी संदेहास्पद मरीजों की खोज कर उनकी जांच करवाना, उन्हें उपचार उपलब्ध कराना, बचाव एवं टीवी मुक्त चतरा जिला के लिए तैयार कार्य योजना की रूपरेखा के बारे में अवगत करवाया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय के द्वारा अभियान संचालन के निमित्त निर्देशित करते हुए कहा गया कि अभियान अंतर्गत पंचायत वार टीबी संदेहास्पद मरीजों के लक्ष्य का निर्धारण करते हुए उपलब्धियों की मासिक समीक्षा टीबी संदेहास्पद मरीजों की खोज कर उनका बलगम जांच सुनिश्चित किया जाए। प्रीजंपटीव टी बी को बढ़ाने हेतु, रेगुलर फॉलो अप करने एवम 100% निक्षय पोषण योजना देने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारियों के अध्यक्षता में प्रखंड वार्ड मुखिया मानकी व अन्य पंचायत जनप्रतिनिधियों को टीवी उपचार बचाव एवं उन्मूलन से संबंधित जन जागरूकता हेतु बैठकों का आयोजन करवाने हेतु भी संसूचित किया गया। बैठक में सभी पंचायत प्रतिनिधियों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए पंचायतवार कार्यशाला एवं अभियान से संबंधित जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन को प्राथमिकता दिया गया। बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के द्वारा टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत टीबी संदेहास्पद मरीजों का निःशुल्क बलगम जांच एवं टीबी पाए जाने पर 6 माह या चिकित्सक अनुसार अवधि विस्तार किए जाने पर पूर्ण उपचार अवधि तक निःशुल्क प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सीधे देखरेख में दवा के सेवन की व्यवस्था, पूर्ण उपचार अवधि तक निक्षय पोषण योजना के तहत डीवीटी के माध्यम से टीवी मरीजों के बैंक खाते में प्रतिमाह ?500 भुगतान आदि से संबंधित जानकारियों को साझा किया गया। उक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ महेन्द्र कुमार प्रसाद, सदस्य जिला परिषद निशा कुमारी, पत्रकार प्रतिनिधि अभिमन्यु कुमार, अधिवक्ता प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, डीपीसी विक्रांत कुमार, डीपीएस अनिल कुमार,एसटीएस मनोज कुमार, नवीन कुमार, अनुशंकार गुप्ता, मोहम्मद सरफराज समेत अन्य उपस्थित थे।



## एक नजर में

### डीसी सख्त, विद्यालय के आठ कर्मियों को किया गया कार्यमुक्त

**चतरा।** कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय गिद्धौर में दिनांक-25 जुलाई को अध्ययनरत छात्रा नेहा कुमारी द्वारा विषपान किए जाने के पश्चात प्राप्त मृत्यु की खबर पर उपायुक्त अबु इमरान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी चतरा दिनेश कुमार मिश्र को लापरवाह व संलिप्त कर्मियों जिनके लापरवाही के कारण इस प्रकार की घटना हुई है उसपर नियमानुसार जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से इस घटना को लेकर 24 घंटे के अंदर कारणपृच्छा कर जवाब मांगी गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी चतरा द्वारा बताया गया कि उपायुक्त के निर्देश के पश्चात कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में कार्य करने वाले वार्डेन रेणु कुमारी, नीतू कुमारी, संगीता कुमारी सहायक शिक्षिका, सुनीता कुमारी शारीरिक शिक्षिका, संगीता कुमारी और ममता कुमारी प्रहरी, लेखापाल रंजित कुमार, आदेशपाल वासुदेव साव, को कार्यमुक्त कर दिया गया है और उचित न्याय हेतु आगे की भी कार्रवाई की जा रही है।

### वार्डन रेनू कुमारी की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गिद्धौर की छात्रा नेहा कुमारी की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को जमकर हंगामा किया। सैकड़ों की संख्या में लोग फुटबॉल मैदान पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव यहां पहुंचा लोग शव के साथ ब्लॉक मोड पहुंचे और कारवाई की मांग को लेकर सड़क पर बैठ गए। वार्डन रेणू कुमारी को बर्खास्त करने और उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग को गिद्धौर ब्लॉक मोड़ के समीप जाम कर दिया। लगभग 2 घंटे तक सड़क जाम रहा। जानकारी मिलने के बाद सिमरिया एसडीओ सुधीर कुमार दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर संजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी कन्हैया यादव समेत दल बल के साथ पहुंचे और आक्रोशित लोगों के साथ वार्ता की। वार्ता के बाद जाम को हटाया गया। परिजन सहित कई पंचायत प्रतिनिधि ब्लॉक मोड़ में सड़क पर बैठ गए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। प्रमुख अनिता यादव, जिप प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, सतेन्द्र दांगी, समाजसेवी बसंत नारायण सिंह, शशि गुप्ता समेत अन्य ने पुलिस व प्रशासन से वार्ता की व दोषियों के खिलाफ कारवाई की मांग की।

### मानस मंडली ने किया सुंदरकांड का पाठ

**गढ़वा।** मानस मंडली बिशुनपुर इकाई गढ़वा के तत्वावधान में फारेस्ट कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में संगीत में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी रमाकांत शास्त्री व अमरनाथ उपाध्याय ने संगीत में सुंदरकांड पाठ किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से घर में सुख, शांति की प्राप्ति होती है। विश्व का कल्याण होता है। श्री हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, श्री रामचरितमानस अखंड पाठ सभी मनुष्य को अपने अपने घर में करना चाहिए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल, मानस मंडली के अरुण दुबे, बृजेश कुमार पांडेय, आत्मा पांडेय, द्वारकानाथ पांडेय, अशोक पटवा, रमाकांत उपाध्याय, सियाराम पांडय, राकेश रंजन चौबे, छोटेलाल तिवारी, मार्कंडेय तिवारी, उमेश सिंह, सतीश चौबे, मनोज दुबे, सतीश धर दुबे, रघुपति सिंह, अमरेंद्र कुमार मिश्र, शेखर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### पंचायत समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न

**भवनाथपुर।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख एवं बीडीओ जयपाल कुमार महतो ने सभी पंचायत समिति सदस्यों से 15वें वित्त वर्ष 2023-2024 के योजनाओं के चयन के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। ताकि योजनाओं को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्यों ने अपनी क्षेत्र का समस्याओं को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया। बैठक में उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, पंचायत समिति सदस्य चंदन ठाकुर, शकील अहमद, सरिता देवी, पूर्व प्रमुख रीता देवी, संजू देवी, हसीना बेगम, मानिकराज देवी, 15वां वित्त प्रखंड समन्वयक अशोक कुमार, बीपीआरओ भुनेश्वर सिंह सहित सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

### नये पुलिस निरीक्षक के पद पर अरविंद ने दिया योगदान

**मझिआंव।** पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार का मझिआंव से तबादला हो गया है। उनके स्थान पर अरविंद कुमार को पदस्थापित किया गया है। अरविंद कुमार इससे पहले जमशेदपुर में पुलिस निरीक्षक के पद पर पदस्थापित थे। वहीं विभाग के द्वारा लगभग एक माह पूर्व उन्हें स्थानांतरण करते हुए गढ़वा पद स्थापित किया गया था। इसके पश्चात जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर अरविंद कुमार को मझिआंव थाना में पुलिस निरीक्षक के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव कुमार को गढ़वा पीसीआर में स्थानांतरण किया गया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार ने मझिआंव थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव, कांडी एवं बरडीहा थाना के तमाम जनता से अपील कर कहा है कि क्षेत्र में मोहर्रम का त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएं। उन्होंने कहा कि मेरा निरंतर प्रयास रहेगा की तीनों थाना क्षेत्र में ग्रामीणों के सहयोग से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से कार्य को निष्पादन किया जाएगा।

### बच्चों से भरी मैजिक वाहन गड्ढे में गिरी

**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी-पतीला मुख्य सड़क शिवरी पुल के समीप बुधवार की दोपहर एक स्कूल का मैजिक गाड़ी अनियंत्रित होकर 20 फीट खाई में गिर पड़ी। जानकारी के अनुसार आदर्श पब्लिक स्कूल कांडी का बच्चों से भरी हुई एक मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सड़क से 20 फीट नीचे आहार के पानी से मैजिक वाहन में सवार लगभग 20 बच्चे सकुशल बाहर निकाले गए। सभी बच्चों को आंशिक रूप से चोट लगी है। जिस प्रकार से 20 फीट गहरी खाई में अनियंत्रित होकर मैजिक गाड़ी पलटी उससे एक बड़ी घटना घट सकती थी। सभी स्कूली बच्चे सुरक्षित स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाले गए। साथ ही स्थानीय लोगों ने सभी बच्चों को उपचार के बाद परिजनों को सौंपा। इस संबंध में विद्यालय के संस्थापक दीपांजन कुमार ने बताया कि मैजिक वाहन विद्यालय से बच्चों को लेकर अपने अपने घर छोड़ने जा रहा था इसी क्रम में मैजिक वाहन का स्टेरिंग फेल होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### आठ ट्रैक्टर खैर का बोटा जब्त

**रमना।** वन विभाग की टीम ने डंडई-करके मार्ग से परिवहन के लिए रखे आठ ट्रैक्टर खैर का छिला हुआ बोटा को बुधवार को जप्त कर रमना स्थित वन परिसर कार्यालय लाया है। जप्त की गई खैर के बोटा का अनुमानित मूल्य 20 से 25 लाख रुपए लगाई गई है। इस संबंध में प्रभारी वन पाल नीरज कुमार मेहता ने बताया कि वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी गढ़वा को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि डंडई में भारी पैमाने पर खैर का छिला हुआ बोटा परिवहन के लिए रखा गया है। जिसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा छापामारी कर डंडई-करके मार्ग में बिजली ग्रिड के समीप से आठ ट्रैक्टर खैर का छिला हुआ बोटा को जप्त कर वन परिसर रमना लाया गया। जिसका अनुमानित लागत 20 से 25 लाख है। छापामारी दल में प्रभारी वन पाल नीरज कुमार मेहता, वनरक्षी सचिन कुमार, प्रवीण कुमार शुक्ला, नवीन कुमार शुक्ला, ध्रुव कुमार, पुष्पराज सिंह, राजकुमार राम, राजीव रंजन कुमार, मनीष टोप्पो, संजय चौधरी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**गारू।** आगामी मुहर्रम त्योहार को लेकर बारेसांढ़ थाना परिसर में बीडीओ प्रताप टोप्पो की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बीडीओ में श्री टोप्पो ने कहा की मोहर्रम आपसी भाईचारे के साथ मनाये। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी किसी प्रकार का असामाजिक तत्व द्वारा विधि व्यवस्था खराब करने की कोशिश की जाएगी तो उस पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। सोशल मिडिया पर रहेगी पैनी रहेगी। मौके पर थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव, एसआई पवन कुमार रजक, करण कुमार यादव, मुखिया सुभाष कुमार सिंह, इरफान अंसारी, रफीक अंसारी, बलराम यादव समेत प्रबुद्ध जन, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### बाइक से गिरकर युवक हुआ घायल

**बालूमाथ।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्ममोरिया ग्राम के पास बीती रात्रि एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक ब्रह्ममोरिया के पास गिरा हुआ था वहीं ग्रामीणों रॉकी कुमार लोहरा संदीप कुमार डीके यादव नरेश सभी हेरहंज की नजर पड़ते ही उसे बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में घायल का प्राथमिक उपचार किया गया, वही घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। मोटरसाइकिल नंबर के आधार पर घायल का नाम छोटू टोप्पो बताया जा रहा है।

### उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** हेमपुर पंचायत के ग्रामीणो ने मंगलवार को जनता दरवार में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर प्रावि. हेमपुर से यादव टोला तक पीसीसी पथ निर्माण कराने की मांग की। ग्रामीणो ने उपायुक्त को बताया गया सड़क स्थिति दयनीय होने के कारण बच्चो को विद्यालय जाने में काफी परेशानी होती है। उक्त सड़क हेमपुर, सेमरसोत की जनता बाजार, आंगनबाड़ी आवागमन करते हैं। जिन्हे काफी दिक्कत होती है। जनहित को ध्यान में रखते हुये तत्काल पीसीसी पथ बनाने की गुहार लगायी है। गुहार लगाने वालो में दर्जनो ग्रामीणा शामिल है।

### संत जोसेफ विद्यालय की टीम सुब्रतो कप फुटबॉल में भाग नहीं ले पायी

**महुआडांड़।** जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट में महुआडांड़ की प्रखंड स्तरीय फुटबॉल विजेता संत जोसेफ विद्यालय की टीम भाग नही ले सकी। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप एक्का ने बताया कि शिक्षा विभाग के कर्मी द्वारा बुधवार को जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट में भाग लेने हेतु लातेहार जाने के लिए सूचित किया गया था परंतु विभाग द्वारा किसी तरह का व्यवस्था नहीं दिया गया जिसके कारण टीम भाग नही ले सकी, इससे पूर्व भी प्रखंड स्तरीय टूनार्मेंट में विभाग द्वारा कोई व्यवस्था नहीं दी गई थी चूंकि स्थानीय टीम ही भाग ले रहे थे इसलिए यह टूनार्मेंट संपन्न हो पाया लेकिन जिला मुख्यालय में आने जाने के अलावा अन्य खर्च भी है जिसकी व्यवस्था नहीं होने के कारण हमारी प्रखंड स्तरीय विजेता टीम भाग नही ले सकी।

### हिंडाल्को कोल माइंस ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**चंदवा।** प्रखंड के चकला पंचायत में हिंडाल्को कोल माइंस के तत्वाधान में समाजिक सरोकार नीति के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. राहुल कुमार की देखरेख में मेडिकल टीम के द्वारा दर्जनो ग्रामीणो का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी गयी। मौके पर हिंडाल्को के बसंत कुमार ने कहा कि चकला वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इस उद्देश्य इस गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। एचआर प्रभारी प्रकाश साहू ने कहा की चकला वासियों का स्वास्थ्य बेहतर हो इस वजह से चकला में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। शिविर में हिन्डाल्को के कर्मी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### मिशन इंद्रधनुष को सफल बनाने को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एएनएम, जीएनएम, चिएचओ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित लोगों को यूंविन पोर्टल में डाटा ईट्री को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। वही प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर नीलमणि ने कहा कि मिशन इंद्रधनुष के तहत जो भी बच्चा व गर्भवती माता टीकाकरण से छूट गया है ऐसे लोगों को चिन्हित कर एक सूची तैयार करें एवं पोर्टल में डाटा ईट्री करने के बाद उन लोगों को नजदीक के आंगनबाड़ी केंद्र में बुलाकर टीकाकरण करना है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने कहा कि सरकार का निर्देश प्राप्त है कि एक भी बच्चा व गर्भवती माता टीकाकरण से वंचित नहीं रह सके। डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर डॉक्टर अखिलेश्वर सिंह ने कहा के मिशन इंद्रधनुष 7 अगस्त से 14 अगस्त तक चलाया जाएगा। इसकी तैयारी आप लोग अपने अपने क्षेत्र में अभी से ही कर ले। इस बैठक में बीपीएम मृत्युंजय कुमार, एनएम विमला कुमारी, रीता टोपो, पूनम कुजूर, मालती कुमारी, सुनीता सिन्हा, प्रेमलता कुमारी, समेत सभी एएनएम जीएनएम सी एच ओ उपस्थित थे।

# कारगिल पार्क में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**कारगिल विजय दिवस**

- विभिन्न प्रतियोगिताओं के छात्र हुए पुरस्कृत पारंपरिक नृत्य ने मोहा सबका मन
- कारगिल विजय दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो ने गांधी इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कारगिल दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**लातेहार।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज के द्वारा गांधी इंटर कॉलेज लातेहार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित 214 बटालियन के कमांडेंट अभिनव आनंद, गांधी इंटर कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू एवं अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर के द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं बुके देकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अभिनव आनंद ने कहा कि कारगिल की लड़ाई काफी मुश्किल थी, लेकिन भारतीय सेना के जांबाज जवानों के कारण महज दो महीने में ही दुश्मनों को पराजित किया। गांधी इंटर कॉलेज के प्राचार्य दशरथ साहू ने कहा कि आज का भारत तरक्की की ओर अग्रसर है वह दिन दूर नहीं जब हम विश्व गुरु बनेंगे। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मकसद छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना विकसित करना है। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, शिक्षिका चोनाहाती बाड़ा, पूनम कुमारी, नीलम साहू, कुमारी ज्योति मौजूद रहीं। कार्यक्रम के पश्चात कारगिल पार्क जाकर सीआरपीएफ के कमांडेंट, कॉलेज के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# लातेहार जिले के 24वें उपायुक्त के रूप में हिमांशु मोहन ने किया पदभार ग्रहण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रभार लेते उपायुक्त हिमांशु मोहन।

**लातेहार।** लातेहार जिले के 24 वें उपायुक्त के रूप में बुधवार को हिमांशु मोहन ने निवर्तमान उपायुक्त भोर सिंह यादव से पदभार ग्रहण किया। हिमांशु मोहन ने लातेहार जिले के नए उपायुक्त के रूप में अपना योगदान दिया। सर्वप्रथम नवनियुक्त उपायुक्त हिमांशु मोहन ने उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। जिले के निवर्तमान उपायुक्त भोर सिंह यादव ने भी उपायुक्त हिमांशु मोहन को प्रभार देकर उन्हें शुभकामनाएं दी एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा की लातेहार जिले में विकास योजनाओं में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर सफल रूप प्रदान करना पहली प्राथमिकता रहेगी, साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह जिले की बेहतरी एवं आम जनों के कल्याण के लिए सदैव तत्परता से कार्य करेंगे।

# बीएस मेमोरियल हाई स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

- बच्चे पढ़ लिखकर पदाधिकारी बनें या ना बनें, लेकिन सामाजिक, संस्कारी व चरित्रवान जरूर बनें : अनिता देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं अतिथि।

**बालूमाथ।** बीएस मेमोरियल हाई स्कूल में बुधवार को विद्यालय को सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त होने पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जीला उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड में पहला विद्यालय है जिसे सीबीएसइ बोर्ड से मान्यता प्राप्त हुई है। बालूमाथ, बारियातू एवं हेरहंज प्रखंड के बच्चों को काफी सहूलियत होगी उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चे के को अच्छा संस्कार दें विद्यालय बच्चे पढ़ लिखकर पदाधिकारी, अफसर बने या ना बने लेकिन सामाजिक व संस्कारी वह चरित्रवान जरूर बने। शिक्षक शशिभूषण प्रसाद ने कहा कि बच्चों को कार्यक्रम देख कर ऐसा लग रहा है कि विद्यालय प्रगति पर है। पूर्व मुखिया अरविंद भगत ने कहा कि इस विद्यालय को सीबीएसइ को मान्यता मिलना गौरव की बात है जबकि प्रेम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखें बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती है जो बच्चे जिस क्षेत्र में रुचि लेते हैं उसी क्षेत्र में विद्यालय आगे बढ़ाने का प्रयास करें। इससे पूर्व विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत, संगीत व नाटक का मंचन कर लोगों के बीच खूब वाहवाही लूटी। विद्यालय के निर्देशक अशोक कुमार ने कहा कि यह विद्यालय 30 वर्ष पूर्व स्थापित की गई थी और लंबे संघर्ष के बाद आज सीबीएसई बोर्ड की मान्यता प्राप्त हुई है उन्होंने कहा कि विद्यालय में लाइब्रेरी, कंप्यूटर, खेल, आवागमन के लिए वाहन समेत सभी तरह का आवश्यक संबंधी क्लास की व्यवस्था की गई है ताकि बच्चों को हर तरह की सुविधा मिल सके। इस मौके पर मोहम्मद जुबेर, मोतिउर रहमान, रामनाथ सिंह, अमीर हयात, पप्पू चौबे, विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगनारायण पाठक, शैलेश सिंह, वीरेंद्र कुमार, राजू कुमार, समेत के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का स्वागत पौधा देखकर किया गया। मंच का संचालन आठवीं कक्षा की छात्रा मुबाशरा प्रवीण ने कि।

# कैंडल मार्च निकालकर मणिपुर घटना का विभिन्न दलों ने किया विरोध



विरोध में शामिल विभिन्न दलों के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने, लगातार हिंसा होने के विरोध में राजनीतिक दलों झामुमो, कांग्रेस, माकपा, भीम आर्मी, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने पेंशनर समाज परिसर से इंदिरा गांधी चौंक तक कैंडल मार्च निकाला।जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि मणिपुर की जातीय हिंसा व अमानवीय वारदातों की हम घोर निंदा करते हैं, उन्होंने कहा कि लगभग 80 दिनों से जारी इन घटनाओं पर पीएम मोदी की चुप्पी तो और भी ज्यादा निंदनीय है। माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, सीपीएम नेता अयुब खान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, ने कहा कि एक असफल मुख्यमंत्री का आज तक मणिपुर में अपने पद पर बने रहना भाजपा की अकर्मण्यता का परिचायक है। मणिपुर की जो परिस्थितियां हैं वह लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। वहां हिंसा रोकने के बजाय देश के चौंकीदार चुनाव की तैयारी में मस्त हैं। कैंडल मार्च में श्रीराम शर्मा, बाबर खान, रिझरूस पाल एक्का, साबीर आलम, दामोदर उपाध्याय, छटन राम, बीरेंद्र कुमार, रवि शंकर जाटव, जीतेंद्र सिंह, बैजनाथ ठाकुर, पचु गंझु, रसीद मियां, ललन राम समेत कई लोग मौजूद थे।

# फरार अभियुक्त के घर चंदवा पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



फरार आरोपी के घर पर इश्तिहार चिपकाते पुलिसकर्मी।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के मटलोंग पंचायत अंतर्गत स्थित कोरीद गांव निवासी अभियुक्त विजय सिंह पिता भूखन सिंह के गिरफ्तारी को लेकर दिन बुधवार को पुलिस ने उसके घर के दरवाजे पर इश्तिहार चिपकाया है। वहीं मामले की जानकारी देते हुए चंदवा थाना के एसआई दिव्य प्रकाश ने बताया कि अभियुक्त विजय सिंह के खिलाफ चंदवा थाना कांड संख्या 131/2021 धारा 376 (1)/ 370/ 420/34 IPC एवं पोस्को एक्ट के तहत दिनांक 29/09/2021 को प्राथमिकी दर्ज किया गया था। जिसके बाद से आरोपी विजय सिंह फरार है उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है लेकिन आरोपी पुलिस के पकड़ में नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि फरार आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा निर्गत किए गए इश्तिहार को उसके घर पर चिपकाया गया है यदि इसके बाद भी आरोपी थाना या न्यायालय में आकर आत्मसमर्पण नहीं करता है तो न्यायालय के आदेशानुसार उसके घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई दिव्य प्रकाश, एएसआई मनोज कुमार दुबे समेत पुलिस बल के अन्य जवान उपस्थित थे।

# एकमात्र चापाकल के सहारे बुझ रही 200 ग्रामीणों की प्यास

- जल जीवन मिशन के तहत तीन जलमीनार चार महीने पहले लगी, लेकिन एक दिन भी नहीं मिला पानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चापाकल से पानी भरते ग्रामीण।

**महुआडांड़।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत परहाटोली के ग्राम तुगटोली में पेयजल की भारी किल्लत से ग्रामीण परेशान है, गांव की आबादी लगभग 200 के बीच एकमात्र चापाकल मौजूद है. एक चापाकल में इतनी अधिक आबादी निर्भर होने से पानी के लिए लोग घंटो लाईन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते है। हालांकि 2023 मार्च महीने में जल जीवन मिशन स्कीम के तहत नल जल योजना अंतर्गत तुगंटोली गांव में तीन सोलर आधारित जलमीनार लगाए गए है. वही ग्रामीणों ने कहा, नये बोरिंग खोदकर सोलर सिस्टम जलमीनार तो खड़ा कर दिया गया, लेकिन पानी सप्लाई एक दिन भी नही कि गई, यह भी कहा कि बोरिंग 60 फीट व 80 फीट कि गई है, चापाकल खोदते ही पानी सुख गया है। हम लोगों के द्वारा ठेकेदार को यह बताएगा गया, लेकिन ठेकेदार हमारी बातों को नजरअंदाज का ड्राई बोरिंग में जलमीनार खड़ा कर दिया है। इस संबंध में परहाटोली पंसस निर्मला टोप्पो ने कहा कि पानी टंकी लगाए 4 महीने हो रहे हैं लेकिन पानी सप्लाई नहीं की गई, ग्रामीण हर रोज आकर शिकायत करते हैं, जब जलमीनार के ठेकेदार को मेरे द्वारा फोन किया गया तो बात करना भी मुनासिब नही समझा. पंचायत में लगे लगभग सभी जलमीनार की यही स्थिति है,अनियमितता और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।

### प्रथम से नौवीं कक्षा के लिए पुस्तक का वितरण



पुस्तक वितरण के मौके पर मौजूद ग्रामीण।

**बारियातू।** शिक्षा विभाग द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय परिसर मे वर्ष 2023-24 के लिए बुधवार को प्रथम कक्षा से 9वीं वर्ग के विद्यालय मे पढ़ने वाले छात्रों लिए संकुल प्रभारी प्रकाश कुमार यादव के नेतृत्व मे शिक्षकों के बीच पुस्तक का वितरण किया गया। पुस्तक वितरण के संबंध में जानकारी देते हुए संकुल प्रभारी यादव ने बताया कि विभाग द्वारा विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चों के लिए पुस्तक प्राप्त हुआ था। जिसे प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को नामांकित छात्रों के अनुपात पुस्तक वितरण गया। वर्ग एक मे 858 सेट, वर्ग 2 मे 998, वर्ग चार मे 1221, वर्ग पांच मे 1354, वर्ग सात मे 1380, वर्ग 8 मे 1242, वर्ग 9 मे 686 सेट पुस्तक वितरण करने के लिए प्रधानाध्यापक को दी गई । वर्ग 3 और 6 का पुस्तक प्राप्त नहीं हुआ था, जिस कारण वितरण नहीं किया गया। प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों के बीच बच्चों के लिए निशुल्क पाठ्य पुस्तक को ससमय वितरण करने का दिशा निर्देश दिया गया। जो विद्यार्थी विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं वैसे छात्र को घर जाकर शिक्षक पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराएंगे। वितरण के पश्चात का रिपोर्ट बीआरसी कार्यालय को देना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर कई शिक्षक मौजूद थे।

### बाइक से युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर चितरपुर ग्राम के पास बुधवार देर शाम बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चन्द्रदेव गंझु 35 वर्ष पिता गेंदा गंझु बालूभांग थाना बारियातु निवासी बाइक में सवार होकर चंदवा से बालूमाथ की ओर आ रहा था इसी दौरान चितरपुर ग्राम के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पीसीआर पुलिस पदाधिकारी जेम्स कुजूर सदल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉ. सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। वही बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### जामुन के पेड़ से गिरकर बच्चा घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के करण दाग ग्राम में जामुन के पेड़ से गिरकर बबलू कुमार 11 वर्ष पिता अंगलेश यादव ग्राम करण दाग थाना हेरहंज गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में बबलू कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बबलू कुमार गांव के बगल में जामुन के पेड़ में चढ़कर जामुन तोड़ रहा था तभी उसका पैर फिसलने से गिर गया जिससे उसका दोनों हाथ टूट गया।

# कर्बला में मन्नतियों की रही भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बारियातू। मुहर्रम की सातवीं तारीख बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के कर्बला में मन्नतियों की भीड़ रही। जहाँ मन्नतियों ने कर्बला मैदान में फातिहा ख्वानी कर हजरत हसन हुसैन की शहादत को याद किया। इधर प्रखंड मुख्यालय के अलावे साल्वे, ईटके, रहमत नगर, शिब्ला, नावाडीह, बठेठ, रत्नादाग, फुलसु, सहित विभिन्न इमामबाड़ों पर अकिदतमंदो ने हसन हुसैन के याद में मसीहा पढ़कर बताया की अकिदतमंदो का यह सिलसिला मुहर्रम के दसवीं तारीख तक जारी रहेगा सभी अखाड़े के अकिदतमंदो ने अपने - अपने कर्बला मे फातिहा ख्वानी कर मन्नतें व अमन चयन की दुआ मांगा। टोंटी पंचायत के ईटके मुहर्रम कमिटी द्वारा अखाड़ा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ टोंटी पंसस सह मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मो होजैफा, व समाज सेवी मो सालीम के साथ दोस्ताना लाठी खेल कर किया गया। मुहर्रम की सातवीं की रात में विभिन्न मुहर्रम अखाड़ा कमेटियों की ओर से मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में जुलूस निकाला गया और पारंपरिक तलवार के माध्यम से हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। वहीं मुहर्रम के दसवीं तारीख 29 जुलाई को विभिन्न अखाड़ा कमिटीयों की ओर से निशान ताजिया जुलूस के साथ भव्य झांकी निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। मौके पर मांडर से आए ओस्ताद मो हातिम अंसारी, मो सलाउद्दीन उर्फ फुचानी, मोजाबर मो सद्दाम, खलिफा मो अजहर, मो शाहनवाज, मो मुस्लिम, मो इस्लाम, मो जैनुल, मो शमीम, मो हदीस, मो मोईन, मुम्मताज, जुबैर, खालिद, सहित कई लोगों ने बताया कि गुरुवार को मुहर्रम की आठवीं के मौके पर छोटकी ताजिया इमामबाड़ों पर बिठाने की परंपरा की जाएगी, मुहर्रम की नवमी के दिन शुक्रवार रात्रि को इमामबाड़े पर ताजिया बिठाया जाएगा।

### हाथियों ने मचाया उत्पात, दो घरों को किया ध्वस्त



भुक्तभोगी से मिल नुकसान का जायजा लेते मुखिया।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत मरमर ग्राम में जंगली हाथियों के झुंड ने एक बार फिर से बीते रात जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों के झुंड ने टकलू गंझु व विनय गंझु के घर को ध्वस्त कर दिया व घर में रखे लगभग 2 क्वींटल चालव समेत अन्य सामानो को चट कर गया। घटना की सुचना के बाद बुधवार को मुखिया जतरू मुंडा गांव पहुंचे व भुक्तभोगियों से मुलाकात कर हाथियों के द्वारा पहुंचायें गये नुकसान की जानकारी ली। इस दौरान मुखिया श्री मुंडा ने ग्रामीणो को वन विभाग की ओर से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया साथ हीं विभाग से जंगली हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर भागने की भी मांग की। मौके पर वार्ड सदस्य सुषमा देवी, टकलू गंझु, विनय गंझु, शंकर गंझु, सुनील गंझु, अर्जुन गंझु, बालकिशुन मुंडा, देवाली गंझु, गुड्डू गंझु, मछिन्द्र गंझु, मंगरी देवी, सुमित्रा देवी, मुंडारी देवी, बिनीता देवी, मनिता देवी, सुरजमानी देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# मुहर्रम को लेकर बरवाडीह थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- बरवाडीह में कायम रहेगी आपसी भाईचारे की मिसाल : नसीम अंसारी



बैठक में उपस्थित अधिकारी व दोनों समुदाय के लोग।

**बरवाडीह।** मोहर्रम को लेकर बरवाडीह थाना परिसर में बुधवार को बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिप सदस्य संतोषी कुमारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, समाजसेवी मनान अंसारी और हेसामूल अंसारी के साथ-साथ मोहर्रम कमेटी के सदर खलीफा और शांति समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने दोनों समुदाय के लोगों को मोहर्रम की बधाई देते हुए शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। एसडीपीओ दिलु लोहरा ने कहा कि मोहर्रम को लेकर संवेदनशील स्थानों में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। शांति व्यवस्था में खलल उत्पन्न करने की कौशिश करने वाले शरारती तत्वों पर सख्त कारवाई की जाएगी। अधिकारियों ने जुलूस के आने-जाने के मार्ग विशेष की तफ्तीश की। जहां मोहर्रम कमेटी के लोगों ने रास्ते में आने वाले बिजली के लटके हुए तारों को दुरुस्त करवाने की अपील अधिकारियों से की। थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बैठक में उपस्थित बिजली विभाग के कर्मियों को पोखरीकला, छेंचा, बेतला, बरवाडीह बाजार सहित अन्य मार्गों पर लटके तारों अविलंब ठीक करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील करते हुए किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही। कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करें। समस्या से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन आपके साथ है। वहीं उन्होंने पर्व के दौरान किसी समुदाय के भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचे। इसका विशेष रूप से ध्यान रखने की बात कही। बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के साथ-साथ शांति समिति के सदस्यों ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में सभी धर्म के लोग शांतिपूर्ण ढंग से हर पर्व त्योहार को मनाते आ रहे हैं, ओर आगे भी शांतिपूर्ण ओर आपसी भाईचारे का मिसाल कायम रहेगा।

स्पीड न्यूज

## अंडर 14 फुटबॉल टूर्नामेंट में कोडरमा की टीम बनी विजेता

**कोडरमा।** झारखंड स्कूली शिक्षा विभाग के तत्वावधान में चल रहे जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत बालक वर्ग का अंडर 14 व अंडर 17 का मैच जेजे कॉलेज खेल मैदान में आयोजित किया गया। वहीं अंडर 14 का फाइनल मैच कोडरमा बनाम मरकच्चो प्रखंड के बीच खेला गया, जिसमें कोडरमा की टीम ने जीत हासिल की।

## तेज रफ्तार से बाइक चला रहे युवक को भरना पड़ा 25 हजार का जुर्माना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर में इन दिनों नव युवकों में तेज गति से बाइक चलाना आम बात हो गई है। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी ये नवयुवक काफी तेज गति से बाइक चलाते हुए निकलते हैं, जिससे आम राहगीरों को काफी दिक्कत होती है। ऐसे ही एक मामले में एक युवक को 25 हजार रुपये फाइन भरना पड़ा। दरअसल 24 जुलाई की संध्या झंडा चौक से स्मार्ट बाजार के बीच रामजीत यादव, पिता नागेश्वर यादव, ग्राम वृंदा, कोडरमा निवासी बाइक से स्टंट कर रहा था। जिसके बाद तिलैया पुलिस उसकी बाइक यामाहा 150 जेएच12पी/1152 को जब्त कर थाना ले आयी एवं बुधवार को उसके बाइक का परिवहन विभाग ने 25 हजार रुपये का चालान काटां एवं राशि जमा करने के बाद थाना से उसकी बाइक को छोड़ा गया। किसी बाइक का इतने रुपए कटने का यह पहला मामला है।

## भाकपा माले, जेएमएम, भीम आर्मी ने निकाला प्रतिवाद मार्च

**कोडरमा।** भाकपा माले, जेएमएम, भीम आर्मी ने संयुक्त रूप से मरकच्चो में बुधवार शाम को प्रतिवाद मार्च निकाला। प्रतिवाद मार्च अस्पताल मैदान से निकलकर मरकच्चो स्टेडियम के समीप शहीद मैदान में जाकर सभा में तब्दील हो गया। प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व माले प्रखंड सचिव बहादुर यादव व जिला कमीटी सदस्य अशोक यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दीवाकर तिवारी, जेएमएम के मो.खलील, अलोक दास, बसंत पासवान कर कर रहे थे।

## सूखाग्रस्त घोषित कर विशेष राहत कार्य चलाये सरकार : पूर्व विधायक

**जयनगर (कोडरमा)।** झारखंड में बारिश की बेरुखी को देख पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा पानी के बिना किसान त्राहिमाम हैं। श्रावण मास बीतने के कगार पर है और नदी, नाले, तालाब आदि सूखे हुए हैं। बैंक समेत अन्य जगहों से ऋण लेकर किसान खेतों में महंगे बीज बोया, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण धान समेत भदई फसल जगह पर ही सूख गये हैं। बारिश नहीं होने के कारण किसानों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। सूखे को देखते हुए ऋण की बोझ तले दबे किसान दम तोड़ रहे हैं। क्षेत्र में तत्काल राहत कार्य चलाने, कृषि पर आधारित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने और कर्ज लेकर किसानों द्वारा खेत में बोये महंगे खाद बीज का मुल्यांकन कर क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की झारखंड सरकार से मांग की है।

## 38 खनिज कारोबारियों पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई

**कोडरमा।** खनन विभाग की ओर से काफी दिनों के बाद खनिजों के कारोबार से संबंधित रॉयल्टी जमा नहीं करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई केे तहत कुल 38 कारोबारियों के विरुद्ध कुर्की वारंट जारी करते हुए इस पर कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजी है। इसमें खनन पट्टा धारी केे अलावा क्रशर व माइका केे कारोबारी शामिल है। विभाग अंतर्गत हजारीबाग के उपनिदेशक नीलाम पत्र पदाधिकारी की ओर से पुलिस अधीक्षक को रॉयल्टी बकाया होने को लेकर कुल 38 लोगों के विरुद्ध कुर्की वारंट के संबंध मेंे पत्र भेजकर इसकी संबंधी थानाेे प्रभारियों के माध्यम से तमिलाेे कराने का आग्रह किया गया है। इन सभी पर विभाग के लाखोंे रुपए पिछले कई सालों से बकाया पड़े हैं।

# नीतीश कुमार को इंडिया पर एनडीए की स्ट्राइक की चिंता, सहयोगियों से की सतर्क रहने की खासअपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** विगत 23 जून को पटना और उसके बाद 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में बीजेपी विरोधी राजनीतिक पार्टियों की बैठक के बाद गठबंधन का नाम आइएनडीआइए तय कर लिया गया। सभी मानते हैं कि विपक्षी एकता की कवायद के सूत्रधार नीतीश कुमार हैं। हालांकि, आइएनडीआइए बनने के बाद जिस तरह से एनडीए की ओर से प्रतिक्रिया आई और जिस अंदाज में एनडीए खेमा अपने आपको मजबूत करने में लग गया, इससे नीतीश कुमार को चिंता भी सताने लगी है। उनका मानना है कि जल्द से जल्द गठबंधन के तमाम सहयोगियों को आपस में यह भी तय कर लेना चाहिए कि कौन कहां से और कितनी और किन लोकसभा सीटों पर लड़ेगा। इसमें देर नहीं करनी चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बात को खुले तौर पर मीडिया के सामने भी कही। उन्होंने कहा, आइएनडीआइए नाम तो तय हो गया है, जिसकी बौखलाहट एनडीए में है, लेकिन केवल नाम भर से सब कुछ नहीं होगा। जल्द से जल्द कौन कहां और कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, यह भी तय हो जाना चाहिए। दरअसल, नीतीश कुमार कारगिल विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए कारगिल चौक गांधी मैदान पहुंचे थे। इसी दौरान जब उनसे सवाल पूछा गया कि लोकसभा में विरोधी दलों ने केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, इस पर आपकी प्रतिक्रिया क्या है? इस सवाल के जवाब में नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री और एनडीए की सरकार पर जमकर हमला करते हुए कहा कि मणिपुर की घटना पर लगातार विपक्ष मांग कर रहा है, पर सदन



में इस पर जवाब नहीं दे रहे हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सदन से गायब रह रहे हैं। मणिपुर में हालात कितने खराब हैं। महिलाओं को नंगा कर घुमाया जा रहा है, ऐसा कहीं संभव है। प्रधानमंत्री को संसद में इस पर जवाब देना चाहिए, लेकिन वे चुप रह रहे हैं।

बोल नहीं रहे हैं। इसलिए विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव उनके सरकार खिलाफ ला रहा है। वहीं, आइएनडीआइए नाम रखने पर गठबंधन पर प्रधानमंत्री के हमले पर भी नीतीश कुमार ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को कितना खतरा हो चुका है, यह सोच लिया जाए। मेरी कोशिश का असर है कि प्रधानमंत्री को अब खतरा लगने लगा है। विपक्षी दलों की एकता का स्वरूप दिख गया और अब नाम भी सामने आ गया। विपक्षी दलों से भी मेरी लगातार आग्रह है कि कौन दल कहां से लड़ेगा उस पर भी जल्द से जल्द फैसला करें। नीतीश कुमार ने आगे कहा, विपक्षी दलों के गठबंधन के नाम पड़ने से ही प्रधानमंत्री को परेशानी हो गई है। एनडीए विपक्षी दलों की बैठक होने से चिंता में है। एनडीए ने हमारी बैठक के दिन एनडीए की बैठक तय कर लिया। नीतीश कुमार ने एक बार फिर अटल बिहारी वाजपेयी के समय के एनडीए को याद किया और कहा कि अटल जी के समय में बने एनडीए में हम उनके साथ रहे हैं। उस समय बैठकें होती थीं, लेकिन अभी के एनडीए में कोई बैठक नहीं होती थी। नीतीश कुमार ने कहा, हमारी बैठक के साथ एनडीए की जो बैठक बुलाई गई और उसमें जो दल हैं, उनका नाम तक लोग नहीं जानते हैं।

सीएम ने इस बात को विशेष जोर देकर कहा कि विपक्षी दल की बैठक को जोड़ने की मेरी मुहिम को चाय नाश्ता करने की बात कहना, इसका कोई मतलब नहीं। विपक्षी दल इस मुहिम से एकजुट हुए और पटना पहुंचे। विपक्षी दलों की एकता में सभी अंदरूनी बात हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, ये लोग देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं, इसलिए हम अलग हो गए हैं। प्रधानमंत्री एक बार भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम नहीं लेते हैं। नीतीश कुमार ने कहा की जो आजादी की लड़ाई में शामिल नहीं हुए वे देश के इतिहास को बता रहे हैं। प्रधानमंत्री घबराहट में हैं और विपक्षी एकता के स्वरूप को देखकर जो मर्जी में आ रहा है वह उस बात को बोल रहे हैं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। नीतीश कुमार ने कहा, बिहार का विकास हो रहा है और देश में बिहार का नाम हो रहा है। लेकिन, इसमें भी बीजेपी वाले अपनी वाहवाही लेने में लग जाते हैं। बिहार में एक-एक काम विकास का जो हुआ है, हमने किया है। केंद्र सरकार हमारे विकास के कार्यों की नकल करती है। कई योजनाओं की नकल कर अपने नए नाम के साथ चला रही है। बगल में खड़े तेजस्वी यादव को देखकर सीएम ने कहा, बिहार के विकास के लिए हमलोग लगकर काम कर रहे हैं, कोई समस्या ना हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। नीतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सदन से गायब रह रहे हैं। मणिपुर में हालात कितने खराब हैं। महिलाओं को नंगा कर घुमाया जा रहा है, ऐसा कहीं संभव है। प्रधानमंत्री को संसद में इस पर जवाब देना चाहिए, लेकिन वे चुप रह रहे हैं। बोल नहीं रहे हैं।

इसलिए विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव उनके सरकार खिलाफ ला रहा है। वहीं, आइएनडीआइए नाम रखने पर गठबंधन पर प्रधानमंत्री के हमले पर भी नीतीश कुमार ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को कितना खतरा हो चुका है, यह सोच लिया जाए। मेरी कोशिश का असर है कि प्रधानमंत्री को अब खतरा लगने लगा है। विपक्षी दलों की एकता का स्वरूप दिख गया और अब नाम भी सामने आ गया। विपक्षी दलों से भी मेरी लगातार आग्रह है कि कौन दल कहां से लड़ेगा उस पर भी जल्द से जल्द फैसला करें। नीतीश कुमार ने आगे कहा, विपक्षी दलों के गठबंधन के नाम पड़ने से ही प्रधानमंत्री को परेशानी हो गई है। एनडीए विपक्षी दलों की बैठक होने से चिंता में है। एनडीए ने हमारी बैठक के दिन एनडीए की बैठक तय कर लिया। नीतीश कुमार ने एक बार फिर अटल बिहारी वाजपेयी के समय के एनडीए को याद किया और कहा कि अटल जी के समय में बने एनडीए में हम उनके साथ रहे हैं। उस समय बैठकें होती थीं, लेकिन अभी के एनडीए में कोई बैठक नहीं होती थी। नीतीश कुमार ने कहा, हमारी बैठक के साथ एनडीए की जो बैठक बुलाई गई और उसमें जो दल हैं, उनका नाम तक लोग नहीं जानते हैं। सीएम ने इस बात को विशेष जोर देकर कहा कि विपक्षी दल की बैठक को जोड़ने की मेरी मुहिम को चाय नाश्ता करने की बात कहना, इसका कोई मतलब नहीं। विपक्षी दल इस मुहिम से एकजुट हुए और पटना पहुंचे। विपक्षी दलों की एकता में सभी अंदरूनी बात हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, ये लोग देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं, इसलिए हम अलग हो गए हैं. प्रधानमंत्री एक बार भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम नहीं लेते हैं। नीतीश कुमार ने कहा की जो आजादी की लड़ाई में शामिल नहीं हुए वे देश के इतिहास को बता रहे हैं। प्रधानमंत्री घबराहट में हैं और विपक्षी एकता के स्वरूप को देखकर जो मर्जी में आ रहा है वह उस बात को बोल रहे हैं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। नीतीश कुमार ने कहा, बिहार का विकास हो रहा है और देश में बिहार का नाम हो रहा है। लेकिन, इसमें भी बीजेपी वाले अपनी वाहवाही लेने में लग जाते हैं। बिहार में एक-एक काम विकास का जो हुआ है, हमने किया है। केंद्र सरकार हमारे विकास के कार्यों की नकल करती है। कई योजनाओं की नकल कर अपने नए नाम के साथ चला रही है। बगल में खड़े तेजस्वी यादव को देखकर सीएम ने कहा, बिहार के विकास के लिए हमलोग लगकर काम कर रहे हैं, कोई समस्या ना हो इसका ध्यान रखा जा रहा है।

## तीन युवक सड़क हादसे में घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त लोहासिकड के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में जयनगर निवासी प्रसेनजित राणा पिता संजय राणा, सावन कुमार पिता बहादुर सिंह और सतीश कुमार पिता महादेव साव के नाम शामिल है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक उक्त तीनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर जयनगर से जेजे कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल होने आ रहे थे। घटनास्थल पहुंचते ही मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। तीनों घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया।

# कारगिल विजय दिवस मना

## शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** 24 वां कारगिल विजय दिवस बुधवार को रसिकपुर में मना। छात्र-छात्राएं ने कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन धारण कर हाथ पर तिरंगा लेकर अमर शहीदों को नमन कर किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता जतिन कुमार ने कहा की आज देशभर से 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। 1999 को आज ही के दिन हमारे जाबांज जवानों ने पाकिस्तानी फौज को कारगिल से खदेड़कर तिरंगा लहराया थोहालांकि, यह जीत इतनी आसान नहीं थी। 527 जवानों के बलिदान के बाद हमें यह




विजय मिली थी। पूरा भारत और यहां रहने वाला हर शख्स उनका बलिदान हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर विनोद कुमार ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के उन अद्भुत पराक्रमियों की शौर्यगाथा को सामने लाता है,जो देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बने रहेंगे। इस विशेष दिवस पर हृदय से नमन और वंदन किया। इस अवसर पर जय जवान एकेडमी के राजकुमार मंडल, नरेंद्र मोदी विचार मंच के झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री सुजीत वर्मा,चंदन केसरी, श्यामसुंदर साहा, सीताराम साह, विनोद ठाकुर, रमेश मंडल जतिन कुमार छात्र-छात्राएं ने कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## भाकपा माले ने किया ब्रांच कमेटी का गठन

**जयनगर (कोडरमा)।** कटिया गांव में जिला कमेटी सदस्य शंभू नाथ वर्मा की अध्यक्षता में 7 सदस्यी ब्रांच कमेटी के सचिव शंकर दास चुने गए। वहीं पिपचो में कौलेशवर राणा की अध्यक्षता में 7 सदस्यी कमेटी के जितन भुईयां सचिव बने। वहीं तिलोकरी में प्रखंड कमेटी सदस्य रामचंद्र साव के अध्यक्षता में 7 सदस्यी कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रामचंद्र सचिव बने। बारिश नहीं होने के कारण किसानों पर गंभीर संकट आ गया है, सरकार को सुखाड़ घोषित करने की जरूरत है। मौके पर बंशी भुईयां, सरस्वती देवी, चिंता देवी, मुनियां देवी, श्यामसुंदर पंडित कई लोग मौजूद थे।

# छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के कक्षा द्वितीय के छात्रों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। खेल खेल में सीखने के अनुभव को बढ़ावा देने और छात्रों को प्रकृति से जोड़ने के प्रयास में छात्रों को कोडरमा के महर्षि कर्दम ऋषि पार्क में एक आनंददायक शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। पार्क आगमन पर, छात्रों का पार्क के देखभालकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया, जिन्होंने उन्हें पार्क के इतिहास और महत्व के बारे में जानकारी दी। श्रद्धेय ऋषि महर्षि कर्दम ऋषि के नाम पर रखा गया यह पार्क इस क्षेत्र में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। इसके अतिरिक्त पार्क की समृद्ध पक्षी आबादी ने छात्रों को आकर्षित किया, रंग-बिरंगे पक्षियों ने एक मनमोहक वातावरण बनाया। छात्रों के साथ शामिल हुए शिक्षकों ने इस अवसर पर बच्चों को वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित किया। महर्षि कर्दम ऋषि पार्क की यात्रा ने छात्रों के मानस पटल पर एक अमिट छाप छोड़ी, जो सुखद यादों और प्रकृति के चमत्कारों के लिए प्रशंसा की एक नई भावना के साथ लौटे।

इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए पार्क अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों के समग्र विकास में इस तरह के भ्रमण के महत्व पर जोर दिया और उन्हें जिज्ञासु, पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के संयोजक तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी, शिक्षक अनमोल कुमारी, रिंकी सिंह, नेहा कुमारी एवं दिलीप कुमार का योगदान सराहनीय रहा।

# एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** डीएवी पब्लिक स्कूल, चतरा के तत्वावधान में बच्चों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए राज्यव्यापी अभियान के दूसरे चरण 2022-23 के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट, बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा से बचाव, साइबर अपराध से बच्चों की सुरक्षा आदि विषयों को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती अरुणा प्रसाद,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, चतरा उपस्थित थी।

कार्यशाला में बच्चों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती प्रसाद ने कहा कि बच्चों के खिलाफ हिंसा हर दिन होती है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अमीर हैं या गरीब, लड़कें हैं या लड़कियाँ या फिर शहरी हैं या ग्रामीण । हिंसा का शिकार कोई भी हो सकता है। और यह सब हमारे आसपास भी होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि लोग इसके खिलाफ चुप्पी नहीं तोड़ते। अधिकतर अभिभावक / माता-पिता भी लोकलाज, प्रतिष्ठा और अन्य कारणों से चुप रहते हैं। बच्चों के खिलाफ हिंसा की समाप्ति एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि प्रायः चुप्पी के कारण वे पीड़ित होते, हैं और अपराधी शक्तिशाली। मुद्दों के प्रति यह चुप्पी समस्या को बढ़ा देती है। साथ ही अभिभावकों से आग्रह



करते हुए कहा कि आप बच्चे से खुलकर बात करें। उन्हें हमेशा यह भरोसा दिलाएं कि आप उनके लिए हमेशा मौजूद हैं, उनके साथ हैं, खासतौर पर जब वे किसी भी परेशानी में हों। बच्चों से ऐसा रिश्ता बनाएं कि वे बिना किसी हिचकिचाहट के आपसे अपने मन की बात कर सकें। बच्चों पर विश्वास करें।आप सचेत रहें। बच्चों के व्यवहार में आए परिवर्तन को नजरअंदाज ना करें। किसी भी तरह की हिंसा / शोषण से पीड़ित बच्चा या तो गुमसुम हो जाएगा या चिड़चिड़ा हो जाएगा।बच्चा का व्यवहार अगर किसी व्यक्ति के सामने आने से परिवर्तित हो जाता है तो उसे गंभीरता से लें। बच्चे से बात करें, उसे भरोसा दिलाएं कि आप उसपर क्रोधित नहीं होंगे। उसका साथ देंगे, उसकी मदद करेंगे ।कोई भी व्यक्ति जो बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा या यौन शोषण करता है, उसके बारे में जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस में रिपोर्ट करें। याद रखें, मामले को दबा कर आप दोषी को शह दे रहे हैं और उसे अपराध करने की खुली छूट प्रदान कर रहे हैं। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद ने की।कार्यशाला को सफल बनाने विद्यालय के सभी सदस्यों का अहम योगदान रहा।

एक नजर में

## पेयजल सप्लाई पाइप चोरी का खुलासा, तीन चोर गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के मसलिया थाना पुलिस ने पाइप चोरी कर भाग रहे तीन चोर को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में गया जेल। पुलिस द्वारा पूछताछ में उपरोक्त तीनो आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया है। पुलिस ने उपरोक्त आरोपी से 6 चक्का वाहन सहित 22 पीस डी आई पाइप जिसका कीमत करीब ढाई लाख रुपये एवं तीन मोबाइल बरामद किया है। इस कांड के छापामारी दल में थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा समेत अन्य पुलिस बल शामिल थे।

## छात्रों ने एसकेएमयू मुख्यालय व कॉलेज में जड़ा ताला

दुमका। छात्र समन्वय समिति, संताल परगना प्रमंडल ने बुधवार को बीएड पाठ्यक्रम की फीस बढ़ोतरी के विरोध में एसपी बीएड कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के सभी विभागों में ताला जड़ दिया। इसके बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र समन्वय समिति, का नेतृत्व कर रहे हैं श्यामदेव हेंब्रम ने कहा कि संथाल परगना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकतर छात्र गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले आदिवासी मूलवासी है। इस हालत में अचानक एक लाख पचास हजार फीस में बढ़ोतरी कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को गुमराह कर रही है।

## शपथ ग्रहण व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में बुधवार को कैबिनेट मेंबर्स के लिए शपथ ग्रहण समारोह और फादर्स-डे पर आयोजित सेल्फी प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईएसआईसी ऑफिसर इंद्रजीत कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में सेक्रेड हार्ट स्कूल एसएमसी के अध्यक्ष एवं झुमरी तिलैया नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, एसएमसी सदस्य आरिफ अंसारी और फखरुद्दीन अली मौजूद थे।

## पीजी सेमेस्टर-4 का परीक्षा फॉर्म एक अगस्त से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विवि प्रशासन ने पीजी सेमेस्टर-4 परीक्षा 2023 का परीक्षा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की तिथि बुधवार को जारी किया है। फार्म एक अगस्त से भरे जायेंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। बिना विलंब शुल्क के 1 से 8 अगस्त तक भर सकते हैं। 200 विलंब शुल्क के साथ 09 से 12 अगस्त तक फॉर्म भरे जायेंगे। 500 विलंब शुल्क के साथ 13 से 16 अगस्त तक आवेदन भर सकते हैं। परीक्षा प्रपत्र भरने के बाद हार्ड कॉपी संबंधित विभाग एवं कॉलेज में 17 से 19 अगस्त के बीच जमा करना अनिवार्य होगा।

## काठीकुंड में भटकती हुई मिली बालिका

**दुमका।** बाल कल्याण समिति के समक्ष बुधवार को एक बालिका को प्रस्तुत किया गया। जो सोमवार की देर रात को काठीकुंड के गांधी चौक के समीप भटकते हुए मिली थी। पुलिस ने इसे रात 12:30 बजे बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन डॉ अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर बाल गृह (बालिका) धधकिया, दुमका में पहुंचाया था। समिति के समक्ष दिये बयान में बालिका ने अपना नाम मनीषा और पिता का नाम महान बताया। घर के बारे में गुम्मामोड़, गोविंदपुर मखदुमपुर का नाम ले रही है। इसके आगे कुछ भी बताने में असमर्थ है। समिति के चेयर पर्सन डॉ अमरेंद्र कुमार एवं सदस्य डॉ राजकुमार उपाध्याय ने मामले की सुनवाई करते हुए बालिका को तत्काल बालिका गृह में आवासित करने का आदेश दिया गया है।

## इमारती लकड़ी लदा पिकअप वैन जब्त

**हंसडीहा।** दुमका भागलपुर स्टेट हाइवे पर हंसडीहा स्थित मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के समीप मंगलवार की शाम पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान इमारती लकड़ी लदे एक पिकअप वैन (जेएच 04 बी 5456) को जब्त किया है। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस बल ने दुमका की ओर से आ रही पिकअप चालक को रुकने का इशारा किया, तो चालक तेजी से भागने लगा था।

पेज 1 का शेष

### मोदी सरकार के खिलाफ...

हालांकि सदन में सरकार के पास स्पष्ट बहुमत है। इसलिए सरकार को सीधे तौर पर कोई खतरा नहीं है। **क्या है अविश्वास प्रस्ताव :** अविश्वास प्रस्ताव संसदीय टूल है। इसका इस्तेमाल विपक्ष द्वारा तब किया जाता है जब उसे लगे कि सरकार ने संसद का विश्वास खो दिया है। अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने के बाद सरकार को लोकसभा में अपना बहुमत साबित करना होता है। बहुमत साबित नहीं होने पर सरकार गिर जाती है। इसका विपक्ष द्वारा एक रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। कोई भी सांसद इस प्रस्ताव को ला सकता है, बशर्ते उसे कम के कम 50 सांसदों का समर्थन हो। स्पीकर को 10 दिनों के अंदर बहस की तारीख तय करनी होती है। संविधान के अनुच्छेद 75 के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव सिर्फ विपक्ष ही ला सकता है। इसे लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है, राज्यसभा में नहीं। पहले पीएम पंडित नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी तक कई नेताओं को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा है। **मोदी की बात सच निकली :** पांच साल पहले ही पीएम मोदी ने लोकसभा में विपक्षी दलों को लेकर जो बात कही थी, आज वह सच साबित हो गयी। फरवरी 2019 में पीएम मोदी ने कहा था कि अगर विपक्षी दलों का यही रवैया रहा, तो आप 2023 में भी ऐसे ही अविश्वास प्रस्ताव लायेंगे।

### सर्वदलीय बैठक में नहीं आयी भाजपा...

इसमें आनंद मोहन, बिनय कुमार, विनोद ओझा, प्रदीप सिंह, सत्यजीत कु मार, उदय चौहान, भरत भूषण प्रसाद, नवीन कुमार, मनोज कुमार, अशोक गोप, नमिता सहित अन्य उपस्थित थे।

### नौशाद आलम बने सहिबगंज के...

पलामू जिले में पहली बार किसी महिला आइपीएस को एसपी की कमान सौंपी गयी है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार को कार्मिक विभाग की ओर से जारी कर दी गयी है। नव प्रोन्नत आइपीएस दीपक कुमार शर्मा इससे पहले वे स्पेशल ब्रांच, रांची में पदस्थापित थे। वहीं सरायकेला-खरसांवा के एसपी बने डॉ विमल कुमार मुख्यमंत्री सुरक्षा में स्पेशल ब्रांच में बतौर सीनियर डीएसपी पदस्थापित थे। जारी आदेश में यह जिक्र किया गया है कि वैसे अधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है, उनका पदस्थापन कहीं नहीं किया गया है। वह पुलिस मुख्यालय झारखंड रांची में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। 25 जुलाई को ही झारखंड सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 14 आइएएस अधिकारियों का तबादला किया था।

### जरूरत पड़ी तो...

कार्यक्रम में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष तथा तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने भी हिस्सा लिया। वर्ष 1999 में कारगिल की चोटियों से पाकिस्तानी सेना तथा घुसपैठियों को खदेड़ कर विजय पताका फहराये जाने के उपलक्ष में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। **भारत हर तरह से सक्षम :** रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सेना 1999 में ही विजय के बाद नियंत्रण रेखा को पार कर सकती थी, लेकिन भारत की शांतिप्रिय देश की विचारधारा, भारतीय मूल्यों में विश्वास और अंतरराष्ट्रीय नियमों के प्रति वचनबद्धता के कारण उस समय यह कदम नहीं उठाया गया। पर हम देशवासियों को भरोसा दिलाते हैं कि , हम तब भी एलओसी पार कर सकते थे, पार कर सकते हैं, और जरूरत पड़ी तो भविष्य में एलओसी पार करेंगे। राष्ट्र का मान-सम्मान और इसकी प्रतिष्ठा सरकार के लिए किसी भी चीज से ऊपर है। किसी भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से सेनाएं तो भाग लेती ही हैं, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से आप देखें, तो उस युद्ध में किसान से लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक व कई सारे पेशों के लोग शामिल होते हैं। इसलिए मैं जनता से यह कहना चाहता हूं कि हर एक सैनिक भारतीय है, उसी प्रकार से हर एक भारतीय को भी एक सैनिक की भूमिका निभाने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

स्पीड न्यूज

### कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा को चार साल की सजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने छत्तीसगढ़ में एक कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितता से जुड़े एक मामले में राज्यसभा के पूर्व सदस्य विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और कारोबारी मनोज कुमार जायसवाल को बुधवार को चार साल की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि दोषियों ने भारत सरकार से धोखा करके कोयला ब्लॉक हासिल किया।अदालत के आदेश के बाद तीनों दोषियों को तत्काल हिरासत में ले लिया गया।

### मोदी को आज उपहार में मिलेगा हीरा जड़ित प्लेन



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजकोट में लोगों को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा की सौगात देंगे। राजकोट इमिटेशन मार्केट एसोसिएशन समेत जसदण के कई कारीगरों ने पीएम मोदी के लिए हीरा जड़ित प्लेन तैयार किया है, जिसका वजन करीब 4 किलो है। इसे करीब 4 दिनों की कड़ी मेहनत से 30 कारीगरों ने तैयार किया है। इमिटेशन मार्केट एसोसिएशन ने स्टोन और मीना कारीगरी समेत कई वस्तुओं का इस्तेमाल कर एक चार किलो वजनी पैसेंजर प्लेन बनाया है।

### नेपाल के संसद में सोना तस्करी को लेकर हंगामा

**काठमांडू।** नेपाल में सोना तस्करी मामले पर बुधवार को संसद में हंगामा हुआ। विपक्षी सीपीएन (यूएमएल) के सांसदों ने प्रधानमंत्री प्रचंड पर सोने की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया। यूएमएल ने उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन की मांग करके बैठक को बाधित किया। अध्यक्ष देवराज घिमिरे ने संसद की बैठक 31 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी।यूएमएल के मुख्य सचेतक पदम गिरी ने एक जांच समिति के गठन की मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री की सेटिंग के बिना सोने की तस्करी नहीं हो सकती।

### तोशखाना मामले में इमरान खान की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट से पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ा झटका मिला है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इमरान के ऊपर चल रहे तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान पर प्रधानमंत्री रहते हुए उन्हें मिले कीमती उपहारों को बेचने का आरोप लगा है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पिछले साल 21 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री को तोशाखाना मामले में झूठे बयान और गलत घोषणा करने के लिए सांसद पद से अयोग्य घोषित कर दिया था।

# देश में बनेगा 400 किमी. रेंज का एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम

## भारत ने रूस से खरीदे पांच एस-400

**सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की तीन परतें होंगी लंबी दूरी पर लक्ष्य को भेदेगा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत अपनी 400 किलोमीटर श्रेणी की सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली विकसित कर रहा है। तीन स्तरीय लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली विकसित करने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के पास है और जल्द ही इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है। भारत ने फिलहाल रूस से पांच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदे हैं, जिनमें से तीन की आपूर्ति हो चुकी है। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) अपना स्वयं का 400 किलोमीटर लंबी दूरी का वायु रक्षा प्रणाली विकसित कर रहा है, जो रूस से लिए गए एस-400 सिस्टम के बराबर है। यह प्रस्ताव अग्रिम चरण में है और जल्द ही रक्षा मंत्रालय से मंजूरी दे दी जाएगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 2.5 बिलियन डॉलर है, जिससे भारत को हवा में दुश्मन की संपत्ति को मार गिराने की स्वदेशी क्षमता मिलेगी। मिसाइल प्रणाली में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की तीन परतें होंगी, जो विभिन्न दूरी पर लक्ष्य को भेद सकेंगी। भारत ने पहले ही मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एमआर-एसएएम विकसित करने के लिए इजरायल के साथ काम किया है, जो 70 से अधिक किलोमीटर तक हवाई लक्ष्य पर हमला कर सकती है।

डीआरडीओ की एलआरएसएएम परियोजना शुरू किए जाने के बाद भारतीय नौसेना ने अपनी स्वदेशी एलआर-एसएएम प्रणाली का नाम बदलकर एमआर-एसएएम कर दिया है। सेना और वायु सेना ने पहले ही इसी तरह की स्वदेशी प्रणाली को एमआर-एसएएम नाम दिया था। भारत और रूस के बीच हुए पांच स्क्वाड्रन एस-400 मिसाइल सिस्टम का यह सौदा 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। रूस अब तक भारत को तीन एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति कर चुका है, जबकि दो सिस्टम अभी मिलने बाकी हैं। रूस से मिली दो एस-400 स्क्वाड्रन को देश की उत्तरी और पूर्वी इलाकों में तैनात किया जा चुका है। तीसरी स्क्वाड्रन को पाकिस्तान की सीमा पर तैनात किए जाने की तैयारी है।




### चीन और पाकिस्तान सीमा पर होगा तैनात

**सूत्रों** ने कहा कि भारतीय प्रणाली रूस से हासिल की गई एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की श्रेणी में होगी और चीन एवं पाकिस्तान सीमा पर तैनात की जाएगी। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली का विकास कार्य तब हो रहा है, जब डीआरडीओ ने जमीन आधारित और युद्धपोत आधारित दोनों प्रणालियों के लिए वायु रक्षा हथियार विकसित करने के मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।एलआर-एसएएम परियोजना का नेतृत्व भारतीय वायु सेना करेगी, जो रक्षा हार्डवेयर में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक है।

## प्रगति मैदान में प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम को राष्ट्र को किया समर्पित, कहा

# दिल्ली में बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम

**कहा- नकारात्मक सोच वालों ने निर्माण को रोकने के लिए भी बहुत कोशिशें की, जहां सत्य होता है, वहां ईश्वर भी होता है**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित प्रगति मैदान में पुर्नविकसित अन्तरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र परिसर (आईईसीसी) भारत मंडपम को राष्ट्र को समर्पित किया और इसे भारतीयों द्वारा अपने लोकतंत्र को दिया एक खूबसूरत उपहार करार दिया। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और कहा कि नकारात्मक सोच वालों ने इस परियोजना को भी लटकाने का प्रयास किया लेकिन भारत मंडपम को देखकर आज हर भारतीय खुशी से भरा हुआ है और गर्व महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा संग्रहलाय बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम आह्वान है भारत के सामर्थ्य का, भारत की नयी ऊर्जा का। यह भारत की भव्यता और इसकी इच्छाशक्ति का दर्शन है।

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में नकारात्मक सोच वाले लोगों की कमी नहीं है क्योंकि उन्होंने इस निर्माण को रोकने के लिए भी बहुत कोशिशें की। उन्होंने कहा कि लेकिन जहां सत्य होता है, वहां ईश्वर भी होता है। अब यह सुंदर परिसर आपकी आंखों के सामने मौजूद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों की फितरत होती है, हर अच्छे काम को रोकने की और टोकने की। उन्होंने राजपथ का नाम कर्तव्य पथ किए जाने के दौरान विपक्षी दलों के विरोध की ओर इशारा करते हुए कहा कि उस समय भी अदालत में ना जाने कितने मामले उठाए गए थे। उन्होंने कहा कि लेकिन जब कर्तव्य बन गया वे लोग भी दबी जुबान से कह रहे हैं अच्छा हुआ है जी। देश की शोभा बढ़ाने वाला है। और मुझे विश्वास है कुछ समय बाद भारत मंडपम के लिए भी वह टोली खुल करके बोले या ना बोले लेकिन भीतर से तो स्वीकार करेगी। और हो सकता है किसी समय यहां भाषण देने भी आए। उन्होंने कहा कि कोरोना के कठिन काल में जब हर तरफ काम रुका हुआ था तब देश के श्रमजीवियों ने दिन-रात मेहनत करके इसका निर्माण पूरा किया है। उन्होंने इसके निर्माण से जुड़े हर श्रमिक का अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ हफ्तों बाद यहीं पर जी-20 से जुड़े आयोजन होंगे और दुनिया के बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष यहां उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि भारत के बढ़ते हुए कदम और भारत का बढ़ता हुआ कद इस भव्य भारत मंडपम से पूरी दुनिया देखेगी। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई है और एक दूसरे पर निर्भर है और वैश्विक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला लगातार चलती रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम कभी एक देश में तो कभी दूसरे देश में चलते रहते हैं। ऐसे में भारत की राजधानी दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक कन्वेंशन सेंटर होना बहुत ही जरूरी था।

इस परिसर में बहु-उद्देश्यीय हॉल और प्लेनरी हॉल की संयुक्त क्षमता 7,000 लोगों की है, जो ऑस्ट्रेलिया के सिडनी ओपेरा हाउस से अधिक है। इसके शानदार एम्फीथियेटर में 3,000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

### देशवासियों ने लोकतंत्र को दिया एक खूबसूरत उपहार



**तीसरे कार्यकाल में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा**

प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल में वृद्धि की रफ्तार और तेज होगी और देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज वह हासिल कर रहा है जो पहले अकल्पीय था, इसलिए विकसित होने के लिए देश को बड़ा सोचना ही होगा। उन्होंने कहा कि इसी सिद्धांत को अपनाते हुए भारत आज तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## मणिपुर : भीड़ ने 30 घरों और दुकानों में लगायी आग, सुरक्षाबलों को बनाया निशाना

एजेंसी



**इंफाल।** मणिपुर के मोरेह जिले में बुधवार को भीड़ ने कम से कम 30 घरों और दुकानों को आग लगा दी और सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि खाली पड़े ये घर म्यांमार सीमा के करीब मोरेह बाजार क्षेत्र में थे। आगजनी के बाद भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी भी हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि घटना कोई हताहत हुआ है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि यह आगजनी कांगपोकपी जिले में भीड़ द्वारा सुरक्षा बलों की दो बसों को आग के हवाले करने की घटना के एक दिन बाद हुई। यह घटना सपोरमीना में उस समय हुई, जब बसें मंगलवार शाम दीमापुर से आ रही थीं। स्थानीय लोगों ने मणिपुर की पंजीकरण संख्या वाली बस को सपोरमीना में रोक लिया और कहा कि वे इस बात की जांच करेंगे कि बस में कहीं दूसरे समुदाय का कोई सदस्य तो नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि उनमें से कुछ लोगों ने बसों में आग लगा दी। इस बीच, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि इंफाल के सजीवा और थौबल जिले के याइथिबी लोकोल में अस्थायी घरों का निर्माण पूरा होने वाला है।

### रूसी लड़ाकू विमान ने अमेरिकी ड्रोन को किया क्षतिग्रस्त

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से अमेरिका और रूस के बीच भी तनाव जारी है। एक रूसी लड़ाकू विमान ने अमेरिकी ड्रोन को निशाना बनाकर उसे नुकसान पहुंचाया है।अमेरिका ने जानकारी दी है कि एक रूसी लड़ाकू जेट ने सीरिया के ऊपर अमेरिकी ड्रोन के पास खतरनाक तरीके से उड़ान भरी और उस पर हमला कर उसके प्रोपेलर को क्षतिग्रस्त कर दिया। रूस पर एक बार फिर आसमान में गैर-पेशेवर व्यवहार का आरोप लगाते हुए अमेरिकी वायु सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्स ग्रिनकेविच ने बताया कि रविवार तड़के एक रूसी लड़ाकू विमान ने खतरनाक तरीके से अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन के करीब उड़ान भरी, उसे परेशान किया और फ्लेयर्स छोड़े।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar- II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

## शाह आज करेंगे 'मेरा गांव मेरी धरोहर' का शुभारंभ



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में एक अनूठी पहल 'मेरा गांव मेरी धरोहर' का शुभारंभ करेंगे । यह राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के अंतर्गत संस्कृति मंत्रालय की एक अखिल भारतीय पहल है। अमित शाह कल शाम 7 बजे कुतुब मीनार में एक भव्य प्रोजेक्शन मैपिंग शो के दौरान आधिकारिक तौर पर वर्चुअल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ करेंगे। यह वर्चुअल प्लेटफॉर्म "https://mgmd.gov.in लोगों को भारत के गांवों से जोड़ेगा। इस कार्यक्रम के दौरान अमित शाह अलग-अलग गांवों के ग्रामीणों के साथ संवाद भी करेंगे। संस्कृति मंत्रालय ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के समन्वय से राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के अंतर्गत 'मेरा गांव मेरी धरोहर' (एमजीएमडी) परियोजना का शुभारंभ किया है। परियोजना का मुख्य उद्देश्य एक व्यापक वर्चुअल मंच पर 29 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले भारत के 6.5 लाख गांवों का सांस्कृतिक मानचित्रण करना है। एमजीएमडी के माध्यम से लोगों को भारत की विविध और जीवंत सांस्कृतिक विरासत को जानने का अवसर मिलेगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को प्रोत्साहित करना, ग्रामीण समुदायों में आर्थिक विकास, सामाजिक सद्भाव और कलात्मक विकास का मार्ग प्रशस्त करना है।

### यूक्रेन को अमेरिका ने दी 40 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सैन्य मदद

**वाशिंगटन।** रूस के साथ युद्धरत यूक्रेन को अमेरिका से 40 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सैन्य मदद मिली है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मदद राशि जारी करने के साथ रूस से युद्ध खत्म करने की अपील भी की। युद्ध के बाद अब तक अमेरिका की ओर से 42 बार सैन्य मदद की राशि जारी की गयी है। अब 43वीं सैन्य मदद के रूप में अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता भेजने का ऐलान किया।

खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई




# कियारा आडवाणी ने सासू मां के साथ किया रैंप वॉक



**मुंबई।** फिल्म सत्यप्रेम की कथा की अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने इसी साल फरवरी में एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा से शादी की थी। उसके बाद कियारा अक्सर अपनी सास के साथ घूमती नजर आती हैं। फिलहाल एक ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कियारा अपनी सास के साथ रैंप वॉक करती हुई उन्हें फ्लाइंग किस देकर उनका हौसला बढ़ाती नजर आ रही हैं।कियारा आडवाणी ने डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के इंडिया कॉचर वीक-2023 में शोस्टॉपर के तौर पर रैंप वॉक किया। इस मौके पर उनकी सास रीमा मल्होत्रा मौजूद रहीं। रैंप वॉक करते हुए सास ने लाडली बहू का हौसला बढ़ाया। इस वीडियो को पैपराजी ने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है। शोस्टॉपर के तौर पर रैंप पर वॉक करते हुए कियारा बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस मौके पर सिद्धार्थ मल्होत्रा की मां रीमा मल्होत्रा ने अपनी बहू को फ्लाइंग किस दी। वह दर्शकों के बीच बैठी थीं। फिलहाल सास-बहू का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजन्स ने दोनों के बीच के मधुर रिश्ते की सराहना की है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट किया कि अगर आपको ऐसी सास चाहिए, तो दूसरे यूजर ने वीडियो पर कमेंट किया है, कियारा सिद्धार्थ की मां की बहुत इज्जत करती हैं।

## अक्षरा सिंह का गाना 'हम ना जाइब देवघर' रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी की सुपर हॉट अभिनेत्री और लाजवाब सिंगर अक्षरा सिंह का सावन स्पेशल गाना हम ना जाइब देवघर बुधवार को रिलीज हो गया है। यह अक्षरा सिंह का बाबा भोलेनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास को दर्शाने वाला गाना है। गाने को अब तक लाखों लोगों ने देख लिया है और यह बाबा भोलेनाथ के श्रद्धालुओं के बीच भी खूब पसंद किया जा रहा है।अक्षरा सिंह ने कहा कि सावन, बाबा भोलेनाथ और भोजपुरी संगीत का अटूट रिश्ता शुरू से रहा है। हर साल सावन के महीने में बाबा की महिमा से भरपूर गाने रिलीज होते हैं। मैंने भी कई गाने गाए हैं। यह गाना भी उसी सीरीज में है। अक्षरा ने कहा कि हम ना जाइब देवघर एक बेहतरीन गाना है। सावन में चारों ओर शिव के जयकारों की गूंज है। गाना हम ना जाइब देवघर को अक्षरा सिंह और विनय तिवारी ने अपनी मधुर आवाज दी है। गीतकार मनोज मतलबी हैं। संगीतकार शिशिर पांडेय हैं। निर्देशक रवि पंडित है।

# पुरुषोत्तम मास में पद्मिनी एकादशी का महात्म्य



## पद्मिनी एकादशी 29 जुलाई को

चेतनादित्य आलोक

**हिंदू पंचांग** के अनुसार ह्यअधिक मासह्ल या पुरुषोत्तम मासह्ल के शुक्ल पक्ष की एकादशी (11वीं) तिथि को ह्यपद्मिनी एकादशी कहा जाता है। पुरुषोत्तम मास या अधिक मास हिंदू पंचांग की एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं सटीक अवधारणा है, जो वास्तव में सौर वर्ष तथा चंद्र वर्ष के बीच के समय अथवा अंतराल को समायोजित करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। ह्यवशिष्ठ सिद्धांतह्ल के अनुसार, अधिक मास हिंदू पंचांग में एक अतिरिक्त चंद्र महीना होता है, जो प्रत्येक तीन साल में एक बार आता है।

पद्मिनी एकादशी सामान्यतः हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ महीने में लगने वाले पुरुषोत्तम मास या अधिक मास में आती है। इसलिए इसे ह्यआषाढ़ अधिक मास एकादशी भी कहा जाता है। अत्यंत पुण्यदायी होने के कारण इसका एक नाम ह्यपुरुषोत्तम एकादशी भी है। वहीं पद्मिनी एकादशी को देश भर में ह्यकमला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पद्मिनी एकादशी पूरे भारत में किया जाने वाला एक प्रसिद्ध व्रत है, जिसे हिंदू मतावलंबी पूर्ण भक्ति-भाव एवं उत्साहपूर्वक करते हैं।

ऐसा माना जाता है कि इस पुरुषोत्तम अथवा पद्मिनी एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति को पूर्व में किये कर्मों एवं पापों से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही इस व्रत के पुण्य प्रभाव से व्रतियों की सभी सांसारिक इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। पुराणों के अनुसार जो व्यक्ति पद्मिनी एकादशी व्रत का पालन सच्चे मन से करता है, उसे ह्यविष्णु लोकह्ल की प्राप्ति होती है। इस व्रत को करने से व्यक्ति हर प्रकार की तपस्या, यज्ञ और व्रत आदि से मिलने वाले पुण्य के समान फल पाता है। ऐसी मान्यता है कि सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को पुरुषोत्तम एकादशी के व्रत की कथा सुनाकर इसके महात्म्य से अवगत कराया था। कहते हैं कि अधिक मास की शुक्ल पक्ष की पद्मिनी एकादशी का व्रत निर्जल करना चाहिए। यदि निर्जल न कर पायें तो जल पीकर या अल्पाहार लेकर व्रत करना चाहिए। रात्रि में जागरण करके भगवान के सम्मुख नृत्य, गान आदि करना चाहिए। प्रति पहर मनुष्य को महादेव जी की पूजा करनी चाहिए। दूसरे दिन प्रातः स्नान कर ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। इस प्रकार जो मनुष्य विधिपूर्वक भगवान की पूजा तथा व्रत करते हैं, उनका जन्म सफल होता है और वे इस लोक में अनेक सुखों को भोगकर अंत में भगवान श्रीविष्णु के परमधाम को जाते हैं।


### एकादशी तिथि को सुबह क्या करें

एकादशी तिथि को प्रातः नित्यक्रिया से निवृत्त होकर पुण्य क्षेत्र में पहले गोबर, मृत्तिका, तिल, कुश तथा आमलकी चूर्ण से विधिपूर्वक स्नान कर फिर जल से स्नान करना चाहिए, परंतु स्नान करने से पूर्व शरीर में मिट्टी लगाते हुए उसी से प्रार्थना करनी चाहिए, ह्यहे मृत्तिके! मैं तुमको नमस्कार करता हूं। तुम्हारे स्पर्श से मेरा शरीर पवित्र हो। समस्त औषधियों से पैदा हुई और पृथ्वी को पवित्र करने वाली तुम मुझे शुद्ध करो। तुम मेरे शरीर को छूकर मुझे पवित्र करो।ह्ल

अंत में भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करनी चाहिए, हे शंख, चक्र गदाधारी देवों के देव! भगवान जगन्नाथ! आप मुझे स्नान करने की आज्ञा दीजिये। तत्पश्चात?् वरुण मंत्र जपकर पवित्र तीर्थों के अभाव में उनका स्मरण करते हुए जल से स्नान करना चाहिए। स्वच्छ और सुंदर वस्त्र धारण कर संध्या-आरती, तर्पण आदि करके मंदिर में भगवान की धूप, दीप, नैवेद्य, पुष्प, केसर आदि से पूजा करनी चाहिए। भक्तजनों के साथ भगवान के सामने पुराण की कथा सुननी चाहिए।

# लिंगराज मंदिर: आस्था संग पुरातात्विक महत्व भी

अनुष्का चौधरी



हमारे देश में विश्वास और श्रद्धा की एक समृद्ध परंपरा रही है। इसी मिट्टी में भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम का जन्म हुआ। कई पौराणिक कथाएं इसका वर्णन करती हैं। इसी श्रेणी में आता है, लिंगराज मंदिर जो कि आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ एक पुरातात्विक महत्व का भी है। यह उड़ीसा प्रांत के भुवनेश्वर में स्थित है। अगर आप शिव और विष्णु दोनों के भक्त हैं, तो यह मंदिर आपके लिए आस्था का केंद्र है।

यह मंदिर भगवान भुवनेश्वर (शिव) को समर्पित है। इसे ययाति केशवी ने 11वीं शताब्दी में बनवाया था। यद्यपि इसका प्रारंभिक अस्तित्व 12वीं शताब्दी में सामने आया, किंतु इसके कुछ हिस्से 14वीं शताब्दी में पूर्ण हुए। इस मंदिर का वर्णन छठी शताब्दी के लेखों में भी आता है।

मान्यता है कि लिट्टी और वसा नामक राक्षसों का वध मां पार्वती ने यहीं किया था। संग्राम के बाद उन्हें प्यास लगी तो शिवजी ने कूप बनाकर सभी पवित्र नदियों को यहां बुलाया अपना योगदान देने के लिए। यहीं पर बिंदुसागर सरोवर है जो कि लिंगराज में स्थित है। बताते हैं कि यहां मध्यकाल में 7000 से अधिक मंदिर और पूज्य-स्थल थे, अब सिर्फ 500 ही बचे हैं।

रचना सौंदर्य : यह जगत प्रसिद्ध मंदिर पश्चिम भारत के मंदिरों में नक्काशी और सौंदर्य में अव्वल आता है। लिंगराज का मंदिर अपनी अद्भुत स्थापत्यकला के लिए भी प्रसिद्ध है। मंदिर में प्रत्येक शिला पर कारीगरी और मूर्तिकला का अनूठा समागम है। इस मंदिर का शिखर भारत में सबसे विशिष्ट माना जाता है। यह नीचे तो प्रायः सीधा तथा समकोणीय है, पर ऊपर पहुंचकर वक्र होता चला गया है। और शीर्ष पर प्रायः वर्तुल दिखाई देता है। मंदिर के परिसर में भित्तियों पर सुंदर नक्काशी की हुई है। मंदिर के शिखर की ऊंचाई 180 फीट है। गणेश, कार्तिकेय और गौरी के तीन छोटे मंदिर भी बड़े मंदिर से सटे हुए हैं। गौरीमन्दिर में पार्वती की काले पत्थर से बनी प्रतिमा है।

इस मंदिर का निर्माण सोमवंशी राजा ययाति केशवी ने 11वीं शताब्दी में करवाया था। उसने तब अपनी राजधानी को जाजपुर से भुवनेश्वर स्थानांतरित किया था। प्रतिवर्ष अप्रैल के महीने में यहां रथयात्रा आयोजित होती है। मंदिर के समीप सरोवर बिंदुसागर में हर झरने और नदी का जल शामिल है, जिसे स्नान करने से पाप मोचन होता है।

पूजा-पद्धति के अनुसार सबसे पहले बिंदुसागर सरोवर से मूर्तियों को स्नान कराया जाता है। उसके बाद छत्रपति अनंत वासुदेव के दर्शन किये जाते हैं, जिन्हे 9वीं व 10वीं शताब्दी में बनाया गया था। गणेश पूजा के बाद शिवजी के वाहन नंदी की पूजा के बाद लिंगराज के दर्शन के लिए मुख्य द्वार खोला जाता है। वहां की रसोई में 56 भोग बनाये जाते हैं, जिसे मिट्टी के बर्तन में बनाया जाता है। साथ ही बनाने के बाद उन्हें तोड़ दिया जाता है। वहां का वास्तु ऐसा है कि सूर्य या चंद्र की किसी भी किरण भोग में न पड़े।

# रुद्राभिषेक से साधक में होता है शिवत्व का उदय



डॉ. पवन शर्मा

**रुद्र** अर्थात् शिव का अभिषेक। शिव और रुद्र परस्पर एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। शिव को ही ह्यरुद्रह्ल कहा जाता है, क्योंकि रुतम?्-दुःखम?्, द्रावयति-नाशयतीतिरुद्रः यानी कि भोले सभी दुःखों को नष्ट कर देते हैं। भगवान शिव जी को प्रसन्न करने के लिए सावन महीने में रुद्राभिषेक की पूजा का बड़ा महत्व है। रुद्राभिषेक यूं तो कभी भी किया जाए, यह बड़ा ही शुभ फलदायी माना गया है। लेकिन सावन में इसका महत्व कई गुणा होता है।

शिवपुराण के रुद्रसंहिता में बताया गया है कि सावन के महीने में रुद्राभिषेक करना विशेष फलदायी है। रुद्राभिषेक में भगवान शिव को पवित्र स्नान कराकर पूजा-अर्चना की जाती है। यह सनातन धर्म में सबसे प्रभावशाली पूजा मानी जाती है जिसका फल तत्काल प्राप्त होता है। इससे भगवान शिव प्रसन्न होकर भक्तों के दुखों को हरते हैं और सुख-शांति और समृद्धि प्रदान करते हैं। सावन माह में रुद्राभिषेक पूजा करवाने से जातक की कुंडली में मौजूद विभिन्न ग्रह दोष शांत होते हैं। रुद्राभिषेक की पूजा से जीवन के नकारात्मक हालात भी बदल जाते हैं।

धर्मग्रंथों के अनुसार हमारे द्वारा किए गए पाप ही हमारे दुःखों का कारण है। मान्यता है कि रुद्रार्चन और रुद्राभिषेक से हमारी कुंडली से पातक कर्म एवं महापातक भी जलकर भस्म हो जाते हैं और साधक में शिवत्व का उदय होता है। साथ ही भगवान शिव का शुभाशीर्वाद भक्त को प्राप्त होता है। उनके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। ऐसा कहा जाता है कि एकमात्र सदाशिव रुद्र के पूजन से सभी देवताओं की पूजा स्वतः हो जाती है। रुद्रहृदयोपनिषद में शिव के बारे में कहा गया है कि सर्वदेवात्मको रुद्रः सर्वे देवाः शिवात्मका अर्थात?् सभी देवताओं की आत्मा में रुद्र उपस्थित हैं और सभी देवता रुद्र की आत्मा हैं। शास्त्रों में विविध कामनाओं की पूर्ति के लिए रुद्राभिषेक के पूजन के निमित्त अनेक द्रव्यों तथा पूजन सामग्री को बताया गया है। साधक रुद्राभिषेक पूजन विभिन्न विधि से तथा विविध मनोरथ को लेकर करते हैं। किसी खास मनोरथ की पूर्ति के लिए तदनुसार पूजन सामग्री तथा विधि से रुद्राभिषेक किया जाता है। विशेष अवसर पर या सोमवार, प्रदोष और शिवरात्रि आदि पर्व के दिनों में मंत्र, गोदुग्ध या अन्य दूध मिलाकर अथवा केवल दूध से भी अभिषेक किया जाता है। विशेष पूजा में दूध, दही, घृत, शहद और चीनी से अलग-अलग अथवा सबको मिलाकर पंचामृत से भी अभिषेक किया जाता है।

तंत्रों में रोग निवारण हेतु अन्य विभिन्न वस्तुओं से भी अभिषेक करने का विधान है। इस प्रकार विविध द्रव्यों से शिवलिंग का विधिवत?् अभिषेक करने पर अभीष्ट कामना की पूर्ति होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि किसी भी पुराने नियमित रूप से पूजे जाने वाले शिवलिंग का अभिषेक बहुत ही उत्तम फल देता है किंतु यदि पारद के शिवलिंग का अभिषेक किया जाए तो बहुत ही शीघ्र चमत्कारिक शुभ परिणाम मिलता है। रुद्राभिषेक का फल बहुत ही शीघ्र प्राप्त होता है। वेदों में विद्वानों ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है। भस्मासुर ने शिवलिंग का अभिषेक अपनी आंखों के आंसुओं से किया तो वह भी भगवान के वरदान का पात्र बन गया। सभी कार्यों की बाधाओं को दूर करने के लिए रुद्राभिषेक अभीष्ट सिद्धि के लिए फलदायक है।

वस्तुतः शिवलिंग का अभिषेक आशुतोष शिव को शीघ्र प्रसन्न करके साधक को उनका कृपापात्र बना देता है और उनकी सारी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। स्वयं सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने भी कहा है कि जब हम अभिषेक करते हैं तो स्वयं महादेव साक्षात? उस अभिषेक को ग्रहण करते हैं। संसार में ऐसी कोई वस्तु, वैभव, सुख नहीं है, जो हमें रुद्राभिषेक करने या करवाने से प्राप्त नहीं हो सकता है।

# 21 महादेव को बचाने के लिए कांवर यात्रा 13 अगस्त से

सुधीर शर्मा



**स्वर्णरेखा** नदी को प्रदूषण मुक्त करने और नागवंशीकालीन शिवलिंग (इक्कीसो महादेव) को संरक्षित करने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा आगामी 13 अगस्त, रविवार को स्वर्णरेखा के उद्गम स्थल, रानीचुंआ से चुटिया स्थित इक्कीसो महादेव तक की पैदल कांवर यात्रा का आयोजन किया गया है। करीब 20 किलामीटर की इस यात्रा में 250 से अधिक महिला और पुरूष कावंरिए रानीचुंआ से जल उठाकर इक्कीसो महादेव के प्राचीन शिवलिंगों में अभिषेक करेंगे।

इस कांवर यात्रा का उद्देश्य लोगों को नदियों और ऐतिहासक धरोहर के प्रति जागरूक करना है। इस यात्रा में कावंरिए पवित्र जल के साथ हाथों में बैनर, पोस्टर और प्ले कार्ड के माध्यम से स्वर्णरेखा को प्रदूषण मुक्त करने की अपील करेंगे।

### यात्रा में सम्मिलत होने का कोई शुल्क नहीं

यह कावंर यात्रा पूर्णतः निःशुल्क है, समिति की ओर से प्रत्येक कावंरिए को स्वर्णरेखा और इक्कीसो महादेव के प्रति जागरूकता संदेश वाले टी शर्ट दी जाएगी। उक्त कांवर यात्रा में सम्मिलत होने के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा।

### चार जगहों में होगा यात्रा का पड़ाव

उक्त कांवर यात्रा के लिए चार स्थानों में विश्रामस्थल बनाए जाएंगे। रानीचुंआ से निकलने के बाद नगड़ी रेलवे क्रॉसिंग के समीप, कटहल मोड़, अरगोड़ा चौक और सिरम टोली में विश्राम स्थल होंगे, जहाँ पीने के पानी, चाय, शौचालय, अल्पाहार और मेडिकल की सुविधा होगी।

कांवर यात्रा के साथ साथ निजी वाहन, बस और एम्बुलेंस की भी व्यवस्था होगी, जो कांवरिए पैदल चलने में असमर्थ होंगे वो वाहनों का उपयोग कर सकेंगे।

### इक्कीसो महादेव: एक परिचय

राँची के चुटिया में स्वर्णरेखा नदी और हरमू नदी का संगम होता है। ऐतिहासिक साक्ष्यों के अनुसार 16 वीं शताब्दी में चुटिया नागवंशी राजाओं की राजधानी हुआ करती थी। तत्कालीन राजाओं ने इसी संगम स्थल पर स्थित चट्टानों में 21 अलग अलग प्रकार के शिवलिंग उत्कीर्ण कराए थे। इतिहासकारों के अनुसार इसी संगम के किनारे दुघरवा में राजाओं का महल हुआ करता था। राजघराने के लोग इसी संगम के शिवलिंगों में पूजन कर अपनी दिनचर्या की शुरूआत करते थे। लोग बताते हैं कि इस स्थान पर कालसर्प दोष के निवारण के लिए विशेष पूजा होती थी, लोग काफी दूर दूर से आते थे।

इसी स्थान पर काफी वर्षों से प्रत्येक कार्तिक पूर्णिमा को मेले का आयोजन होता है, जहाँ लोग स्नान और दान करने के लिए आते हैं।

लेकिन हाल के वर्षों में स्वर्णरेखा और हरमू नदी के प्रदूषण के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार कमी आ रही है। हरमू नदी से होते हुए सैकड़ों टन कचरा इस संगम स्थल में आकर मिलता है और स्वर्णरेखा को भी प्रदूषित करता है। नदी का पानी काला और बदबूदार हो चुका है। नदी के प्रदूषण के कारण इक्कीसो महादेव के पत्थरों का भी लगातार क्षरण हो रहा है। अगर समय रहते इसे नहीं बचाया गया तो यह प्राचीन शिवलिंग विलुप्त हो जाएंगे।

इस यात्रा में सम्मिलत होने के लिए निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

सुधीर शर्मा: 7033559577 विकास जयसवाल: 9304619908बिप्लव विश्वास: 9162181292दीपेश पाठक:

# राम नाम की औषधि से कल्याण

प्रभा पारीक

**गोस्वामी** तुलसीदास जी कहते हैं कि मनुष्य का तन खेत है और मन, वचन, कर्म किसान हैं। जैसे किसान बीज बोता है वैसे ही हम मन, वचन और कर्म से बीज बोते हैं। वे बीज जिन्हें हम बोते हैं वे पाप और पुण्य के दो बीज हैं। इंसान अपने जीवन रूपी खेत में इन दो बीजों को बोता है एक पाप का बीज और दूसरा पुण्य का बीज। पाप का बीज ही आगे चलकर क्लेश का मूल और पुण्य का बीज कष्टप्रद होते हुए भी शांति और संतोष का देने वाला है।

तुलसी यह तन खेत हैं मन, वचन, कर्म किसान।
पाप पुन्य दो बीज हैं बोए सो लेय नादान॥

इसलिये अपनी वाणी से पाप के नहीं पुण्य के बीज बोयें। आप जो भी पाप व पुण्य की खेती कर रहे हैं, है तो बहुत आसान पर जब फसल काटने की बारी आती है तब बहुत कठिनाई होती है। अगर हमने बबूल के बीज बोये हैं तो खेत में कांटे ही उगेंगे, वहां पांव भी रखना चाहोगे तो नहीं रख पाओगे। इसलिये बीज बो लेना आसान है पर जब वह अंकुरित होकर वृक्ष बनकर सामने आता है तो पता चलता है कि वह बीज कितना भयंकर रूप लेकर सामने आया है। उस समय उससे बच पाना, अपने जीवन से उसे निकाल भगाना कठिन हो जाता है। जैसे रस्सी के हल्के रेशों को आप फूंक मार कर उड़ा सकते हो पर रस्सी में बंट जाने के बाद उससे हम हाथी को भी बांधने में कामयाब हो जाते हैं।



श्रीराम ने अपने जीवन में चाहे कितने भी कष्टों का सामना किया लेकिन सरल होते हुए भी गलत रास्ता नहीं अपनाया। माता कैकेयी के दिए वनवास को भी उन्होंने स्वयं के लिए माता-पिता के प्रति कर्तव्य पालन ही समझा। समाज का भला करने की भावना के कारण कार्य-क्षेत्र का विस्तार मान कर वन में भी आगे बढ़ते गये। जहां श्रीराम को लगा कि लोगों को उनके सहयोग की आवश्यकता है, सहर्ष सहयोग के लिऐ दौड़ पड़े। मानव रूप में जन्म लेने के कारण सभी सांसारिक कष्टों का सामना मयार्दा में रहकर सत्य की राह पर चलते हुए किया। तभी तो किसी भी मयार्दा का उल्लंघन न करने के कारण मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाये। यहां तक कि अपने साथ रह रहे लोगों को भी मयार्दा में बंधे रहकर काम करने की शिक्षा दी। इसीलिए श्रीराम आज हमारे सामाजिक व्यवस्था के लिए नैतिकता के दृढ़ स्तंभ हैं। भगवान राम के मार्ग और सिद्धांतों का अनुसरण करने वालों के लिए कोई भी मार्ग कठिन नहीं है। श्रीराम को सदैव साफ मन और छल-कपट विहीन जीवन जीने वाले लोग ही प्रिय रहे हैं। श्रीराम ने कहा, मुझे पाने का अर्थ हैं सांसारिक क्लेशों से मुक्ति और इसके लिए मन की शुद्धता आवश्यक है। रामचरितमानस के सुंदरकांड का दोहा है जिसके अनुसार राम कहते हैं कि ह्यनिर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा।ह्ल उपरोक्त दोहा भगवान श्रीराम ने विभीषण को शरणागति के अवसर पर कही थी।

अयोध्या जैसा देश नहीं है। राजा दशरथ समान पिता नहीं है। कोशल्या समान माता नहीं है, आज श्रीराम जैसा राज्य नहीं है। भरत समान भाई नहीं है पर वही पृथ्वी है तो उस समय भी अधर्म के कारण त्राहिमाम कर उठी थीङ्घ और वही मानव तन है जिस रूप में भगवान राम ने धर्म की स्थापना के लिए मानव रूप में अवतार लिया था। आवश्यकता है भगवान राम के चरित्र को समझने की, जानने की और जीवन में उतारने की। तभी हम राम नामरूपी औषधि से जीवन के सभी क्लेशों से मुक्ति पा सकेंगे।